ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 11:35 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 10 जून 2025

वर्ष 3, अंक 290, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



केरल तट के पास जहाज में आग लगी 14

एसबीआई चेयरमैन ने वित्तमंत्री को सौंपा लाभांश चेक 12

उत्साह



महाराष्ट्र के नागपुर में गांधी गेट पर छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस को चिह्नित करते हुए शिव राज्याभिषेक सोहाला मनाने के लिए जुलूस में भाग लेती महिलाएं। ● एजेंसी

# महाराष्ट्र में लोकल ट्रेन से गिरकर 4 की मौत, 9 घायल

## ठाणे में मुंब्रा स्टेशन के पास दो ट्रेनों के एक-दूसरे को पार करते समय हुआ हादसा

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार की सुबह बेहद व्यस्त समय के दौरान भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास उस समय घटी जब ट्रेन तीखे मोड़ पर एक-दूसरे को पार कर रही थीं।

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि हादसे में मारे गए लोग दो ट्रेनों के पायदान पर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी और दूसरी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई की ओर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि हादसा दो ट्रेन के पायदान से लटके यात्रियों और उनके बैग के एक-दूसरे से टकराने के कारण हुई।



परिजन को खोने पर बिलखती महिला।

पुलिस ने बताया कि ट्रेन से गिरे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में ले जाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रेलवे प्रशासन घटना के कारण की जांच कर रहा है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान केतन सरोज, राहुल गुप्ता, मयूर शाह और ठाणे जीआरपी कांस्टेबल विकी मुखीयाद के रूप में हुई है। वहीं, कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस्तीफा दे देना चाहिए।

### अब मुंबई में लोकल ट्रेनों के दरवाजे होंगे स्वचालित

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए सभी मौजूदा और नई लोकल ट्रेनों के डिब्बों में स्वचालित दरवाजे की सुविधा देने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में घटी भयावह घटना के बाद मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन सभी लोकल ट्रेन में स्वचालित दरवाजों की सुविधा देने का फैसला किया है।

### मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार ठाणे जिले में मुंब्रा के निकट उपनगरीय रेल से जुड़े हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देगी। महाजन ने यह भी कहा कि राज्य सरकार घायलों का सभी चिकित्सा खर्च वहन करेगी तथा उन्हें सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। घायलों को भी वित्तीय सहायता की जाएगी।

## एक नजर

### एसीबी के समक्ष पेश नहीं हुए सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में सोमवार को पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एसीबी ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और लोक निर्माण विभाग के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को पूछताछ के लिए बुलाया था।

### मणिपुर में 55.52 करोड़ के नशीले पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), सीमा शुल्क, 37 बीएन असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में ऑपरेशन व्हाइट वेल विशेष अभियान में लगभग 55.52 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ और नकदी जब्त करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि पांच से सात जून के बीच अभियान चलाया गया था।

### ट्रेनिंग पूरी, नौसेना को मिले 18 पायलट

**अरक्कोणम।** आईएनएस राजाली स्थित हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण स्कूल से एक महिला समेत नौसेना के 18 अधिकारियों ने पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया। इन अधिकारियों ने भारतीय नौसेना के एयर स्क्वाड्रन-561 में प्रशिक्षण स्कूल में अपने 22 सप्ताह लंबे गहन उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के सफल समापन पर एक प्रभावशाली 'पासिंग आउट परेड' में हिस्सा लिया। सब-लेफ्टिनेंट सिद्धि हेमंत दुबे ने प्रशिक्षण के सफल समापन पर भारतीय नौसेना की दूसरी महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनकर इतिहास रच दिया।

### वैष्णो देवी में सुरक्षा को बना एकीकृत कमांड सेंटर

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली वाले 'एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र' का उद्घाटन किया। उपराज्यपाल ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सही समय की निगरानी और भीड़ प्रबंधन को सक्षम करेगी।

# भारत ने बीते 11 वर्षों में विविध क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा : प्रधानमंत्री

## सरकार के तीसरे कार्यकाल का 1 वर्ष पूरा होने पर कहा- सुशासन से आया यह बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। सोमवार को अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा होने के अवसर पर मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है।

एक्स पर पोस्ट में प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए एक लिंक में कहा गया है कि वर्तमान केंद्रीय मंत्रियों में से 60 प्रतिशत एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों से हैं। इस संदेश का उद्देश्य कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर एससी, एसटी और ओबीसी के हितों के खिलाफ काम करने के आरोपों के बीच उनकी सरकार की सामाजिक न्याय संबंधी



साख को उजागर करना है। कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में, हाशिए पर पड़े इन समूहों का यह अब तक का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है।

एक्स पर अपने पोस्ट में मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेज गति से, उचित अनुपात में और संवेदनशीलता के साथ पथ-प्रदर्शक परिवर्तन किए हैं। आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। 'उज्ज्वला' हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या भारतीय जनऔषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है।

### स्वर्णाक्षरों में लिखे जाएंगे मोदी सरकार के कार्य : नड्डा



**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 11 साल के कार्यकाल को 'स्वर्ण अक्षरों' में लिखा जाएगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'गैर-जिम्मेदार' नेता करार दिया। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया और एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार प्रदान करके सुशासन की राजनीति शुरू की, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संप्रग सरकार भ्रष्टाचार, घोटाले और तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त रही। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्र सरकार की विदेश नीति की आलोचनाओं और ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष में भारत के लड़ाकू विमानों के मार गिराए जाने की आशंका जताए जाने के बारे में पूछे जाने पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वह बेबुनियाद सवाल पूछकर गैर-जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं, भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे।

# सोनम ने ही कराई थी भाड़े के हत्यारों से राजा रघुवंशी की हत्या

शिलांग/इंदौर/लखनऊ/झांसी, एजेंसी

मेघालय में हनीमून के दौरान इंदौर के पर्यटक राजा रघुवंशी की हत्या में कथित रूप से उसकी पत्नी शामिल थी, जिसने भाड़े के हत्यारे बुलाए थे। मेघालय की डीजीपी आई नोंगरांग ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि, सोनम के पिता ने अपनी बेटी के बेगुनाह होने का दावा किया है जबकि राजा के भाई ने कहा कि सोनम को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

डीजीपी ने बताया कि राजा की पत्नी सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि रातभर की छापेमारी के बाद तीन अन्य हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीन लोगों में से दो मध्यप्रदेश के इंदौर और एक उत्तर प्रदेश के ललितपुर का निवासी है। पूर्वी खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक विवेक सायम ने बताया कि सोमवार को मध्यप्रदेश के सागर जिले से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। राजा (29) और उनकी पत्नी सोनम 23 मई को सोहरा इलाके के नोंगरियात गांव में एक होमस्टे से निकलने के कुछ घंटे बाद ही लापता हो गए थे। राजा का शव दो जून को गांव से 20 किलोमीटर दूर एक खाई में मिला था। उन्होंने बताया कि एक आरोपी को उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया और दो अन्य को इंदौर से पकड़ा।



- हनीमून के लिए मेघालय गए थे इंदौर के दंपती, पति की मिली थी लाश
- पांच आरोपी गिरफ्तार, सोनम को उप्र के गाजीपुर जिले से दबोचा गया

डीजीपी नोंगरांग ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने खुलासा किया है कि सोनम ने रघुवंशी की हत्या के लिए उन्हें भाड़े पर बुलाया था। गिरफ्तार किया गया पहला व्यक्ति आकाश राजपूत (19) उत्तर प्रदेश के ललितपुर से था। दूसरा विशाल सिंह चौहान (22) और तीसरा राज सिंह कुशवाहा (21) मध्यप्रदेश के इंदौर से था। सोमवार को अपराह्न मध्यप्रदेश के सागर जिले से आनंद कुर्मी (23) को गिरफ्तार किया गया। इस बीच, उत्तर प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा कि इंदौर के गोविंदनगर खारचा की निवासी सोनम रघुवंशी रात में वाराणसी-गाजीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित काशी ढाबा पर मिली।

### सोनम के पिता ने कहा-मेरी बेटी बेगुनाह

वहीं, इंदौर में सोनम के पिता देवी सिंह रघुवंशी ने कहा कि मेरी बेटी बेगुनाह है। हम इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि मेघालय पुलिस मेरी बेटी के बारे में गलत बयान दे रही है। सनमाइका शीट के कारोबारी देवी सिंह ने दावा किया कि उनकी बेटी के खिलाफ मेघालय पुलिस के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उसने सुपारी देकर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या कराई थी।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में बारूदी सुरंग में विस्फोट से एएसपी की गई जान

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक राज्य में पिछले 14 वर्ष में यह पहली बार है जब किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की मौत नक्सली घटना में हुई है।

अधिकारियों के मुताबिक, एएसपी आकाश राव गिरपुंजे और कोंटा के उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) भानुप्रताप चंद्राकर तथा निरीक्षक (थाना प्रभारी कोंटा) सोनल ग्वाला, जिले के कोंटा क्षेत्र में मिट्टी हटाने की एक मशीन को नक्सलियों द्वारा आग लगाने की सूचना पर आज सुबह जवानों के साथ पैदल मौके पर जा रहे थे। इसी दौरान कोंटा-एर्राबोर मार्ग पर डोंड्रा गांव के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम (बारूदी सुरंग) में विस्फोट हुआ, जिससे एएसपी आकाश राव गिरपुंजे, चंद्राकर और ग्वाला घायल हो गए। तीनों को प्रारंभिक उपचार के लिए कोंटा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गिरपुंजे ने दम तोड़ दिया।



हमले में घायल पुलिस अधिकारी।

- नक्सलियों के हमले में डीएसपी और थाना प्रभारी घायल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (कोंटा क्षेत्र) आकाश राव गिरपुंजे की मौत पर दुख व्यक्त किया। बस्तर क्षेत्र के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि विस्फोट की सीधी चपेट में आने से गिरपुंजे को गंभीर चोटें आईं और उनके पैर कट गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# स्वास्थ्य योजनाओं में 9.94 करोड़ का फर्जी भुगतान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में इलाज के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इसका खुलासा विभागीय जांच में हुआ। 1 से 22 मई के बीच 39 अस्पतालों को फर्जी तरीके से 9,94,13,386 रुपये का भुगतान किया गया। यह भुगतान 6239 दावों के संबंध में किया गया है।

जांच में सामने आया कि यह सारे भुगतान इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी और कम्प्रीहेन्सिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के अधिकारियों के लॉगिन से किया गया है। हकीकत सामने आने पर संबंधित योजनाओं के स्टेट नोडल अधिकारी डा. बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



- 22 दिन में 39 अस्पतालों को किया 9.94 करोड़ का भुगतान
- आयुष्मान भारत, पीएम व सीएम जन आरोग्य योजना में गड़बड़ी

डॉ. बृजेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक इन योजनाओं के लाभार्थियों के उपचार के दावे प्रस्तुत करने के बाद भुगतान किए जाने की राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा विकसित एवं प्रबंधित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन व्यवस्था है। जो दावे पोर्टल पर आते हैं, उनकी शुरुआती स्तर पर स्टेट एजेंसी साचीज द्वारा निविदा के माध्यम से चयनित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आईएसए) द्वारा ऑन लाइन संस्तुति पोर्टल पर ही साचीज को भेजा जाता है। इसकी जांच मेडिकल ऑडिटर लॉगिन पर करने के बाद लेखाधिकारी व प्रबंधक वित्त को भेजे जाने की व्यवस्था है। लेखाधिकारी व प्रबंधक वित्त की संस्तुति के बाद साचीज के सीईओ द्वारा अनुमोदन कर संबंधित बैंक के जरिए अस्पताल को ऑनलाइन भुगतान के लिए भेजा जाता है।

### आधी रात को 6239 मामलों में किया भुगतान

दावों की ऑन लाइन प्रोसेसिंग कई स्तरों पर जांची गई तो पता चला कि इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी, लेखाधिकारी, प्रबंधक वित्त साचीज और मुख्य कार्यपालक अधिकारी साचीज की लॉगिन से आधी रात को भुगतान की प्रक्रिया पूरी की गई। नोडल अधिकारी के मुताबिक 1 से 22 मई के बीच 39 अस्पतालों को 9.94 करोड़ रुपये का अनियमित भुगतान किया गया। इन अस्पतालों ने 6239 दावे भुगतान के लिए प्रस्तुत किए थे। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक स्टेट नोडल अधिकारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। साइबर क्राइम सेल की टीम के साथ मिलकर मामले की जांच की जा रही है।

# गर्मी ने किया बेहाल, पारा 45$^{0}$ पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सोमवार को भीषण गर्मी से लोग बेहाल रहे। झुलसा देने वाली धूप ने खूब परेशान किया। लखनऊ में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आगरा और झांसी सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ी गर्मी के कारण बिजली की मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई। 8 जून की रात बिजली की मांग 30,161 मेगावाट रही।

बुंदेलखंड, आगरा मंडल और दिल्ली एनसीआर के जिले प्रचंड गर्मी के साथ लू की भी चपेट में रहे। मौसम विभाग ने 10 जून के लिए प्रदेश के आगरा, झांसी, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा व ललितपुर में भीषण गर्मी के साथ लू चलने का 'आरेंज अलर्ट' जारी किया है। दक्षिणी व पश्चिमी यूपी के लगभग 14 जिलों में रातें सामान्य से ज्यादा गर्म रहने के आसार हैं। पश्चिमी यूपी और एनसीआर के लगभग 25 जिलों के लिए लू का 'यलो अलर्ट' जारी किया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार राजधानी में मौसम शुष्क होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है।



- बिजली की मांग भी 30 हजार मेगावाट के पार पहुंची
- प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहे झांसी और आगरा जिले

### और बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार 10 जून तक मौसम शुष्क बने रहने, गर्म सतही पछुआ हवा चलने और ऊपरी क्षोभमंडल के प्रतिचक्रवात के संयुक्त प्रभाव से तापमान में 2-3 डिग्री की और बढ़ोतरी होने के आसार हैं। ऐसे में 11 जून तक बुंदेलखंड, विंध्य आदि क्षेत्रों में लू चलने की संभावना है। 11 जून के बाद बंगाल की खाड़ी से उठी नमी से पूर्वांचल व अन्य हिस्सों में बूंदाबांदी का दौर शुरू होने की संभावना है।

# 22 हजार करोड़ से गांवों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

## 10.5 हजार करोड़ की केंद्रीय और 11.5 हजार करोड़ की राज्य की योजनाओं से संवारे जाएंगे गांव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार केंद्र और राज्य की योजनाओं से 22 हजार करोड़ रुपये खर्च करके गांवों का कायाकल्प करेगी। इस अभियान में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छता, रोजगार, आवास और जलनिकासी जैसी जरूरी सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना में कोई भी गांव अछूता न रहने का सख्त निर्देश दिया है।

योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास के लिए बड़े अभियान पर काम कर रही है। इसमें 10 हजार 500 करोड़ रुपये की केंद्रीय योजनाएं और लगभग 11 हजार 500 करोड़ रुपये की राज्य योजनाएं शामिल हैं। इनके माध्यम से गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी ग्रामीण क्षेत्र विकास के लिहाज से अछूता न रहने पाए।



- 2 हजार करोड़ से स्वच्छ भारत मिशन को मिलेगी रफ्तार, सीएम का निर्देश कोई भी गांव अछूता न रहे

स्वच्छता सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, जिसके लिए 2 हजार करोड़ रुपये विशेष रूप से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत खर्च किए जाएंगे। इस धनराशि से शौचालय निर्माण, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ग्राम स्वच्छता समितियों का सशक्तिकरण और जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

### 1 हजार करोड़ से अधिक की वित्तीय स्वीकृति

ग्रामीण विकास योजना के तहत अब तक 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके अलावा शुरुआती चरण में लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत भी कर दी गई है। इसमें सड़क निर्माण, जलनिकासी, पंचायत भवनों का निर्माण, सामुदायिक शौचालय और पेयजल आपूर्ति जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।

### ग्रामीणों को मिले हर आवश्यक सुविधा: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक-एक गांव को विकसित किया जाए, जहां ग्रामीणों को हर आवश्यक सुविधा सुलभ हो। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी है।

# आरटीओ में मुखबिर की तलाश, सुरेश बने आरआई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरआई अजीत सिंह के निलंबन का मामला
- किसी जानकार ने ही की थी शिकायत

**अमृत विचार।** फतेहपुर में खड़ी वैन का कानपुर में फिटनेस कर देने के आरोप में सस्पेंड किए गए आरटीओ आफिस के आरआई अजीत सिंह के स्थान पर हाथरस के संतोष कुमार को कानपुर का आरआई नियुक्त किया गया है। आरटीओ आफिस के दलाल अब उस गद्दार मुखबिर की तलाश में जुट गए हैं जिसके कारण अजीत सिंह को निलंबित होना पड़ा।

आरआई अजीत सिंह अपने कार्य में इतने परिपक्व थे कि उनकी गलती निकालना आसान नहीं। लेकिन किसी ने ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से शिकायत कर दिया कि हमीरपुर में वैन सीज है और कानपुर में अजीत सिंह ने उसकी फिटनेस दे दी। अब हाथरस से आरआई संतोष कुमार कानपुर आ गये हैं लेकिन अभी उन्होंने चार्ज नहीं लिया है। अंदरखाने यह बात गरम है कि जिसने भी गद्दारी करके अजीत सिंह की शिकायत की है, उसकी तलाश की जा रही है।

इस संबंध में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आलोक कुमार सिंह का कहना है कि आरआई संतोष कुमार हाथरस से कानपुर भेजे गये हैं। अभी उन्होंने चार्ज नहीं लिया है।

# शादी से मना करने पर शराब पी, मौत

**कानपुर।** प्रेमिका के परिजनों ने शादी से मना किया तो युवक ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। इस दौरान शराब पीने के कारण युवक की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई।

बारादेवी निवासी 32 वर्षीय जनेंद्र गौतम ड्राई क्लीनर का काम करते थे। परिवार में चार भाई और दो बहन हैं। परिजन ने बताया कि वह बीते कई साल से जनेंद्र का उन्नाव की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक सप्ताह पहले परिजन युवती के घर शादी की बातचीत करने पहुंचे। जहां युवती के परिजनों ने शादी करने से इनकार कर दिया। जिसकी जानकारी परिजन ने जनेंद्र को दी। जिसके बाद उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया और खूब शराब पी।

# मेगा लेदर क्लस्टर में 12 साल से पैसा जमा, प्लॉट नहीं मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एमओयू के संबंध में नए उद्यमियों को आ रही समस्याओं पर हुई बैठक
- उद्यमी बोले, सालों से कर रहे हैं इंतजार, नहीं मिल पा रहा है प्लॉट

**अमृत विचार।** शहर में औद्योगिक प्रोजेक्ट लगाए जाने के लिए हुए एमओयू की प्रगति पर समीक्षा बैठक हुई। जिला प्रशासन से सीधे उद्यमियों ने प्रोजेक्ट से संबंधित समस्याएं बताईं। इस दौरान मेगा लेदर क्लस्टर में रुपया लगा चुके उद्यमी ने प्लॉट मांगा। इसके अलावा एमओयू करने वाले अन्य उद्यमियों ने भी इकाइयों के धरातल पर न उतरने की वजह बताई।

उद्यमियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हुई बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी जेपी सिंह ने की। बैठक में उद्यमी मोहम्मद आफरीन ने कहा कि मेगा लेदर क्लस्टर में उनका 12 सालों से रुपया फंसा हुआ है। प्रोजेक्ट के तहत अभी तक जमीन नहीं मिली है। इस पर अधिकारियों की ओर से बताया गया कि मेगा लेदर प्रोजेक्ट को कंपनी के निदेशक से बात कर अपनी जमीन की समस्या का समाधान करे। इसी तरह अगरबत्ती व बकरी पालन उद्योग से जुड़े कारोबारी ने कहा कि उन्हें भूमि पर गांव के निवासी यूनिट नहीं लगाने दे रहे हैं। उद्यमी दिनेश गुप्ता ने बिजली लोड बढ़ाए जाने की समस्या उठाई। शीट मेटल फेब्रिकेशन की ओर से ग्राम समाज की जमीन का पट्टा मांगा गया। इस पर अधिकारियों को सर्वे करने का आदेश दिया गया। डॉल्फिन डेवलपर की ओर से हाउसिंग प्रोजेक्ट के लिए केडीए की ओर से एनओसी न दिए जाने की समस्या बताई गई। इस पर केडीए के अधिकारियों ने कहा कि एनजीटी के नियम के तहत एनओसी नहीं दी जा सकती है।



उद्यमियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार


# चकेरी क्रॉसिंग पर फोरलेन पुल की डीपीआर बनाएगा रेलवे

## अब रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत किया जाएगा ओवरब्रिज का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी रेलवे क्रासिंग पर फोरलेन ओवरब्रिज के निर्माण के लिए चार माह में डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट और डिजाइन तैयार होगी। यह कार्य रेलवे का सेतु अभियंत्रण इकाई करेगी। अभी तक रेलवे ने यहां दो लेन पुल की डिजाइन तैयार की थी, लेकिन सांसद देवेंद्र सिंह भोले की पहल पर लोक निर्माण विभाग ने यहां चार लेन पुल के लिए रेलवे को प्रस्ताव भेजा जो मंजूर हो गया है। इस पुल का निर्माण रेलवे करेगा। पहले सेतु निर्माण निगम को जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन रेलवे बोर्ड ने तय किया कि रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत इसे बनाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग चकेरी से छतमरा तक फोर लेन मार्ग बनाएगा। यह मार्ग ग्रीन फील्ड होगा।

चकेरी-प्रयागराज हाईवे से छतमरा होते हुए पाली, सजारी तक जाने वाला मार्ग छतमरा तक अभी टू लेन है, आगे सड़क काफी संकरी है। औद्योगिक क्षेत्र के पास से इसे पाली, सजारी तक टू लेन किया गया है। लेकिन इस मार्ग पर तेजी से सोसाइटी क्षेत्र बस रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र चकेरी के विस्तार से इस मार्ग पर औद्योगिक इकाईयां स्थापित हो सकती हैं, लेकिन आवागमन सुविधा सही न होने से उद्यमी कतरा रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र में आवासीय प्लाट लेने वाले भी मकान नहीं बना रहे हैं। क्योंकि क्रॉसिंग पर लगने वाला जाम परेशानी का सबब है। क्रॉसिंग पर फोरलेन ओवरब्रिज की जिम्मेदारी रेलवे को दी गई है। रेलवे की टीम ने मौका मुआयना कर लिया है। जल्द ही डिजाइन के साथ ही डीपीआर तैयार होगी।



**02** किलोमीटर लंबी फोर लेन सड़क बनेगी

**04** माह में डिजाइन और डीपीआर तैयार होगी

**28.50** मीटर चौड़ा किया जाएगा चकेरी-पाली मार्ग

**100** करोड़ रुपये खर्च होंगे फोरलने के लिए भूमि अधिग्रहण करने पर

**ऐसी होगी रोड :** फोरलेन मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण पर लोक निर्माण विभाग करीब 100 करोड़ रुपये खर्च करेगा। सड़क निर्माण पर 18 करोड़ खर्च होंगे। सड़क दो किलोमीटर लंबी होगी। चकेरी-पाली मार्ग अभी आठ से 10 मीटर चौड़ा है। ग्रीन फील्ड फोरलेन के लिए इसे 28 .50 मीटर चौड़ा किया जाना है।

### केडीए कर रहा योजनाएं लाने की तैयारी

- केडीए छतमरा के पास कई आवासीय योजनाएं लांच करने की तैयारी कर रहा है। बिल्डर भी बड़े पैमाने पर प्लाटिंग कर रहे हैं। इस मार्ग के बन जाने से कांशी राम आवासीय योजना के तहत सजारी में बने फ्लैटों तक आना जाना भी आसान होगा। अभी दिल्ली- हावड़ा रेल रूट पर होने की वजह से हर दिन दो सौ से अधिक बार यह क्रासिंग बंद होती है। इस वजह से जाम तो लगता ही है उद्यमियों को अपना माल लाने और ले जाने में भी काफी दिक्कत आती है।

"क्रासिंग पर फोर लेन पुल का निर्माण बहुत ही जरूरी है। इस संबंध में मैं लगातार सरकार में पैरवी कर रहा हूं। जल्द ही इसकी डीपीआर बन जाएगी। रेलवे के बजट में भी प्रोजेक्ट मंजूर हो चुका है।

–देवेंद्र सिंह भोले, सांसद



# सीआईएस सर्वे की समस्या मुख्यमंत्री तक पहुंचेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने प्रक्रिया शुरू की
- हाल ही में उद्यमियों ने श्रमायुक्त को बताई थीं अपनी समस्याएं

**अमृत विचार।** मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से सीआईएस सर्वे की समस्याएं मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएंगी। इसके लिए पदाधिकारियों ने तैयारी तेज कर दी हैं। उद्यमियों ने मुलाकता के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। उद्यमियों का कहना है कि इस सर्वे की वजह से उन लोगों को तमाम मुश्किलें सामने आ रही है। जिससे कारोबार करनाा मुश्किल हो रहा है।

सर्वे की समस्याओं को मर्चेंट्स चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की इंडस्ट्री समिति की ओर से लगातार उठाया जा रहा है। उद्यमियों का कहना है कि उद्योगों को सीआईएस (अनुपालन एवं निरीक्षण दल) की ओर से मनमानी जांच के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। बगैर किसी पूर्व सूचना के सर्वे के नाम पर अधिकारी युनिट में प्रवेश करते हैं। 5-6 अधिकारियों की टीम 35 पन्नों की अनुपालन जांच सूची (चेकलिस्ट) सौंप दी जाती है। यह सूची इतनी विस्तृत और जटिल होती है कि उद्योगों के लिए इसे पूरा करना बेहद कठिन हो जाता है। निरीक्षण दल उद्यमियों का सहयोग भी नहीं करते हैं।

सर्वे के बाद एक महीने के भीतर अभियोजन की कार्यवाही शुरू हो जाती है। सर्वे पर मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के इंडस्ट्री कमेटी के चेयरमैन सुशील शर्मा ने बताया कि यह स्थिति न केवल नए उद्योगों की स्थापना में बाधा बन रही है, बल्कि पहले से चल रहे उद्योगों को भी बंद होने की कगार पर ला रही है। इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने के लिए समय भी मांगा जा रहा है।

### श्रमायुक्त को दिया सुझाव

- मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से हाल ही में इस विषय को लेकर श्रमायुक्त से भी उद्यमियों ने मुलाकात की थी। इस मुलाकात में उन लोगों ने श्रमायुक्त को सर्वे से संबंधित कई प्रक्रिया को सरल किए जाने का सुझाव दिया था। इन सुझाव में उद्यमियों को सर्वे के पूर्व सूचना दिया जाना भी शामिल था। तय यह भी हुआ था कि श्रमविभाग के अधिकारी उद्यमियों के साथ बैठकर जटिल नियमों व सर्वे प्रक्रिया को उद्यमियों को सामने बैठक विस्तार से समझाएं।

## सार-संक्षेप



बाल भवन में यूडीआई कार्ड देते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह।

### डीएम ने 58 दिव्यांगजन के यूडीआईडी कार्ड जारी कराए

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन बाल भवन में किया गया। जिसमें 70 दिव्यांगजन के यूडीआईडी कार्ड/दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आवेदन कराकर दिव्यांग बोर्ड के डॉक्टर द्वारा शारीरिक परीक्षण किया गया और उसके बाद 58 दिव्यांगजन के प्रमाणपत्र वितरित किये गये। सोमवार को जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जिसमें चिकित्सा विभाग, पूर्ति विभाग, राजस्व विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित थे। कैम्प में 58 दिव्यांगजन के यूडीआईडी कार्ड/दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ ही 15 दिव्यांगजन के आय प्रमाण पत्र आवेदन कराकर वितरित किये गये। उक्त कैंप में 02 दिव्यांगजन के दिव्यांग पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कराया गया जबकि 11 दिव्यांगजनों के सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत चिन्हांकन किया गया।




सर्वोदय नगर में सिविल डिफेंस ने शर्बत बांटा। अमृत विचार

### सिविल डिफेंस ने शर्बत वितरण किया

**कानपुर।** सिविल डिफेंस प्रखंड सर्वोदय नगर पोस्ट-7 की ओर से डॉ. झा पुलिया चौराहा पर भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत के लिए शर्बत वितरण किया गया। गर्मी में ठंडा शर्बत पीकर राहगीरों ने धन्यवाद दिया। पोस्ट वार्डन हंसराज यादव, उप सहायक विष्णु कुमार शर्मा, अब्दुल सलाम जाफरी, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, विकास कुमार, धर्मेंद्र सिंह चंदेल, हरिओम सिंह, सलाउद्दीन अंसारी, अरुण त्रिपाठी, स्वतंत्र सिंह, मधुबाला सिंह आदि मौजूद थे।

# खाली प्लाट में मिला शव

**कानपुर।** गुजैनी थाना क्षेत्र में घर से 200 मीटर दूर खाली प्लाट में व्यक्ति का शव मिला। फोरेंसिक टीम को जांच में व्यक्ति के शरीर पर जले और खरोंच के निशान मिले।

जरौली गांव निवासी 46 वर्षीय कमलेश गौतम तात्या टोपे नगर में फोल्डिंग बनाने वाले कारखाने में काम करता था। बेटे अभिषेक ने बताया कि रविवार दोपहर पिता के शराब पीकर आने पर मां से उनका झगड़ा हुआ। इसके बाद मां बहन को लेकर नानी के यहां चली गई। सोमवार सुबह पिता काम पर जाने की बात कहकर निकल गए। शाम को घर से 200 मीटर दूर एक खाली प्लाट में उनका शव मिला।

# हाउस टैक्स जमा फिर भी ब्याज लगाकर भेजा जा रहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर गंदगी से बेहाल है, हाउस टैक्स जमा करने के बाद भी ब्याज सहित हाउस टैक्स दुबारा भेजा जा रहा है, नगर निगम अतिक्रमण हटाने में भेदभाव कर रहा है। ये सभी आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने नगर निगम में प्रदर्शन किया और समस्याओं का निराकरण कराने के लिए ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को कानपुर महानगर कांग्रेस के तत्वावधान में अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने नगर निगम में प्रदर्शन किया और महापौर प्रमिला पांडेय को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि हजारों लोग भीषण गर्मी में गंदगी से बेहाल हैं। हाउस टैक्स जमा करने के बाद भी ब्याज सहित बिल आ रहा है जिसकी जांच कराकर तुरंत ऐसे हाउस टैक्स बिल वापस लिये जायें। किसी समिति की सिफारिश पर पिछले 2 साल का बढ़ा हुआ हाउस टैक्स जोड़ कर भेजा जा रहा है। कई बार कहा गया कि हाउस टैक्स की रसीद देखकर उसका सत्यापन करके बकाया हटाया जाएगा लेकिन सब हवा हवाई बातें निकलीं। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम के कई अफसरों पर गबन की शिकायतें आ रही हैं लेकिन उनकी जांच कराने के बजाय उल्टा जनता को ही परेशान किया जा रहा है। मांग की गई कि घंटाघर में नेहरू जी की मूर्ति के आसपास अतिक्रमण हटाया जाए। महापौर ने कहा कि अतिक्रमण हटाने में किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं हो रहा। कहीं गड़बड़ी हुई है तो लिखित शिकायत करें, तुरंत कार्रवाई होगी। पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा, नरेश चंद त्रिपाठी, प्रतिभा अटल पाल, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, अमनदीप सिंह गंभीर, शंकर दत्त मिश्रा, बृजेश शर्मा, पदम् मिश्रा, राकेश साहू, संतोष त्रिपाठी, आर के जगत, संजय दीक्षित, अजय प्रकाश तिवारी, मोहित दीक्षित, सीता अग्निहोत्री, राम शंकर राय, मोहम्मद लईक आदि थे।



नगर निगम में महापौर को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटि बस मेरा नाम लक्ष्मीकांत मिश्रा दर्ज हो गया है जबकि मेरे अन्य दस्तावेज में मेरा सही व वास्तविक नाम ललित मोहन यादव है यह उपरोक्त दोनों नाम मेरे हैं **ललित मोहन यादव पुत्र अशर्फी लाल यादव निवासी ग्राम चांदीपुर, मखुवापुर, कमलापुर सिधौली उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**
मैं **मोईन उल्ला पुत्र आविद उल्ला खान निवासी ग्राम इटरौर परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी,** मै अपने पुत्र जावेद अहमद को गलत संगत मे पड़ने के कारण उनसे संबंध विच्छेद करता हूँ, और मै अपनी सभी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ, भविष्य मे अपने किसी भी कृत्य मे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं NASIBULLAH S/O AMANULLAAH KHAN निवासी लालगंज सीतारामपुर ग्रांट गोंडा का रहने वाला हूं अब मैं अपना नाम बदलकर NASIBULLAH AMANULLAH KHAN रख लिया है अब मुझे भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**
मैनें अपने पुत्र देवेंद्र कुमार व पुत्रवधू सरिता कुमारी के गलत अचारण के चलते संबंध विच्छेद कर उन्हें चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये कार्यो से मुझे व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है। **कमलेश कुमार पुत्र रणवीर सिंह निवासी – भरतपुर, कखावतू, औरैया**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रश्मी रायतानी पुत्री गोवर्धन दास रायतानी जिला – गोण्डा का विवाह उपरांत श्रीमती रश्मी साधवानी पत्नी पंकज कुमार साधवानी पुत्री गोवर्धन दास साधवानी नाम हो गया है दोनों उक्त नाम एक ही महिला का है यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो उक्त के संबंध में मेरी शाखा पंजाब नेशनल बैंक शाखा केशवपुर पहाड़वा जिला गोण्डा पर एक सप्ताह में संपर्क करें। **द्वारा शाखा प्रबंधक , पंजाब नेशनल बैंक, शाखा केशवपुर पहाड़वा, जिला गोण्डा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **रजनी देवी शुक्ला पत्नी स्व0 चन्द्रकेतु शुक्ला नि0 एल0पी0 2561 महर्षि नगर लखपेडाबाग तह0 नवाबगंज जिला बाराबंकी** दिनांक 17–11–2020 को तहसील नवाबगंज में अपने प्लाट सं0 289 की खतौनी लेने गयी थी और अपने साथ प्लाट के रजिस्ट्री के पेपर अपने बैग में रखकर ले गयी थी। जो गिरकर वास्तव में खो गये है।

**सूचना**
सूचित करना है कि मै शिव कुमार सिंह पुत्र स्व. गुरू प्रसाद सिंह निवासी 592/3बी /127,गोपाल नगर, तेलीबाग लखनऊ हूँ। मेरा वास्तविक नाम शिव कुमार सिंह है। जन्म तिथि 28/8/ 1954 है। जो पैन एवं आधार कार्ड पर अंकित है। यही वास्तविक नाम है। जबकि शैक्षाणिक अभिलेखों एवं पासपोर्ट सं0 एम 9294219 में शिव कुमार अंकित हो गया है। **शिव कुमार सिंह–592 /3बी /127, गोपाल नगर, तेलीबाग लखनऊ**

**विकास की रार** — नगर निगम ने स्थाई व अस्थाई सम्पत्तियां देने के बदले मांगा पैसा

# मेट्रो को 17 .71 करोड़ का बिल, जमीनों के बदले मांगा पैसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो को नगर निगम की जमीन का उपयोग करने के बदले पैसा देना होगा। नगर निगम ने अस्थाई और स्थाई रूप से जमीनों का इस्तेमाल करने पर मेट्रो को 17.71 करोड़ रुपये का नोटिस दिया है। इसके साथ ही अस्थाई जमीनों पर जहां काम खत्म हो गया है उसे खाली करने के लिये भी कहा है। महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि मेट्रो के एमडी सुशील कुमार के साथ जल्द इस संबंध में बैठक भी होगी। मेट्रो प्रशासन को लखनऊ की तर्ज पर ही कानपुर में भी पैसा देना होगा। इसके लिये दोनों ही विभागों ने सर्वे कर जमीनों का आकलन कर लिया है।

शहर में नगर निगम के फुटपाथ, ग्रीन बेल्ट और पार्कों का उपयोग मेट्रो ने निर्माण कार्यों के लिये किया है। कई स्थानों को मेट्रो अस्थाई तौर पर तो कई जमीनों पर स्थाई रूप से निर्माण किया गया है। अब अपनी जमीन के बदले नगर निगम ने मेट्रो से पैसा मांगा है। पूर्व में नगर निगम और मेट्रो के अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण में जमीनों का मूल्यांकन किया था। इसके लिये मेट्रो रेल कारपोरेशन लि. को भुगतान के लिये पत्र भेजा गया है।



ब्रजेंद्र स्वरूप पार्क में नगर निगम की जमीन मेट्रो उपयोग कर रहा है।

- महापौर ने कहा कि यूपीएमआरसी एमडी के साथ होगी बैठक

### 14.09 करोड़ रुपये की भूमि पर स्थाई उपयोग

मेट्रो विभाग तुलसी उपवन, चुन्नीगंज स्थित केटीएल के पास, नवीन मार्केट स्थित शिक्षक पार्क, नवीन मार्केट में कल्याण जी शॉप के पास, बड़ा चौराहा के पास, नयागंज मालरोड पर फुटपाथ पर एंट्री एग्जिट भूमि और ब्रजेंद्र स्वरूप पार्क में 22 स्थाई पिलर की भूमि का उपयोग स्थाई रूप से कर रहा है। जिसका मूल्यांकन कर 14 .9 करोड़ रुपये मांगे हैं। इस तरह कुल कुल 17 .71 करोड़ रुपये मांगा है।

**अस्थाई भूमि का मूल्यांकन** : 3,61,67,503 रु.
**स्थाई भूमि का मूल्यांकन** : 14,09,73000 रु.

### सर्किल रेट के हिसाब से दिया बिल

नगर निगम ने मेट्रो को अस्थाई रूप से जमीनों का इस्तमाल करने पर सर्किल रेट के हिसाब से बिल दिया है। मेट्रो अभी तुलसी उपवन के पास, ब्रजेंद्र स्वरूप पार्क, पालिका स्टेडियम में नगर निगम की जमीनों का अस्थाई रूप से इस्तमाल कर रहा है। यहां कैंप ऑफिस के साथ ही मेट्रो सामान को रखता है। अस्थाई भूमि का मूल्यांकन करने के बाद नगर निगम ने 3,61,67,503 रुपये का बिल बनाया है।

"यूपीएमआरसी के एमडी के साथ बैठक जल्द करेंगे। अस्थाई रूप से जहां कार्य पूरा हो गया है उसे खाली करने को भी कहेंगे। यह नगर निगम की जमीन है।

– प्रमिला पांडेय, महापौर

# बहन से झगड़े के बाद युवक ने फांसी लगाई


**कानपुर।** जूही परमपुरवा कच्ची बस्ती निवासी 30 वर्षीय मोनू उर्फ बउआ मजदूर था। परिजनों ने बताया कि मोनू शराब का लती था। रविवार रात को शराब पीकर घर आया था। जिस बात पर बहन सुनैना से उसका विवाद हो गया। जिसके बाद वह पहली मंजिल में स्थित अपने कमरे में सोने चला गया। सोमवार सुबह जब वह रोज की तरह सोकर नहीं उठा तो बहन उठाने गई। इस दौरान कमरे में साड़ी के सहारे लटकता हुआ मिला। परिजन उसे नीचे उतार कर हैलट अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक शराब की लती था। बहन से विवाद के बाद उसने आत्महत्या की है।




### आज का मौसम

आगामी दिनों में धूप और गर्मी बढ़ेगी, फिलहाल पांच दिन तक बूंदाबांदी के आसार नहीं हैं

| | |
|---|---|
| 44.0° अधिकतम तापमान | 33.0° न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:01 |




# देव नगर में 30 घंटे बिजली गुल, गर्मी में हाहाकार

## दूध फटा, खराब हो गया खाना, खरीद कर पीना पड़ा पानी, सीएम पोर्टल पर शिकायत करने पर आए कर्मचारी, कहा शिकायत वापस लो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गर्मी बढ़ते ही बिजली व्यवस्था फिर बेपटरी हो गई है। कहीं पर बिजली पांच से छह घंटे गुल रह रही है तो कुछ जगहों पर सात से आठ घंटे नहीं आ रही है। देव नगर में तो बिजली ने हद ही पार कर दी, यहां पर बिजली 30 घंटे तक गुल रही। जिसकी वजह से 40 से 42 डिग्री के तापमान में हजारों लोग बिना बिजली के बिलबिला गए। फ्रिज में रखा दूध फट गया, खाना खराब हो गया और लोग पानी को तरस गए। आलम ये रहा कि लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ा। लोगों ने सोशल मीडिया पर जमकर गुस्सा निकाला और सीएम पोर्टल तक में शिकायत की।

केस्को ने दिसंबर 2024 में हाईटेक सिस्टम लागू किया था, तब केस्को के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा दावे किए जा रहे थे कि 2025 की मई व जून माह में शहरवासियों को बिजली संकट से नहीं गुजरना पड़ेगा। वहीं, बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए केस्को द्वारा 10 करोड़ से अधिक रुपये के कार्य भी किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद बिजली संकट विकराल है। जरीबचौकी सबस्टेशन के अंतर्गत आने वाले देव नगर, आचार्य नगर, रायपुरवा व लक्ष्मीपुरवा में बिजली रविवार सुबह करीब 10 बजे गुल हुई थी, जो सोमवार शाम को छह बजे तक आई। कुछ देर बिजली रहने के बाद रात को करीब साढ़े आठ बजे फिर से एक फेस चला गया। 30 घंटे से अधिक समय तक बिजली नहीं आने की वजह से लोगों के इंनवर्टर धड़ाम हो गए। कई घरों में फ्रिज में रखा दूध फट गया और खाना खराब हो गया। बच्चे, बुजुर्ग, महिला, पुरुष व युवा सभी बिलबिला गए। इसके अलावा शास्त्री नगर, प्रेम नगर, कल्यानपुर, जूही लाल कॉलोनी, साकेत नगर, किदवई नगर समेत एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों में बिजली का काफी संकट रहा।



रायपुरवा में फाल्ट ठीक करते कर्मचारी। अमृत विचार

### ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि नहीं होने से दिक्कत

देवनगर, आचार्य नगर, रायपुरवा व लक्ष्मीपुरवा में रहने वाले लोगों का कहना है कि केस्को कर्मियों ने हाल में ही कुछ नए बिजली के खंभे लगाए हैं। साथ ही कुछ नए कनेक्शन भी जारी किए हैं। इसके अलावा जिन घरों में पहले एक कूलर थे, वहां पर दो से तीन कूलर हो गए और कुछ लोगों ने गर्मी से बचाव के लिए एसी भी लगा लिए हैं। जिसका लोड क्षेत्र के ट्रांसफार्मरों व बिजली सप्लाई में जरूरी उपकरणों पर पड़ता है। केस्को अधिकारियों ने गर्मी आने से पहले संबंधित क्षेत्र के ट्रांसफार्मर में लोड की वृद्धि नहीं की, जिसकी वजह से बिजली संकट बेकाबू है।

### ---------- बोले लोग ----------


रविवार सुबह की गई बिजली पूरी दोपहर और पूरी रात नहीं रही। सोमवार को भी बिजली पूर्ण रूप से नहीं आ सकी, जिसकी वजह से आम लोगों के साथ ही बीमार लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। **-डॉ .विजय शंकर त्रिपाठी**


घंटों तक बिजली गुल रहने की जानकारी तक केस्को कर्मियों को नहीं हो सकी थी, जब क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की, तब कर्मी गाड़ी लेकर आए और पहले शिकायत वापस लेने को कहा, तब मरम्मत कार्य शुरू किया। **-अमन सिंह**


क्षेत्र में 30 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रहने की वजह से जब सब्र का बांध टूट गया तो केस्को कर्मियों की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर करनी पड़ी। जिसके बाद केस्को कर्मी आए और उन्होंने शिकायत वापस लेने को कहा। **-राजीव त्रिपाठी**


बिजली नहीं आने पर क्षेत्र के लोगों ने केस्को के टोल फ्री नंबर 18001801912 पर कॉल की, लेकिन सही जानकारी नहीं मिलने पर लोगों ने अपना गुस्सा जाहिर किया। गर्मी की वजह से लोगों में चिड़चिड़ापन बढ़ गया है। **-शिवा**


रविवार को बिजली गई और सोमवार को भी ठीक से नहीं आई, लोगों को पानी दूसरे क्षेत्रों से खरीदकर पीना पड़ा। फ्रिज में रखा खाना गर्मी की वजह से खराब हो गया। **-पंकज बाजपेई**


दिनभर बिजली नहीं रहने की वजह से व्यापार में नुकसान सहना पड़ रहा है। क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत करना बिना बिजली के नामुमकिन है। **-शुभम गौतम**

## बजरिया नाला रोड पर 3 अवैध निर्माण सील

**कानपुर।** बजरिया नाला रोड पर हो रहे अवैध निर्माणों पर केडीए ने सोमवार को कार्रवाई की। यहां 3 अवैध निर्माण को केडीए ने सील कर दिया। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश पर थाना बजरिया के अन्तर्गत विशेष कार्याधिकारी (प्रवर्तन जोन-1) सत शुक्ला के नेतृत्व में अवैध निर्माण के विरूद्ध कार्रवाई की गई। सत शुक्ला ने बताया कि परिसर सं. 99/233 बजरिया नाला रोड में मो. फीरोज बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध रूप से निर्माण कार्य करा रहे थे। निर्माणाधीन भवन केडीए द्वारा सील किया गया। इसी तरह भवन संख्या 99/170 पार्ट बजरिया नाला रोड में मो. इकबाल और भवन संख्या 99/171 में मो. ताहिर मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध निर्माण करा रहे थे। कुल तीन निर्माणों को सील किया गया।

### पनकी पड़ाव रेलवे क्रासिंग आज से बंद

**कानपुर।** पनकी पड़ाव क्रासिंग नंबर 82 के पास रेलपथ मरम्मत कार्य होना है। जिसके चलते गेट नंबर 82 सी 10 जून को प्रातः 8 बजे से 18 जून को शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। वरिष्ठ खंड अभियंता के मुताबिक वैकल्पिक यातायात की व्यवस्था कालपी रोड फ्लाईओवर ब्रिज से रहेगी।

## एक नजर

### छपरा-मथुरा एक्सप्रेस का मार्ग बदला

**कानपुर।** गोंडा-बाराबंकी खंड में कर्नलगंज-सरयू-जरवलरोड-घाघराघाट स्टेशनों के बीच नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण छपरा-मथुरा एक्सप्रेस का मार्ग बदला गया है। गाड़ी संख्या 15109 छपरा-मथुरा एक्सप्रेस 25,27,30 जून एवं 2 व 4 जुलाई को छपरा-भटनी-मऊ-वाराणसी-वाराणसी-प्रयागराज-कानपुर सेंट्रल होते चलेगी। पहले इस गाड़ी का रूट छपरा-भटनी, गोरखपुर, गोंडा, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल था।

### चिड़ियाघर नहीं खुलेगा

**कानपुर।** कानपुर प्राणि उद्यान की निदेशक श्रद्धा यादव ने बताया कि प्राणि उद्यान को 9 जून तक के लिए दर्शकों के लिए बंद किया गया था लेकिन वन्य जीवों के सैंपल, परीक्षण रिपोर्ट नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनीमल डिसीजज, आनंद नगर, भोपाल एवं आईवीआरआई बरेली से आना है जिसके चलते अग्रिम आदेशों तक चिड़ियाघर बंद रहेगा।

### अयोध्या-आनंद विहार वंदेभारत को खुर्जा में ठहराव

**कानपुर।** यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी को देखते हुए गाड़ी संख्या 22425/22426 अयोध्या कैंट-आनंद विहार टर्मिनल -अयोध्या कैंट वन्दे भारत एक्सप्रेस को खुर्जा स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर 12 जून से ठहराव दिया गया है। उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि गाड़ी संख्या 22425 अयोध्या कैंट-आनंद विहार टर्मिनल वन्दे भारत एक्सप्रेस रात 10 .03 बजे खुर्जा पहुंचेगी और 2 मिनट बाद आनंद विहार टर्मिनल के लिए रवाना हो जाएगी।

# सील आईसीयू खोलकर मरीज किया भर्ती, मौत पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर के चंद्रा अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वा,रा सील आईसीयू को खोलकर डॉक्टर ने रविवार को एक मरीज को भर्ती किया, जिसकी सोमवार को मौत हो गई। परिजनों ने गलत इलाज की वजह से मरीज की मौत का आरोप लगाकर हंगामा किया। नोडल अधिकारी डॉ.रमित रस्तोगी ने आईसीयू को दोबारा सील किया। पुलिस ने डॉक्टर व संचालक को हिरासत में लिया।

ककवन के रामदास के बेटे अमन (24) के पेट में दर्द होने पर परिजन रविवार को बिल्हौर स्थित एक अस्पताल ले गए थे, यहां से मरीज को कल्याणपुर के चंद्रा हॉस्पिटल लाया गया। आरोप है कि अमन के लिवर में सूजन बताकर अस्पताल स्टाफ ने सील आईसीयू खोलकर उसे वहां पर भर्ती किया और लंबा चौड़ा बिल बनाया। सोमवार को दवा लगाने के बाद अमन की हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर व अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अस्पताल के संचालक व डॉक्टर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। सोमवार शाम नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी डॉ.रमित रस्तोगी मौके पर पहुंचे और अस्पताल की जांच की। उनको सील आईसीयू खुला मिला, इसपर उन्होंने आईसीयू को दोबारा सील किया और 24 घंटे के अंदर यहां पर भर्ती मरीजों को अन्य अस्पताल शिफ्ट करने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी के मुताबिक चंद्रा हॉस्पिटल मंगलवार को सील किया जाएगा। सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी के मुताबिक सील आईसीयू को खोलने और मरीज की मौत के मामले पर जांच होगी।


चंद्रा हॉस्पिटल में मरीज की मौत के बाद पहुंचे नोडल अधिकारी डॉ .रमित रस्तोगी।

- **नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी ने दोबारा सील किया आईसीयू, लगेगा अस्पताल में ताला**




**संघ का शिविर** | मोहन भागवत ने दो दिन में 10 से अधिक बैठकें कीं, देर रात पटना के लिए रवाना

# ऐसे काम करें जो समाज के लिए प्रेरणा बनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सरसंघचालक मोहन भागवत ने सोमवार को प्रवास के आखिरी दिन सुबह शाखा में विकास वर्ग में शिक्षार्थियों से बातचीत की। इस दौरान उनके व्यक्तिगत जीवन पर चर्चा की। शिक्षा वर्ग में शामिल विद्यार्थियों से पूछा कि कितनी देर अध्ययन करते हैं? यदि व्यवसायी हैं, तो व्यवसाय की कार्यावधि कितनी रहती है? संघ का कार्यकर्ता जिस भी कार्य को करता है, वो एक साधक के रूप में करता है। जिस व्यवसाय को करें उस क्षेत्र का आदर्श व्यवसायी कहलाएं। विद्यार्थी आदर्श विद्यार्थी हो, दूसरों के लिए प्रेरणा का केंद्र हो। भागवत ने कहा जो भी करें, ऐसा करें कि समाज के लिए प्रेरणा बन जाए।

मोहन भागवत ने दो दिन में 10 से अधिक बैठकें की। शाखा और खेलकूद में भी शामिल हुए। सरसंघचालक ने कहा कि देश की सुरक्षा, देश के विकास में सेना और सरकार के साथ-साथ है। वहां के समाज की भी बड़ी भूमिका होती है। हम जहां जिस स्थिति में हैं वहां से देश हित के लिए क्या कर सकते हैं यह विचार करना चाहिए। स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का संकल्प दिलाया। कहाकि हमारे देश का पैसा हमारे देश में रहे। दैनिक जीवन में राष्ट्रभक्ति का भाव ही हमें और हमारे देश को आगे ले जाएगा तभी देश की सर्वांगीण उन्नति सम्भव होगी। भागवत ने साफ संदेश दिया कि जातियों में नहीं अब सम्पूर्ण हिंदू समाज को एकजुट करना होगा। दो दिन कानपुर दौरे पर पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद सोमवार रात सेंट्रल स्टेशन से पटना के लिए रवाना हो गए।


शिविर में स्वयंसेवकों ने अभ्यास किया। अमृत विचार


मोहन भागवत।

- **संघ प्रमुख मोहन भागवत ने विकास वर्ग में शिक्षार्थियों से की बात**

### जल योद्धा समापन कार्यक्रम में आएंगे

पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय आजाद नगर में चल रहे कार्यकर्ता विकास वर्ग थम (सामान्य) के समापन समारोह में जल योद्धा के नाम से प्रसिद्ध पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय शामिल होंगे। इस दौरान समाज के अन्य लोग भी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होगा।

# 180 नालों की सफाई का दावा हवा-हवाई

- 266 बड़े नालों की ठेकेदार व विभागीय मशीनों से की जा रही है सफाई
- बरसात से पहले गंदगी का अंबार, 86 नालों में अभी चल रहा सफाई कार्य
- नालों और छोटी नालियों में बजबजा रही गंदगी, स्थानीय लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**1433** छोटे-बड़े नालों को साफ करना है

**266** बड़े नालों की ठेकेदारी व विभागीय मशीनों से की जा रही सफाई

**1209** छोटे नालों की सफाई में दो करोड़ रुपये खर्च


**80** हजार से अधिक मानव बल कर रहा है नालों की सफाई

**अमृत विचार।** मानसून आने में सिर्फ 10 दिन बाकी हैं, लेकिन शहर के प्रमुख नालों के साथ ही गली-मोहल्ले की नाले-नालियां बजबजा रही हैं। नगर निगम के अभियंत्रण विभाग का दावा है कि 180 बड़े नालों की सफाई हो गई है, लेकिन हकीकत यह है कि शहर के प्रमुख नाला सीसामऊ और सीओडी में गंदगी बजबजा रही है। हर साल की तरह इस बार भी शहर को जलभराव से राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

नाला सफाई सुस्त चाल की वजह से शहर में बरसात के दौरान जलभराव होना तय माना जा रहा है। बड़े तो बड़े छोटे नालों में भी सफाई नहीं हो सकी है। इससे गंदगी बजबजा रही है। सबसे बुरा हाल दक्षिण क्षेत्र के नालों-नालियों का है। जूही, बर्रा में नालों में गंदगी से लोग परेशान हैं।

शहर में अभियंत्रण खंड के 236 नालों की सफाई ठेकेदारी प्रथा से होती है। वहीं, 30 अन्य नालों को अभियंत्रण खंड विभागीय मशीनरी और उपकरणों से साफ करता है। इस बार 8.14 करोड़ रुपये से नालों को साफ किया जा रहा है। अभियंत्रण विभाग का दावा है कि सोमवार तक 236 नालों में 172 और विभागीय मशीनों से साफ हो रहे 30 बड़े नालों में 8 नालों की सफाई पूरी हो गई है। जबकि कुल 86 नालों की सफाई कार्य जारी है। करीब 2 लाख 37 हजार 715 मीटर लंबे नालों में सफाई कार्य किया जा रहा है।





सीसामऊ नाला कूड़ा कचरा से भरा है और सीओडी नाला की अभी तक सफाई ही नहीं हुई है जबकि बरसात सिर पर है। अमृत विचार

### सिल्ट उठान में लापरवाही

शहर में कई नालों की सफाई की गई और सिल्ट किनारे डाल दी गई। निकाली गई सिल्ट को उठाया नहीं गया है। इससे नालों में दोबारा गंदगी समा गई है। नाला सफाई में लापरवाही की वजह से जलभराव बढ़ सकता है।

### पैसे रोकने का अल्टीमेटम फिर भी लापरवाही

नगर आयुक्त ने नाला सफाई में लगे ठेकेदारों को चेताया है कि बरसात में मॉनीटरिंग के बाद ही ठेकेदारों का 25 फीसदी पैसा रिलीज किया जायेगा। लेकिन इसके बाद भी नाला सफाई में लापरवाही बरती जा रही है। विभाग ने कहा है कि 28 जलभराव वाले क्षेत्रों की विशेष निगरानी होगी। यहां नालों और चैंबरों की सफाई के लिये टीमें बनाई गई हैं। मुख्य अभियन्ता सिविल सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने सभी जोन से रिपोर्ट मंगा ली है।

### बरसात में ये क्षेत्र बनते हैं टापू

जूही खलवा पुल, गोविंद नगर चावला मार्केट से धर्मकांटा वाली सड़क, साकेत नगर किदवई नगर थाने के पास, गुजैनी, कौशलपुरी, लाजपत नगर, पांडुनगर, काकादेव, सर्वोदयनगर, रामबाग, गांधीनगर, किदवईनगर, रावतपुर, विजयनगर, शास्त्रीनगर, यशोदानगर, चमनगंज, जीटी रोड, परमपुरवा आदि क्षेत्रों में भीषण जलभराव होता है।

## पति से झगड़े के बाद फांसी लगाकर जान दी

**कानपुर।** कल्याणपुर में महिला ने पति से झगड़े के बाद फांसी लगाकर जान दे दी।

कल्याणपुर थानाक्षेत्र के बैरीखेड़ा इलाके के रहने वाले नरेंद्र सिंह ट्रैफिक लाइन में हेड मोहर्रिर हैं। उन्होंने 2012 में फर्रुखाबाद के खुदागंज निवासी सीता देवी (32) से शादी की थी। नरेंद्र के पिता जगदीश सिंह ने बताया कि रविवार को उनकी बेटी अर्चना की गोदभराई का कार्यक्रम था। जिसको लेकर घर पर नाते रिश्तेदार आए हुए थे। आरोप है, कि देर शाम कार्यक्रम के दौरान बहू सीता ननद के कार्यक्रम में पति के शामिल होने को लेकर आक्रोशित हो गई। परिजनों ने काफी समझाया लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी। आरोप है, कि कार्यक्रम में सभी के सामने बहू ने जमकर हंगामा किया। बेटे नरेंद्र ने हंगामा कर रही पत्नी का वीडियो बनाया और उसे गलत कदम उठाने को लेकर समझाया। इसके बाद वह कमरे में गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। जगदीश के अनुसार कुछ देर बाद मामला शांत हुआ तो नरेंद्र के बच्चों अनुष्का, यश और आयुष ने खिड़की से झांककर देखा जहां उनकी मां सीता का शव साड़ी के सहारे फंदे से लटका था। वहीं मायके पक्ष ने भी ससुरालीजनों पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर पुलिस को सूचना दी है।



परेड पर ई रिक्शों की अराजकता से लगा जाम। अमृत विचार

## परेड पर उलझे वाहन गर्मी में राहगीर बेहाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** परेड चौराहा, खड़खड़ा वाला चौराहा समेत कई क्षेत्रों में ई रिक्शों की अराजकता से भीषण जाम लगा। जिससे उमस भरी गर्मी में हजारों लोग जाम में फंसकर परेशान रहे।

सोमवार को खड़खड़े वाला चौराहा से यतीमखाना होते हुए तलाक महल, पानी की टंकी बेकनगंज, रूपम चौराहा जाने वाला मुख्य मार्ग ई रिक्शों की अराजकता से जाम रहा। इसी प्रकार परेड चौराहा से नई सड़क, मूलगंज चौराहा, बादशाही नाका होते हुए घंटाघर मुख्य मार्ग पर भी जाम लगा रहा। ऐसे ही घंटाघर से टाटमिल जाने वाला मुख्य मार्ग शाम सात बजे जाम में जकड़ा रहा। झकरकटी बस अड्डा के सामने रोडवेज बसों की अराजकता के कारण भी झकरकटी पुल पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

## 8 माह से सब्सिडी के लिए चक्कर लगा रही महिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**कानपुर।** केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार ने पीएम सूर्य घर ऊर्जा योजना लागू की है। इस योजना को बढ़ावा देने के लिए सोलर पैनल लगवाने पर सरकार भारी छूट दे रही है ताकि लोग इस योजना के प्रति आकर्षित हों लेकिन योजना को एजेंसियां ही पलीता लगा रही हैं।

सोमवार को रामादेवी स्थित विमान नगर सैनिक पार्क के पास रहने वाले संजय कुमार की पत्नी सरिता सिंह ने मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी से शिकायत की है। पीड़िता का कहना है कि अपने घर के छत पर सूर्य घर योजना के तहत 3 किलोवाट सोलर पैनल 8 नवंबर 2024 लगवाया जिसका भुगतान कुल 2 लाख 40,000 रुपये यूनाइटेड ग्रीन इंटरप्राइजेज को किया। इस योजना में 1 लाख 8 हजार रुपये सब्सिडी मिलनी है लेकिन पिछले 8 माह से पीड़िता सब्सिडी के लिए बिजली विभाग के चक्कर लगा रही है। पीड़िता सरिता सिंह मुख्यमंत्री पोर्टल, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को भी शिकायती पत्र भेज चुकी है।

> साफ्टवेयर में दिक्कत आने के कारण कुछ उपभोक्ताओं की सब्सिडी रुक गई थी जिसमें विमान नगर की सरिता सिंह भी शामिल हैं। सरिता सिंह की सब्सिडी फाइल किन्ही कारणवश निरस्त हो गई थी जिसे दुबारा भेजा गया है। उम्मीद है कि 20 जून तक सब्सिडी आ जाएगी।
>
> **अरुण कुमार पटेल, निदेशक, यूनाइटेड ग्रीन इंटरप्राइजेज, लखनऊ**

## गर्मी बढ़ते ही बढ़े चिकन पॉक्स के रोगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चर्म रोग और बाल रोग विभाग की ओपीडी में आ रहे मरीज

**अमृत विचार।** अगर आपके शरीर में दाने हैं, उनमे खुजली हो रही है, शरीर पर फफोलेदार चकत्ते हो रहे और बुखार के साथ सिर व शरीर में दर्द हो रहा है तो ऐसे में सचेत रहने की जरूरत है, क्योंकि यह चिकन पॉक्स के लक्षण भी हो सकते हैं। लापरवाही बरतने पर यह वायरल संक्रमण परिवार के अन्य सदस्यों को भी अपनी चपेट में ले सकता है। ऐसे में बिना देरी किए डॉक्टर से इलाज कराएं, नहीं तो संक्रमण बढ़ सकता है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल की चर्म रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन चार से पांच मरीज चिकन पॉक्स के लक्षण युक्त पहुंच रहे हैं। बाल रोग विभाग की ओपीडी में भी प्रतिदिन तीन से चार बच्चों में चिकन पॉक्स के लक्षण देखे जा रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही चिकन पॉक्स रोगियों की संख्या बढ़ने पर अस्पताल प्रशासन अलर्ट हो गया है। ओपीडी में डॉक्टरों द्वारा मरीजों की हिस्ट्री ली जा रही है। चर्म रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.डीपी शिवहरे ने बताया कि चिकन पॉक्स एक वायरल संक्रमण है। वैरिकाला-जोस्टर वायरस के कारण यह समस्या होती है। चिकनपॉक्स को देश के कुछ हिस्सों में छोटी माता भी कहते हैं। इसलिए संक्रमण को ठीक करने के लिए कुछ लोग घर में ही इलाज शुरू कर देते है, इस वजह से मरीज की स्थिति और बिगड़ जाती है और अंत में उसे अस्पताल आना पड़ता है। चिकन पॉक्स को रोकने में वैक्सीन को 90 प्रतिशत तक असरदार माना जाता है। चिकनपॉक्स के कारण शरीर पर दाने या छाले हो जाते हैं, जिनमें खुजली और जलन की समस्या हो सकती है।



हैलट अस्पताल के चर्म रोग विभाग में लगी चर्म रोगियों की भीड़। अमृत विचार

### कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्ति को अधिक जोखिम

डॉ.डीपी शिवहरे ने बताया कि जिन लोगों में रोगाणुओं और बीमारी से लड़ने की क्षमता कम (कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली) होती है, उनमें संक्रमण का जोखिम बढ़ जाता है। चिकनपॉक्स से बचाव का सबसे अच्छा तरीका चिकन पॉक्स का टीका लगवाना है, जिसके बाद संबंधित व्यक्ति को आराम मिलता है। आमतौर पर संक्रमण ठीक होने में एक सप्ताह तक का समय लगता है। शरीर पर दानों के साथ बुखार, थकान, भूख में कमी और सिरदर्द की समस्या भी हो सकती है।

## सार-संक्षेप

### पब्लिक स्कूलों से दूरी बना रहे अभिभावक : सपा

**कानपुर।** गुजैनी स्थित एक गेस्ट हाउस में सोमवार को गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के बूथ प्रभारियों, सपा कार्यकर्ताओं व पीडीए मिशन की युवा टीम का प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। गोविंद नगर क्षेत्र के पर्यवेक्षक अशोक सिंह गौर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में फीस बढ़ोत्तरी व किताबों के बढ़े दामों से कक्षाओं में प्रवेश की गिरावट आएगी। शिक्षा के क्षेत्र में भाजपा सरकार उपेक्षा कर रही है। पीडीए के सर्वे में जानकारी मिली है कि लोगों की आय में गिरावट व बेरोजगारी की समस्याओं से अभिभावक पब्लिक स्कूलों से दूरी बनाने को बाध्य हो रहे हैं। नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि शिक्षा में गिरावट, फीस की बढ़ोतरी व किताबों के बढ़ते मूल्यों को लेकर सरकार की जन विरोधी नीतियों का पर्दाफाश किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, वीरसेन यादव, महेन्द्र सिंह, सौरभ सिंह, आकाश यादव, श्याम सिंह, विनय गुप्ता, कमलेश यादव, दीपक खोटे, शादाब आलम, अनूप यादव, शिव कुमार वाल्मिक, आकाश निगम, अमित यादव व उमेश कुमार आदि रहे।



पर्र मेले में झूला झूलते बच्चे । अमृत विचार

### दलेलपुरवा से नई सड़क तक लगा पर्र का मेला

**कानपुर।** बकरीद के तीसरे एवं अंतिम दिन सोमवार को दलेलपुरवा से इफ्तिखाराबाद होते हुए नई सड़क तक पर्र का मेला लगा। जिसमें बच्चों ने झूलों का आनंद लिया जबकि बड़ों ने लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। दलेलपुरवा चौराहा से मूलगंज जाने वाला मार्ग पूरी तरह बंद रहा। रजबी रोड की ओर भी मेले में भारी भीड़ होने के कारण रास्ता बंद रहा। इफ्तिखाराबाद में भी बच्चों के लिए खिलौने, खाने पीने की सामग्री, झूला, आवश्यक वस्तुओं की दुकानें लगी रहीं। देर शाम मेले का समापन हुआ।

### दुग्ध कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर पर रिपोर्ट

**कानपुर।** बाबूपुरवा थाना क्षेत्र में कलेक्शन एजेंट ने एक दुग्ध कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर और उसके भाई के खिलाफ रुपये हड़पने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है।बेगमपुरवा निवासी अशफाक उर्फ अदनान अंसारी एक दुग्ध कंपनी में कलेक्शन एजेंट है। अशफाक ने बताया कि डिस्ट्रीब्यूटर विनायक इंटरप्राइजेज के मालिक आशीष मिश्रा ने मई 2024 को उसे फोन किया। कहा कि दुग्ध मंगाने के लिए 25 हजार रुपये कम पड़ रहे हैं। रुपये खाते में डाल दो, जिसे दो दिन बाद वापस कर दूंगा। हालांकि पहले भी कई उसने रुपये उधार लिए थे। इस पर 25 हजार रुपये उसके खाते में डाल दिए। इसके बाद उसने फोन उठाना बंद कर दिया। इस पर उसके भाई आलोक मिश्रा से रुपये लौटाने को कहा तो उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बाबूपुरवा थाना प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



धनवंतरि अस्पताल में जानकारी देते डॉक्टर। अमृत विचार

### विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस पर बीमारी की रोकथाम की दी जानकारी

**कानपुर।** नौबस्ता स्थित धनवंतरि हेल्थ केयर में विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ डॉ.आशीष शर्मा व डॉ.अमित चंद्र ने लोगों को ब्रेन ट्यूमर से संबंधित स्वास्थ्य खतरों, शुरुआती पहचान और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के माध्यम से इलाज की जानकारी दी। बताया कि समय पर की गई जांच और इलाज से इस बीमारी से बचाव संभव है। जीवनशैली में सुधार के जरिए लोग बीमारी से बचाव कर सकते हैं। कार्यक्रम में लोगों की मुफ्त जांच की गई। अस्पताल निदेशक डॉ. एस वेंकटेश्वर ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि समाज को जागरूक बनाकर बीमारी से पहले ही सतर्क करना है।

### भविष्य निधि के 96 वर्षीय पेंशनर का सम्मान

**कानपुर।** भविष्य निधि संगठन से 1987 में सेवानिवृत हुए मौजूदा समय में सबसे वरिष्ठ पेंशनर जेएन बाजपेयी को सम्मानित किया गया। सोमवार को ईपीएफ. पेंशनर्स एसोसिएशन ने उनके घर पहुंचकर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने संगठन में कार्य करना शुरू किया था तो यह राज्य सरकार का संगठन था। बाद में यह केन्द्र सरकार के श्रम मंत्रालय के अधीन हो गया। हम लोग बिना कैलकुलेटर के बैलेंस शीट बनाते थे। नवनिर्वाचित महामंत्री के के श्रीवास्तव बजरंगी एवं संगठन के पूर्व महामंत्री राजेश कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

## शोधार्थियों ने समझीं ओपन एक्सेज पब्लिशिंग की बारीकियां



**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में ओपन एक्सेज पब्लिशिंग पर हुई कार्यशाला में शोधार्थियों को इसकी बारीकियां समझाई गई। सीएसजेएमयू के सेंट्रल लाइब्रेरी एवं रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की ओर से हुई कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता आईआईटी दिल्ली के डॉ. मोहित गर्ग ने शोधार्थियों से कहा कि किसी भी विधा में बेहतर परिणाम लाने के लिए यह जरूरी है कि उसके मूल सिद्धांतों का पालन किया जाए। डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. नमिता तिवारी (डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट) ने भी ओपन एक्सेज पब्लिशिंग पर विचार रखे। कार्यशाला के संयोजक डॉ. श्वेता पांडेय एवं डॉ. रवि शुक्ला थे। शोधार्थियों ने विषय से जुड़े ऑनलाइन पजल गेम्स के माध्यम से इंटरएक्टिव लर्निंग का आनंद लिया। • अमृत विचार

## संयुक्त कृषि प्रवेश परीक्षा 11,12 को

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि प्रवेश परीक्षा 11 व 12 जून को प्रदेश के 11 शहरों में होगी। परीक्षा के लिए 18, 560 परीक्षार्थियों ने ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरे थे। जिसके सापेक्ष 18,560 एडमिट कार्ड परीक्षार्थियों को जारी किए गए हैं। सीएसए के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा अयोध्या, आगरा, बरेली, बांदा, कानपुर, मेरठ, वाराणसी, आजमगढ़, झांसी, लखनऊ एवं गोरखपुर में 42 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। स्नातक 26 परीक्षा केंद्रों, एमएससी एवं पीएचडी 10 परीक्षा केंद्रों, एमबीए के लिए 6 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी।



गुरुदेव चौराहा पर राहगीरों को ठंडा बांटा गया। अमृत विचार

## गोल्डन लायनेस ने राहगीरों को जूस, फ्रूटी बांटी

**कानपुर।** गोल्डन लायनेस डिस्ट्रिक्ट बी-2 द्वारा गुरुदेव पैलेस के सामने विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 1000 राहगीरों को गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए जूस, फ्रूटी, कोल्ड ड्रिंक व कुछ खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक पीआरओ रेखा सिंह रहीं। मंडल अध्यक्ष अर्पणा सिंह कंचन कपूर, गैंजेस क्लब की अध्यक्ष नीलम राठी, सचिव सुभद्रा सक्सेना, अनमोल क्लब की अध्यक्ष ममता श्रीवास्तव, सचिव मोनिका अग्रवाल, सुनीता वार्ष्णेय, पूजा टंडन, मालती श्रीवास्तव रहीं।

**विकसित भारत** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर अभियान शुरू, क्षेत्र के 17 जिलों में कार्यक्रम

# भाजपाइयों ने मनाया दीपोत्सव, घर-घर जले दीपक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर दक्षिण जिले में सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सोमवार को सायंकाल 'दीपोत्सव मनाकर पीएम मोदी के नेतृत्व को नमन किया।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने सायंकाल अपने-अपने घरों पर मिट्टी के ग्यारह दीपक जलाकर यह संदेश दिया कि वह 'विकसित भारत' के संकल्प में समान रूप से सहभागी हैं। इस दीप प्रज्वलन के पीछे केवल रोशनी का भाव नहीं था, बल्कि उसमें आस्था, समर्पण और भविष्य के भारत की एक सशक्त झलक भी समाहित थी। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश और जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने केशव नगर स्थित भाजपा मुख्यालय में दीपोत्सव मनाया। शिवराम सिंह ने कहा कि पीएम मोदी जी का नेतृत्व केवल एक राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन है। यह दीपोत्सव न केवल मोदी जी के 11 वर्षों की प्रेरणादायक सेवा का उत्सव है, बल्कि आगामी वर्षों में भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प का प्रतीक भी है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं अनुसूचित मोर्चा ने भी भाग लिया। प्रमुख रूप से राम बहादुर यादव, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी, अर्जुन बेरिया, राजन चौहान, वंदना गुप्ता, शिवपूजन सविता, अर्चना आर्य, अनुराग शुक्ला, दीपांकर मिश्रा, बिट्टू परिहार, विनीत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश और जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने केशव नगर स्थित भाजपा मुख्यालय में दीपोत्सव मनाया।

### डिप्टी सीएम करेंगे अभियान की शुरुआत

**कानपुर।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर एक विशेष जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 11 जून 2025 से शुरू होंगे। जिसमें प्रेस वार्ता, जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोफेशनल मीट (प्रबुद्ध समागम) जैसे कार्यक्रम शामिल रहेंगे। 12 जून को विशेष आयोजन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कानपुर महानगर में इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन कन्नौज, फर्रुखाबाद, बांदा, झांसी महानगर व चित्रकूट में भी यह अभियान शुरू होगा। इस मौके पर सरकार के मंत्री, प्रदेश एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, राज्यसभा सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

## सीएसजेएमयू में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में सत्र 2025-2026 के लिए पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस वर्ष कुल 712 सीटें 49 विषयों में जारी की गई हैं। जिनमें से कुछ विश्वविद्यालय परिसर की सीटें हैं व कुछ संबद्ध महाविद्यालयों की सीटें शामिल हैं।

मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (एमएलटी) व फार्मेसी विषयों में प्रवेश विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगा। शेष सभी विषयों में प्रवेश के लिए सीएसआईआर-नेट, यूजीसी-नेट (जेआरएफ), गेट, आईसीएआर व आईसीएमआर जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं के स्कोर के आधार पर प्रारंभिक स्क्रीनिंग की जाएगी। अंतिम चयन के लिए इंटरव्यू को वेटेज दिया जाएगा।

# वेल्डिंग के दौरान धागा फैक्ट्री में लगी आग

## लोहिया ग्रुप की टीआईएल यूनिट में सोमवार दोपहर हुई घटना, देर रात तक आग पर पाया जा सका काबू

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र स्थित लोहिया ग्रुप की थ्रेड्स इंडिया लिमिटेड (टीआईएल) में सोमवार दोपहर वेल्डिंग के दौरान धागों के बंडल पर गिरी चिंगारी से आग भड़क उठी। आसपास मौजूद कर्मी जब तक कुछ प्रयास करके आग बुझाते तबतक आग ने विकराल रूप ले लिया। तेजी से बढ़ रही आग की सूचना पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद देर रात आग पर काबू पा लिया गया। वहीं सुलग रही आग को देखते हुए खबर लिखने तक रेस्क्यू अभियान जारी रहा। आग की घटना में हुए नुकसान का प्रबंधतंत्र के लोग सही आकलन नहीं कर सके ।

अमिलिहा गांव स्थित लोहिया ग्रुप की टीआईएल यूनिट के डाई हाउस में लगी टीन शेड में सोमवार को वेल्डिंग का काम चल रहा था। तभी दोपहर करीब 2:15 बजे वेल्डिंग करने के दौरान निकली चिंगारी नीचे रखे धागों के बंडलों पर जा गिरी। जब तक कर्मचारी माजरा समझ पाते तबतक आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना के समय डाई हाउस में 40 कर्मचारी काम कर रहे थे। पहले तो कर्मचारियों ने वहां पर लगे अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति नियंत्रण में न देख यूनिट से भाग कर बाहर आ गए और घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। इसके बाद अग्निशमन अधिकारी दीपक कुमार समेत दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मी जब तक आग बुझाने का कार्य शुरू करते तबतक देखते ही देखते आग ने अत्यंत विकराल रूप धारण कर लिया और आग की लपटों ने पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया।

एसीपी बिल्हौर अमरनाथ समेत थाने का पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। वहीं तहसीलदार भी घटना स्थल पर पहुंचे। एफएसओ दीपक कुमार ने बताया कि चिंगारी से धागों के बंडल में आग लगी है। देर रात आग पर काबू पाया जा सका तब तक भारी नुकसान हो गया।


जलती हुई फैक्ट्री ने निकलता धुंआ। अमृत विचार


फैक्ट्री के बाहर मौजूद लोग व पुलिस बल। अमृत विचार

### घटना स्थल के निकट स्थित हैं कई अन्य यूनिटें

**चौबेपुर।** अमिलिहा गांव स्थित धागा फैक्ट्री में सोमवार दोपहर तेजी से भड़की आग से आसपास की यूनिटों मैं कार्यरत कर्मियों में हड़कंप मच गया। बता दें कि लोहिया ग्रुप की जिस टीआईएल यूनिट में सोमवार दोपहर आग भड़की ,उसके आसपास कई और यूनिट भी संचालित हैं। घटना के वक्त उक्त यूनिटों में सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी काम कर रहे थे। आग की जानकारी मिलते ही यूनिटों में काम कर रहे कर्मियों में दहशत फैल गई और लोग काम छोड़कर फैक्ट्री से बाहर आ गए। कर्मचारियों का कहना था कि यदि रात के समय आग की घटना हुई होती तो, इसे संभाल पाना और भी मुश्किल हो जाता।

### आग से आसपास गांवों के लोगों में मचा हड़कंप

**चौबेपुर।** क्षेत्र स्थित लोहिया ग्रुप की टीआईएल यूनिट में सोमवार दोपहर लगी भीषण आग से आसपास के लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। आग लगने के बाद तेजी से उठ रही लपटें व आसमान में छाया काला धुआं दूर-दूर गांवों से नजर आ रहा था। आसपास के अमिलिहा, मेघनी पुरवा, जगुआ पुरवा, चौबेपुर, सुजानपुर, मालौं, भट्ठा कोठी गांव की महिलाएं व बच्चे घरों के छत पर खड़े होकर टकटकी लगाए आग का नजारा देखते रहे।

# किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने टोल कर्मचारियों से की मारपीट

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के दरिया निवादा गांव के पास बने टोल प्लाजा पर गाड़ी निकालने को लेकर किसान यूनियन के कार्यकर्ता और टोल कर्मियों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने टोल कर्मियों को जमकर पीट दिया जिसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि अमृत विचार अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

सोमवार की शाम को किसान यूनियन के पदाधिकारी की कुछ गाड़ियां शिवराजपुर के दरिया निवादा टोल प्लाजा से निकल रही थीं। लेकिन वे लगने वाले टोल को नहीं देना चाहते थे। इसी बात को लेकर किसान यूनियन के नेता व टोल कर्मियों में विवाद हो गया। देखते देखते विवाद इतना बढ़ गया की टोल कर्मचारियों और किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं में जमकर मारपीट होने लगी और लात घूंसे चलने लगे। इसी बीच किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसमें किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा टोल कर्मचारियों को जमकर पीटा जा रहा है। वहीं टोल के मैनेजर विपिन ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि टोल प्लाजा पर शाम 5:50 मिनट पर भारतीय किसान यूनियन की लगभग 20 गाड़ियां आईं और जबरन निकलने का प्रयास करने लगीं जब उन्हें मना किया गया तो उन लोगों ने टोल कर्मचारियों से मारपीट शुरू कर दी औ बूम भी तोड़ दिया और जान के मरने की धमकी देते हुए निकल गए, जिसका वीडियो और फुटेज उनके पास मौजूद हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि कार्रवाई की जायेगी।


टोल कर्मचारियों और किसान यूनियन कार्यकर्ताओं के बीच होती मारपीट।

> मैं बाहर हूं कर्मचारियों द्वारा सूचना मिली कि एक दर्जन से अधिक किसान यूनियन की गाड़ियां जबरन निकालने को लेकर उसमें बैठे कार्यकर्ताओं ने टोल कर्मचारियों से मारपीट की जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है।
>
> **टोल मैनेजर, राहुल सिंह**

# खेल खेल में सीखे रचनात्मक कार्य

- बैंको में खाता संचालन संबंधित भी दी गईं जानकारियां
- राजकीय विद्यालय विजय नगर मे आयोजित हुआ कैंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उ.प्र.माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज विजय नगर में समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य अच्छे स्वास्थ्य के साथ छात्राओं में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के समर कैंप के बाबत विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपिका सिंह ने बताया कि रचनात्मक सोच, टीमवर्क आत्मविश्वास, जीवन कौशल विकास और सामाजिक सांस्कृतिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित समर कैंप में योग, कुकिंग, खेलकूद, इंडोर गेम्स, पेंटिंग, किचन गार्डनिंग, आरोग्य वाटिका आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की शिक्षिकाओं ने पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ सहयोग किया। इसके अलावा बैंकों में खाता खोलना, उनका संचालन और मौजूदा समय में साइबर अपराधियों द्वारा आये दिन की जा रही धोखाधड़ी से बचने के लिए आवश्यक जानकारियां बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा विद्यालय की छात्राओं को दी गईं।

समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों के प्रति छात्राओं ने उत्साह पूर्वक पूरी रुचि दिखाई।


डीसीएम में लगी आग बुझाता दमकल कर्मी।

# पिता पुत्र को लाठी डंडों से पीटा

**घाटमपुर।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के बिरहर पुलिस चौकी के गांव बिरहर गांव निवासी विनय यादव खेतों में काम कर रहे अपने बड़े भाई ब्रजेश यादव व पिता मान सिंह के लिये साइकिल से निकल खाना लेकर जा रहा था। तभी गांव निवासी कृष्ण यादव व छोटू यादव बाइक लेकर उसके पास पहुंचे और टक्कर मारकर द उसे साइकिल से गिरा दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों ने उसे लाठी डंडो से पीटना शुरू कर दिया। तभी विनय के शोर मचाने पर उसके पिता मान सिंह मौके पर पहुंचे तो उन दोनों ने उन पर भी लाठी डंडों से हमला कर दिया। इससे पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को सीएचसी भेजा। विनय के ज्यादा गंभीर होने पर उन्हें कानपुर भेज दिया।


लोगों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

# साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

- कहा, सर्तक रहने से रहेंगे सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** आर्य नगर स्थित गैंजेस क्लब में सोमवार को उड़ान एक आशा फाउंडेशन ने साइबर चौपाल नामक एक विशेष टॉक शो का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा। शहर के क्राइम ब्रांच से प्रभारी पवन प्रताप सिंह और लवकुश मिश्रा ने साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं और तरीकों की जानकारी दी। साथ ही साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों और समाधान संबंधी सुझाव भी दिए। ताकि वह किसी के झांसे में न आ सके। टॉक शो में विशेष रूप से युवाओं, छात्रों और महिलाओं को साइबर अपराधों से सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। फाउंडेशन की अध्यक्ष संगीता सेंगर ने कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता ही सुरक्षा है। साइबर चौपाल के माध्यम से समाज को डिजिटल रूप से सशक्त और सतर्क बनाना हैं।

लक्ष्य है कि हर नागरिक साइबर अपराध के विरुद्ध सजग बने और सुरक्षित ऑनलाइन जीवन व्यतीत करे। इस दौरान कोपाल, अर्चना व कंचन सिंह समेत आदि रहे।


पुलिस बल के साथ पैदल गश्त करते थाना प्रभारी।

# पैदल रूट मार्च कर पुलिस ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** नगर में सोमवार को देर शाम घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडे ने प्रमुख चौराहा से लेकर कानपुर हाईवे व बाजारों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा। साथ ही उन्होंने लोगों से संवाद भी किया। गश्त के दौरान उन्होंने लोगों से कस्बे के बाजारों में आने जाने वाले लोगों व वाहनों तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखने की बात कही। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडे ने कस्बा चौकी इंचार्ज शैलेंद्र सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था कायम रखने व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिदिन पुलिस कस्बे में पैदल गश्त व रात्रि गश्त की जा रही है।

# ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत

**शिवराजपुर।** सोमवार को सुबह लगभग 10 बजे फरुखाबाद से कानपुर की तरफ जा रही सुपर फास्ट ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की कट कर मौत हो गई ।

कस्बे के वार्ड नंबर 9 पटेल नगर निवासी राजदेव दुबे 75 वर्ष की पाठकपुर गांव के सामने फर्रुखाबाद से कानपुर की तरफ जा रही सुपरफास्ट ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से मृतक की पहचान कराकर परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की कस्बे में ही बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है मृतक मूल रूप से गंगा तलहटी के गांव बेहटा के निवासी है। इस मामले में थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी।

# लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का काम लेट, जुलाई तक पूरा होगा

- उन्नाव में निर्माणाधीन आरओबी व अन्य कारणों से देरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लखनऊ से कानपुर तक का सफर मात्र 35 से 40 मिनट तक पूरा हो सके, इसके लिए लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जा रहा है। जिसका पहले चरण का काम मई में पूरा होना था, लेकिन निर्माण कंपनी द्वारा यह कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। जिसकी वजह उन्नाव में स्थित रेलवे ओवरब्रिज व अन्य कारण निर्माण कंपनी ने जिलाधिकारी को बताए। अब कंपनी ने जुलाई तक पहले चरण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

63 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जा रहा है, जो छह लेन चौड़ा है और इसको भविष्य में आठ लेन का भी किया जा सकता है। निर्माण की प्रगति की जानकारी के लिए सोमवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पहुंचे और निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने निर्माण कंपनी के अधिकारियों से वार्ता की। जिलाधिकारी ने बताया कि एक्सप्रेसवे के प्रथम चरण में 45 किलोमीटर तक का निर्माण 31 मई तक निर्माण कंपनी को पूरा करना था, लेकिन मौजूद अधिकारियों ने जानकारी दी है कि उन्नाव में स्थित रेलवे ओवरब्रिज व अन्य कारणों की वजह से प्रथम चरण का थोड़ा कार्य रह गया है। इस चरण को अब जुलाई 2025 में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं, बनी से शहीद पथ तक के 17 किलोमीटर के द्वितीय चरण का निर्माण अक्टूबर 2025 तक पूरा किए जाने की संभावना जताई गई हैं।

### राष्ट्रीय राजमार्ग के सामानांतर चलेगा एक्सप्रेस-वे

अवध एक्सप्रेसवे जिसे, कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे के नाम से भी जाना जाता है, उत्तर प्रदेश के अवध क्षेत्र के दो प्रमुख शहर लखनऊ और कानपुर को जोड़ता है। यह भारत के उत्तर प्रदेश में निर्माणाधीन 63 किलोमीटर लंबा (39 मील), छह लेन चौड़ा (8 तक विस्तार योग्य) एक्सेस-कंट्रोल एक्सप्रेस-वे है। इसे भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय एक्सप्रेस-वे-6 ( एनई 6 ) का दर्जा दिया गया है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग 27 (एनएच-27) के समानांतर चलेगा, जो कानपुर और लखनऊ को जोड़ता है।

## सार-संक्षेप



विजेता टीम के खिलाड़ी।

### केकेआर को हराकर फाइनल में पहुंचा स्वास्तिक इलेवन

**घाटमपुर।** घाटमपुर के जनता महाविद्यालय ग्राउंड में चल रहे जीपीएल सीजन 10 में सोमवार को स्वस्तिक इलेवन ने केकेआर को 86 रन से हराकर शान से फाइनल में प्रवेश किया है। इस दौरान मैच देखने के लिये सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। सोमवार को खेले गए क्वालीफायर में स्वस्तिक इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। स्वस्तिक इलेवन ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 198 रन बनाए। इसमें ऋतिक सोनकर 37 रन, आभाष कुशवाहा 45 रन व मयंक पाल ने 40 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की पूरी टीम 17 ओवर में 112 बनाकर ढह गई। केकेआर की तरफ से रोहित ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। वहीं अमृत राज ने 3 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट लिए। अमृत राज को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया।

### वेयर हाउस से 200 बोरी धान चोरी

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के कासामऊ गांव स्थित वेयर हाउस से चोरों ने देर रात 200 बोरी धान पार कर दिया। सुबह जब लेबर वेयरहाउस पर धान लोड करने के लिए पहुंची तब घटना की जानकारी हुई। चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही वहां हड़कंप मच गया। नारायण वेयरहाउस के मालिक अनिल कटियार ने सोमवार को थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनका एक वेयरहाउस कासामऊ गांव से 400 मीटर की दूरी पर स्थित है, जिसमें धान भरी हुई है आर्या कंपनी के साथ मिलकर उन्होंने धान का भंडारण किया था। रविवार की देर रात चोरों ने ताले दूसरी चाबियों से खोलकर वेयर हाउस में रखी 200 बोरी धान चोरी कर ली । मलिक ने जब सुबह लेबरों को धान लोड करने के लिए वेयर हाउस भेजा तो वहां वेयरहाउस के ताले लटके थे लेबरों ने घटना की जानकारी मालिक को दी । वहीं वेयर हाउस के मालिक अनिल कटियार ने बताया कि आर्या कंपनी के साथ मिलकर धान का भंडारण किया गया था।

### गेस्ट हाउस के बाहर से बाइक चोरी

**चौबेपुर।** कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी बाइक रविवार रात चोरी हो गई। पीड़ित ने मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल कर जल्द ही चोर का पता लगाया जायेगा।क्षेत्र के शुक्लापुर गांव निवासी प्रीत कुमार रविवार रात कस्बा के बंदी माता मार्ग स्थित सुपर गेस्ट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। उन्होंने बताया कि बाइक गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी कर के वह अंदर चले गए। वापस आने पर बाइक मौके से गायब मिली।

### सेंट्रल स्टेशन पर लुटेरा गिरफ्तार

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी ने भोर में 4 .45 बजे चेकिंग के दौरान मोबाइल व पर्स लुटेरे को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि फतेहपुर मलवां निवासी पप्पू पासवान को दो चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### सोमवार को 31 हजार लोगों ने की मेट्रो की सवारी

**कानपुर।** सप्ताह के पहले दिन सोमवार को 31000 लोगों ने मेट्रो की सवारी की। कानपुर मेट्रो की राइडरशिप लगातार बढ़ रही है, यात्री सेवा विस्तार के बाद दूसरे रविवार को यह 34 हजार यात्रियों की संख्या को पार कर गई। इससे पहले रविवार को 33 हजार लोगों ने एक दिन में मेट्रो से यात्रा की थी। कानपुर आईआईटी से सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन के चलने से यात्रियों की संख्या में निरंतर इजाफा हो रहा है। खासतौर पर सेंट्रल से आईआईटी की तरफ किसी भी स्टेशन पर चलने वालों की संख्या बढ़ी है।

समाधान दिवस

अधिकारियों के सामने आईं 125 शिकायतें इनमें से 7 का मौके पर हुआ निस्तारण

# मिट्टी के अवैध खनन पर पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** सोमवार को बिल्हौर ब्लॉक परिषद में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार राय की अध्यक्षता में लोगों की शिकायतें सुनीं गईं। इस दौरान कुल 125 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से मात्र सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं, भूमि संबंधी 6 गंभीर मामलों में जांच के लिए टीमें मौके पर भेजी गईं।

मक्का पुरवा गांव निवासी नेकराम ने पुलिस से शिकायत की कि उनकी निजी भूमि गाटा संख्या 457 पर दबंग अजय कुमार द्वारा जबरन मिट्टी का खनन किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, बल्कि दूसरे पक्ष से झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी मिल रही है। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

औरोंताहरपुर गांव निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उन्हें जीवन यापन के लिए शासन से पट्टे पर मिली भूमि मिली थी। इसपर देशराज के पुत्र लालजीत और रामू ने धीरे-धीरे आधी से ज्यादा भूमि पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने अपनी जमीन वापस दिलाने की गुहार लगाई। इसी तरह, खेरवा मौजमपुर निवासी रामेंद्र सिंह ने भी पड़ोसी काश्तकार राजेंद्र सिंह और अरविंद सिंह पर पट्टे में मिली भूमि पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया।

रहीमपुर बिषधन निवासी राधेश्याम ने शिकायत की कि उनकी पैतृक भूमि पर हरी पुरवा गांव निवासी कमलेश कुमार, मिथिलेश कुमार और राजेश कुमार फर्जी अभिलेखों के आधार पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि न्यायालय का निर्णय उनके पक्ष में आने के बावजूद भी वे दबंगई के बल पर जमीन पर कब्जा किए हुए हैं। थाना प्रभारी द्वारा निर्माण कार्य रुकवाने के बावजूद भी लगातार कार्य जारी है।

उन्होंने जमीन कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की। एसडीएम रश्मि लांबा ने जानकारी देते हुए बताया कि सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया है। शिवराजपुर, ककवन, अरौल और उत्तरीपूरा के 6 जमीनी मामलों में राजस्व टीमों को मौके पर जांच और समस्या के समाधान के लिए भेजा गया है। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम रश्मि लांबा, प्रभारी तहसीलदार सीपी राजपूत और एसीपी अमरनाथ यादव ,बीडीओ यशवीर सिंह ,बलराम व अन्य विभागीय कर्मचारी व अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को सुना।


समाधान दिवस पर लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### एसडीएम व तहसीलदार ने सुनीं शिकायतें

**घाटमपुर ।** तहसील के सभागार कक्ष में सोमवार को तहसील दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान घाटमपुर उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह व तहसीलदार लक्ष्मी नारायन बाजपेई ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक विभागों के कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस दौरान राजस्व विभाग की 98, पुलिस विभाग की 24, खंड विकास विभाग की 13, विद्युत विभाग की 07, चकबंदी विभाग की 02, ईओ घाटमपुर 04, नलकूप विभाग की 04, सप्लाई विभाग की 02, पीडब्लूडी विभाग की 05, कुल 159 शिकायतें आईं जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। घाटमपुर उपजिलाधिकारी ने इन शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की हीला हवाली न की जाए अन्यथा कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# सड़क हादसे में खीरी के युवक की गई जान

**बिल्हौर।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र में दोपहर उत्तरीपूरा बाईपास पर एक भीषण सड़क हादसे में खीरी जनपद के 25 वर्षीय युवक सतेंद्र कुमार गौतम की मृत्यु हो गई।

घटना (सोमवार) को कन्नौज से कानपुर की ओर जाने वाले उत्तरीपूरा बाईपास पर हुई। स्थानीय लोगों ने एक मोटरसाइकिल सड़क पर गिरी हुई पाई, और कुछ ही दूरी पर सतेंद्र कुमार गौतम घायल अवस्था में पड़े हुए थे। सूचना मिलते ही एनएचआई की हाईवे पेट्रोलिंग टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल सतेंद्र को तत्काल सीएचसी बिल्हौर ले जाया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश, वहां के चिकित्सा अधिकारी ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक सतेंद्र के पास से एक मोबाइल फोन मिला, जिसकी मदद से उनके परिजनों से संपर्क किया गया। परिजनों को घटना की सूचना दी गई और वे तत्काल मौके पर पहुंचे।

## एक नजर

### एसपी ने रसूलाबाद थाने का किया औचक निरीक्षण

**कानपुर देहात।** सोमवार को एसपी अरविंद मिश्र ने रसूलाबाद थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार, हवालात, परिसर, सीसीटीएनएस कार्यालय, भोजनालय आदि का जायजा लिया। अभिलेखों का रखरखाव देखा। जनता से बेहतर व्यवहार के निर्देश दिए।

### पुलिस ने ठगी के 1.34 लाख रुपये खाते में वापस कराए

**राजपुर।** कस्बे के कन्हैया नगर के आशीष अवस्थी ने 31 जनवरी 2023 को फ्राड कॉल से 1,40,998 रुपये ठगी की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई थी। थाने के साइबर सेल ने वॉलेट/बैंक एकाउंट को फ्रीज कराया और 8 जून को पीड़ित के बैंक खाते में 1,34,098 रुपये वापस करा दिए। राजपुर थानाध्यक्ष कालीचरन ने बताया कि पीड़ित के ठगे गए रुपयों को वापस करा दिया गया है। इसका प्रमाण पत्र उसे सौंपा गया है।

# तल्ख धूप से बढ़ी तपन, राह चलते झुलसे बदन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**43**
डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान

**28**
डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान

- सुबह से ही ऐसी तपिश, मानो आसमान से बरस रही आग
- इंसान के साथ भीषण गर्मी से पशु-पक्षी भी हुए बेहाल

**अमृत विचार।** जून माह में गर्मी अपने चरम पर है और तापमान लगातार चढ़ता जा रहा है। सुबह से ही आसमान से आग बरसने लगती है। सोमवार को अधिकतम तापमान करीब 43 डिग्री के पास पहुंच गया। जिससे दोपहर के समय सड़कों में सन्नाटा पसरा रहा।

जिले में पड़ रही गर्मी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। पिछले कई दिनों से तापमान 42 डिग्री पार होने की वजह से इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी बेजान नजर आने लगे हैं। गर्मी और लू का कहर इस कदर है कि लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं। बहुत जरूरी काम होने पर ही लोग बाहर निकल रहे हैं। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान करीब 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह रविवार की अपेक्षा 0.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

प्रचंड गर्मी के कारण इन दिनों हालत यह है कि दिन चढ़ने के साथ ही बाजार वीरान हो जा रहे हैं। शाम होने के बाद ही बाजारों में रौनक लौट रही है। सूर्यदेव हर दिन अपना प्रचंड रूप दिखा रहे हैं। दिन ढलने तक जिले की मुख्य सड़कों से लेकर हाईवे में सन्नाटा पसरा रहता है। सोमवार की सुबह नौ बजे से ही गर्म हवा चलने लगी और दोपहर बारह बजे प्रचंड लू ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया। यूं कहा जाए तो सुबह से दिन ढलने तक सूर्यदेव आसमान से आग बरसा रहे हैं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन गर्मी से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है।


गर्मी से राहत पाने के लिए मैंगो शेक पीते लोग। अमृत विचार

### वोल्टेज लो, कूलर-पंखे फेल

प्रचंड गर्मी से बचने के लिए लोग एयर कंडीशर, कूलर और पंखों का सहारा ले रहे हैं, लेकिन लो-वोल्टेज की समस्या के कारण इन उपकरणों से भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। दोपहर में जरूरी काम पर निकले लोग पूरी तरह शरीर को ढके नजर आते हैं। लोगों को दूरी तय करने में गमछा, छाता, टोपी आदि का सहारा लेना पड़ रहा है।

# 10 घंटे बिजली कटौती से गर्मी में जूझी जिंदगी

संवाददाता, शिवली

- शिवली व शोभन बिजलीघर से जुड़े 150 गांवों में अंधेरा
- एसडीओ बोले, फाल्ट होने से समस्या, जल्द होगी आपूर्ति

**अमृत विचार।** आए दिन फाल्ट व बिजली कटौती से भीषण गर्मी से शिवली व शोभन बिजली घरों के करीब डेढ़ सौ गांवों के ग्रामीण परेशान हैं। बीती रात गई बिजली दूसरे दिन दस घंटे बाद बहाल हो पाई। इसके बाद फिर शाम तक कटौती की गई। जिससे महिलाएं, बच्चे व बुजुर्गों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार देर रात कानपुर नगर के जवाहरपुरम से आने वाली तेतीस केवीए शिवली व शोभन बिजली घर आने वाली लाइन में बिजली गुल हो गई। इसके बाद बिजली सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे बहाल हो पाई। लोगों को राहत भी नहीं मिल सकी थी कि शाम करीब तीन बजे फिर से कटौती कर दी गई। जिसके बाद शाम करीब सात बजे तक बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो पाई। जिससे लोगों को भीषण गर्मी में परेशान दिखे। ग्रामीण विजय कुमार मौजी, मनीष कुमार, राजू शुक्ला, चंदन गुप्ता, मोहन कुमार, अंकित गुप्ता, अनुपम वर्मा, शिवम दीक्षित आदि ने बताया कि बिजली कटौती से भीषण गर्मी में दिन व रात काटना मुश्किल हो रहा है। वहीं विद्युत उप खंड अधिकारी वंशरोपण ने बताया कि फाल्ट आने से व्यवधान आया है। जल्द ही विद्युत आपूर्ति सुचारु करा दी जाएगी।

# सौतेली बेटी से छेड़छाड़ में पिता दोषी पाया गया

## आरोपी बिल्हौर क्षेत्र का रहने वाला, दादी ने लड़ी कानूनी लड़ाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- दादी ने 18 जुलाई 2019 को बिल्हौर में लिखाई थी रिपोर्ट
- पॉक्सो कोर्ट में सजा के बिंदु पर आज होगी सुनवाई

**अमृत विचार।** बिल्हौर क्षेत्र के एक गांव में करीब छह साल पहले नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ अश्लीलता करने के मामले की सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी सौतेले पिता को दोषसिद्ध करार दिया है। वहीं सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 10 जून की तिथि नियत की है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान ने बताया कि कानपुर नगर के बिल्हौर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने अपने पति की आकस्मिक मौत हो जाने के बाद अपनी नाबालिग दो पुत्रियों का भविष्य सुधारने व उन्हें पिता का संरक्षण प्रदान करने के लिए बिल्हौर क्षेत्र के ही रहने वाले रामनरेश उर्फ नरेश कश्यप के साथ दूसरा विवाह कर पुत्रियों के साथ उसके साथ रहने लगी थी। रामनरेश अक्सर शराब के नशे में आकर अक्सर अपनी सौतेली दस वर्षीय पुत्री से छेड़छाड़ करते हुए उससे अश्लीलता करता था।

बेटी ने छेड़छाड़ की शिकायत अपनी मां से की, लेकिन उसने बात को अनसुनी कर दिया। इससे रामनरेश उर्फ नरेश का मनोबल ऊंचा हो गया और आए दिन वह पुत्री के साथ अश्लीलता करने लगा। इससे परेशान होकर वह घर छोड़कर कानपुर नगर के ग्वालटोली क्षेत्र में रहने वाली अपनी दादी के पास चली गई और अपनी पूरी आप बीती उन्हें बताई। इस पर दादी ने 18 जुलाई 2019 को आरोपी रामनरेश उर्फ नरेश के खिलाफ बिल्हौर थाने में तहरीर देकर नातिन के साथ छेड़छाड़ व अश्लीलता करने का मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी सौतेले पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही उसके खिलाफ छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट में आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज 14/पॉक्सो कोर्ट पीयूष तिवारी की अदालत में चल रही थी। सोमवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी रामनरेश उर्फ नरेश कश्यप को दोषी ठहराया है। वहीं अब सजा के बिंदु पर आज सुनवाई की जाएगी।

## दो पक्षों में मारपीट क्रॉस एफआईआर

**पुखरायां।** प्रहलादपुर गांव में दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों से एक दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के प्रहलादपुर गांव निवासी दलपत ने पुलिस को बताया कि गांव के ही प्रमोद, कन्हैया, दिलीप, रहीश, भारत, लल्ली, अरविंद, टेनी, पवन, एक राय होकर प्रार्थी व उसके परिवार के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मारपीट में उसके परिवार के लोक सिंह, करन सिंह, अशोक सिंह, कुष्मा देवी, कविता देवी, मिथलेश देवी आदि लोग घायल हो गए हैं। वहीं दूसरे पक्ष के प्रमोद ने पुलिस को बताया कि उसके पिता खेत पर जा रहे थे। तभी गांव के ही राकेश, अशोक, देवी, लल्ले, लोक सिंह आ गए और पुरानी बातों को लेकर उसके पिता के साथ मारपीट कर दी। बीचबचाव करने आए सर्वेश, सुनीता व दिलीप को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# जवाहर नवोदय में 6वीं के लिए आवेदन प्रारंभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- बच्चों को 29 जुलाई तक करने होंगे ऑनलाइन आवेदन
- एक छात्र को एक बार परीक्षा में शामिल होने की अनुमति

**अमृत विचार।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा छह में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभिभावक 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश के लिए आयु सीमा की अनिवार्यता होगी।

जवाहर नवोदय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फार्म भरते समय बच्चे का मूल निवास प्रमाण पत्र उसी जिले का होना आवश्यक है, जिस जनपद के लिए वह आवेदन करें। साथ ही बच्चे ने कक्षा तीन, चार और पांच की पढ़ाई सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त या सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय से की हो।

एक छात्र को केवल एक ही बार जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिलेगी। आवेदन के लिए वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके साथ ही कक्षा छह में एडमिशन के लिए आवेदक का जन्म एक मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए।

### दो चरणों में आयोजित होगी प्रवेश परीक्षा

जवाहर नवोदय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए बच्चों का सेलेक्शन एंट्रेंस एग्जाम के आधार पर किया जाएगा। यह प्रवेश परीक्षा दो चरण में आयोजित होगी। पहले चरण की परीक्षा दिसंबर और दूसरे चरण की परीक्षा अप्रैल में आयोजित होगी। दिसंबर सेशन की परीक्षा 13 दिसंबर को सुबह 11:30 बजे आयोजित की जाएगी। दूसरे सेशन की परीक्षा 11 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे होगी।

## सार-संक्षेप



भोजन के बाद दिव्यांग को अंगौछा देते आयोजक रत्नेश वाजपेयी। अमृत विचार

### इस बार दिव्यांगों को भोजन कराकर बांटे गए अंगौछे

**कानपुर देहात।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय माती में आयोजित होने वाले दिव्यांग कैंप में आए दिव्यांगों को विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ओर से निशुल्क भोजन व्यवस्था की गई। साथ ही गर्मी से बचाव के लिए अंगौछे दिए गए। सीएमओ डॉ. एके सिंह के दिशा निर्देशों के क्रम में सोमवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान ने कार्यालय परिसर में दिव्यांग बोर्ड कैंप में आए दिव्यांगजनों के लिए निशुल्क पौष्टिक तहरी एवं शीतल आम का पना का वितरण कर शुभारंभ किया। भीषण गर्मी व लू में ठंडा आम का पना पीकर दिव्यांगजनों ने राहत की सांस ली। इसके बाद भोजन वितरण के संचालनकर्ता रत्नेश बाजपेयी ने धूप से बचाव के लिए दिव्यांगजनों को निशुल्क अंगौछे का वितरण किया। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से माह के प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को कैंप में आए दिव्यांगों के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था की जा रही है। सोमवार को विजय मिश्रा, महेंद्र कुमार, डॉ. यतेंद्र शर्मा, लालजी, शिवम यादव, राजेश, अवधेश तिवारी, ब्रजेश पांडेय, अशोक कुशवाहा आदि ने सहयोग दिया।


जानकी मंडपम श्रृंगार कक्ष का शिलान्यास करते चेयरमैन प्रतिनिधि गुड्डन सिंह।

### जनकपुरी मैदान पर मंडपम श्रृंगार कक्ष का शिलान्यास

**कानपुर देहात।** सोमवार को श्रीरामलीला समिति अकबरपुर के जनकपुरी मैदान पर मंच के बगल में जानकी मंडपम श्रंगार कक्ष का नगर के प्रमुख व्यापारी गोपी कृष्ण ओमर के भतीजे ने अपने पिता स्व. हरि कृष्ण ओमर की स्मृति में शिलान्यास किया। आचार्य पं. अमित तिवारी ने विधिविधान से पूजन कराया। इसके बाद श्रीराम दरबार की आरती की गई। श्रीरामलीला समिति के कोषाध्यक्ष पं. दुर्गेश शर्मा ने उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया और भवन बनवाने वालों का सम्मान कर घोषणा की। जिसमें सर्व प्रथम गोपी कृष्ण ओमर, उनके पुत्र दिलीप ओमर, अजय ओमर (नारायण वस्त्रालय) का सम्मान चेयरमैन प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन ने शॉल व माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर पं. प्रमोद कुमार मिश्रा, राजेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, महेश चंद्र अग्रवाल झब्बू भैया, रामआसरे सैनी, प्रशांत ओमर, सुनील गुप्ता, शिवशंकर मिश्रा, जहान सिंह, सरवन शुक्ला, अभिषेक मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# समर कैंप में आज होंगी यादगार गतिविधियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- महानिदेशक ने डायट प्राचार्य और बीएसए को भेजा पत्र
- अंतिम दिन स्कूलों के कार्यक्रमों में भाग लेंगे अधिकारी

**अमृत विचार।** परिषदीय व माध्यमिक विद्यालयों में 21 मई से समर कैंप का आयोजन हो रहा है। यह कैंप 10 जून को समाप्त हो रहे हैं। इसे देखते हुए महानिदेशालय ने 10 जून को भव्य आयोजन कर इसे यादगार बनाने के निर्देश दिए हैं।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, बीएसए व बीईओ को निर्देशित किया है कि समर कैंप के अंतिम दिन सभी अधिकारी व जिला समन्वयक शिविर की गतिविधियों में अनिवार्य रूप से शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करें। कैंप की गतिविधियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा भी करें। ताकि जनमानस को जागरूक किया जा सके। 10 जून को कैंप के अंतिम दिन अभिभावकों व समुदाय के साथ रोचक गतिविधियां कराएं। बच्चों व अभिभावकों के अनुभव भी साझा किए जाएं।

विद्यालयों में पहली बार समर कैंप में गतिविधियों, बच्चों के लिए अतिरिक्त न्यूट्रीशन, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के लिए मानदेय तथा मॉडल कैंप के संचालन आदि के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रावधान भी किए गए हैं। गतिविधियों के क्रियांवयन में एनजीओ, एनसीसी उपाधिधारी एवं वॉलंटियर्स आदि द्वारा भी अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## अधिवक्ता समिति का शपथ ग्रहण आज

**शिवली।** मैथा तहसील के लॉयर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को तहसील परिसर में आयोजित किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी विवेक सिंह भदौरिया ने बताया कि मई में मैथा तहसील के लॉयर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ था। इसमें अध्यक्ष कुलदीप तिवारी राजा, महामंत्री धर्मवीर सिंह, उपाध्यक्ष राहुल दीक्षित, कोषाध्यक्ष छितिज सेंगर, सहमंत्री शारदा शुक्ला, ऑडिटर शोभा देवी, पुस्तकालय अध्यक्ष नरेंद्र कुमार निर्वाचित हुए हैं। शपथ ग्रहण में अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले, बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय भी शामिल होंगे।


विवेक सिंह।

# चेन लूटकांड में पड़ोसी हत्थे चढ़ा

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** कस्बे के रामनगर मोहल्ले में बुजुर्ग से चेन लूट के मामले में दो लुटेरों को मुठभेड़ में पकड़ने के बाद पुलिस ने साजिश रचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार हुए पड़ोसी ने ही रेकी की थी और लूट के बाद चेन खुद हथिया ली थी।


ध्रुवराज सिंह।

कस्बे के रामनगर निवासी बलिस्टर सिंह चौहान 5 जून की दोपहर घर के बाहर सीढ़ियों पर बैठकर मोबाइल देख रहे थे, तभी बाइक सवार दो लुटेरों ने उनकी चेन लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद छानबीन शुरू की थी। शनिवार की रात पुलिस ने सराय गढ़ेवा अंडरपास के पास लुटेरों की घेराबंदी की थी। लुटेरों की ओर से तमंचे से फायर किए जाने के बाद जवाबी फायरिंग में पुलिस ने डेरापुर थाना क्षेत्र के नोनारी निवासी अंकित सिंह चौहान को पैर में गोली लगने पर गिरफ्तार किया था। दूसरे आरोपी डेरापुर थाना क्षेत्र के खल्ला गांव निवासी अशरफ ने आत्मसमर्पण कर दिया था।

पूछताछ में दोनों लुटेरों ने पुलिस को बताया था कि लूट की साजिश रामनगर के ही ध्रुवराज सिंह और सिंटू यादव ने मिलकर रची थी। लूट के दौरान इन्हीं दोनों ने बुलेट मोटरसाइकिल से आगे-आगे चलकर रेकी की और बालिस्टर सिंह की चेन लूटने के बाद ध्रुवराज अपनी कार से सिंटू के साथ तिगाईं पहुंचकर अंकित सिंह और अशरफ से मिला था और उसी ने लूटी हुई चेन ले ली थी।

### चेन लूट के बदले में दिए 30 हजार रुपये

लूट की चेन लेने के बाद ध्रुवराज ने उसके बदले अंकित को 15 हजार रुपये और अशरफ को 13 हजार रुपये नकद देने के साथ यूपीआई से 2 हजार रुपये ट्रांसफर किए थे। अंकित सिंह और अशरफ के पुलिस मुठभेड़ में पकड़े जाने के बाद से ध्रुवराज अकबरपुर में इधर-उधर छिप रहा था।

### कानपुर में चेन बेचने की फिराक में था ध्रुवराज

लूटी गई सोने की चेन को बेचने कानपुर नगर जाने के लिए सोमवार को ध्रुवराज बनीपारा मोड़ पर अपने साथी सिंटू यादव का इंतजार कर रहा था, तभी कस्बा चौकी प्रभारी रामकिशुन वर्मा ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी सिंटू को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## घर में महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट

**राजपुर।** क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी के रिश्तेदार युवक ने घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की है।

एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति अहमदाबाद में मजदूरी करता है। वह बेटी के साथ घर पर रहती है। पीड़िता का कहना है कि 5 मई की रात वह घर के बाहर सो रही थी। तभी पड़ोसी के दामाद जनपद औरैया के अजीतमल थाना क्षेत्र के गूंज निवासी अखिलेश निषाद चारपाई पर आकर लेट गया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर लोगों के आने और पकड़े जाने के डर से आरोपी धमकी देकर वापस भाग गया। पीड़िता ने मामले में पुलिस से शिकायत की। थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

**संपूर्ण समाधान दिवस** रसूलाबाद में डीएम-एसपी और विधायक के सामने पहुंचे 151 फरियादी, सिर्फ तीन का हुआ समाधान

# धूप में आस लेकर पहुंचे फरियादियों को सिर्फ आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में रसूलाबाद तहसील में विधायक, डीएम और एसपी ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। धूप में आस लेकर पहुंचे 151 फरियादियों में से केवल तीन शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका।

रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार, जिलाधिकारी आलोक सिंह व एसपी अरविंद मिश्र ने जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पर रसूलाबाद तहसील में लोगों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कहा कि प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें। इसमें लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। दिवस में सबसे अधिक राजस्व विभाग की 101, विकास 10, पुलिस 14, चकबंदी 6, वन विभाग 4, विद्युत 8, आपूर्ति 6 समेत अन्य शिकायतें प्राप्त हुईं। इस मौके पर सीएमओ डॉ. एके सिंह, सीवीओ डॉ. सुबोध कुमार, एसडीएम सर्वेश कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


रसूलाबाद में शिकायत सुनतीं विधायक पूनम संखवार, डीएम और एसपी।


मैथा में गौशाला संचालक की शिकायत करते शिवली के ग्रामीण। अमृत विचार

मैथा तहसील में एसडीएम राजकुमार चौधरी ने तहसीलदार सुनील कुमार के साथ शिकायतें सुनीं। यहां कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व की 43 पुलिस 5 विद्युत 3, आपूर्ति 3, खंड विकास अधिकारी 3, डीपीआरओ की एक शिकायत प्राप्त हुई। किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। एसडीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों के ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें। इस मौके पर शिवली कोतवाल मुकेश सोलंकी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ पाठक, एडीओ आईएसबी संजय मिश्रा, प्रभारी सीडीपीओ सुमनलता समेत तहसील व ब्लाक अधिकारी रहे।

### नाला निर्माण के लिए खोदी गई मिट्टी सड़क पर ही डंप

**कानपुर देहात।** अकबरपुर नगर पंचायत के आंबेडकर नगर वार्ड में ऐतिहासिक शुक्ल तालाब के बगल से जलनिकासी के लिए नाला निर्माण कार्य करीब एक माह से चल रहा है। जिसमे निर्माण के लिए मिट्टी खुदाई कर सड़क पर ही डंप कर दी गई है। ऐसे में वाहनों के आवागमन से मिट्टी उड़कर आसपास के दुकानदारों, साइकिल व पैदल राहगीरों की आंख में जाती है। साथ ही रास्ता संकरा होने से आवागमन में भी दिक्कत होती है। लोगों ने सड़क पर जमा मिट्टी हटवाए जाने की मांग की है।

### फैक्ट्रियों के भारी वाहनों से सड़क बिल्कुल खस्ताहाल

**कानपुर देहात।** औद्योगिक क्षेत्र रनियां के खानचंद्रपुर खड़ंजा से बिलवाहार, मटियामऊ समेत करीब एक दर्जन से अधिक गांवों को जाने वाली सड़क पर फैक्ट्रियों में जाने वाले भारी वाहनों के आवागमन से सड़क खस्ताहाल हो गई है। ऐसे में लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में कई बार सड़क का निर्माण व पैचवर्क कराया जा चुका है, लेकिन फैक्ट्रियों में आने वाले भारी वाहन मनमाने तरीके से फर्राटा भरते हैं। जिससे सड़क चंद दिनों में ही जर्जर हो जाती है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर कई रसूखदारों की फैक्ट्रियां हैं। जिनमे जाने वालों ओवरलोड वाहनों पर जिम्मेदार भी कार्रवाई नहीं करते हैं।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0-टी0- 202503400701584 सन्- 2025
अन्तर्गत धारा- 116 उ0प्र0राजस्व संहिता-2006, ग्राम- सुनवरसां, तहसील- मैथा, जनपद कानपुर देहात।
**चन्द्रभान सिंह**
बनाम
**अभिलाख आदि**
1-अभिलाख सिंह पुत्र चुन्नीलाल नि0ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 2-जगपाल सिंह पुत्र चुन्नीलाल नि0 ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 3- सुशील कुमार पुत्र चुन्नीलाल नि0ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 4- मुन्नी देवी पत्नी बलवीर सिंह नि0 ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 5- रामवीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह नि0 ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 6- शिववीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह नि0 ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 7-महेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र कमल सिंह नि0 ग्राम सुनवरसा पो0 मैथा रेलवे स्टेशन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत...दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 10.06.2025 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्षन मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 05.06.2025 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी, मैथा, कानपुर देहात।

## एक नजर

### कीट नियंत्रण योजनाओं के लिए 20 करोड़ 96 लाख जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि क्षेत्र में कीट व रोग नियंत्रण योजनाओं के लिए राज्य सरकार ने 20 करोड़ 96 लाख रुपये का बजट जारी किया है। विशेष सचिव ओम प्रकाश वर्मा ने बजट जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि इस बजट में न केवल आउट सोर्सिंग सेवाओं में आवश्यकतानुसार कर्मियों को वेतन दिया जा सकेगा, बल्कि विभिन्न मदों के लिए प्रावधानित बजट के अनुसार व्यय किया जाएगा।

### शाहजहांपुर की 14 सीएचसी में लगेंगे अग्निशमन संयंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** शाहजहांपुर के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) पर नए अग्निशमन संयंत्र स्थापित करने की स्वीकृति दी गयी है। स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव आनन्द कुमार राय ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि 14 सीएचसी में न केवल अग्निशमन संसाधन जुटाने को तीन करोड़ 41 लाख 60 हजार रुपये स्वीकृत किए, बल्कि सोमवार को एक करोड़ 33 लाख 61 हजार रुपये की दूसरी किश्त जारी कर शीघ्र क्रियान्यवन करने के निर्देश दिए हैं। इन 14 सीएचसी में भावलखेड़ा, ददरौल, कांट, मदनापुर, पुवायां, बंडा, सिधौली, तिलहर, निगोही, मिरानपुर कटरा, जयतीपुर, जलालाबाद, अल्हागंज एवं जरियनपुर शामिल हैं।

### ट्रॉमा-2 से मिलेगी मरीजों को राहत, शिलान्यास अगले माह

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में गंभीर मरीजों को तत्काल इलाज मुहैया कराने के लिए ट्रॉमा-2 के निर्माण की मंजूरी मिल गई है। उम्मीद है अगले माह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ट्रॉमा का शिलान्यास करेंगे। केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में 400 से अधिक बेड हैं। यहां कई प्रदेश से गंभीर मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। मरीजों का काफी दबाव है। इसकी वजह से काफी मरीजों को बिना इलाज लौटना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आज गिनाएंगे मोदी सरकार की उपलब्धियां

- 21 तक चलेगा 11 वर्षों पर केंद्रित प्रदेशव्यापी अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 जून से मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करेंगे। 21 जून तक विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण जैसे विषय शामिल हैं। जिलों में प्रदर्शनियां, प्रबुद्ध समागम और डिजिटल प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि मंडलों में संकल्प सभाएं और शक्ति केंद्रों पर चौपालों में आयुष्मान योजना के कैंप लगाए जाएंगे।

पहले दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पत्रकार वार्ता करेंगे और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। जिला स्तर पर 11 व 12 जून को प्रेस कांफ्रेंस होंगी। इसमें पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सरकार के मंत्री या सांसद संबोधित करेंगे। जिलों में प्रबुद्ध समागम होगा। इसमें तीन अलग-अलग वक्ता विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष समेत सशक्त भारत-सुरक्षित भारत विषय पर बोलेंगे। इसके वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी अपलोड किए जाएंगे। इंटरनेट मीडिया से जुड़े लोगों के लिए डिजिटल प्रतियोगिता 'बदलता भारत मेरा अनुभव' विषय पर कराई जाएगी।

# ड्रोन सर्वेक्षण से बनेगा शहरों का नक्शा, बेहतर होगा भू रिकॉर्ड


## सर्वेक्षण के बाद मिलेगी शहरी क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी, कम होंगे भूमि विवाद

- केंद्र सरकार की टीम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक
- भूमि खरीद व बिक्री में धोखाधड़ी पर लगेगी रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के बाद अब सभी शहरी क्षेत्रों में ड्रोन सर्वेक्षण से नया नक्शा बनेगा। इससे भू-रिकॉर्ड बेहतर होने के साथ शहरी क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी सामने आएगी, इससे भूमि का मालिकाना अधिकार को लेकर स्पष्टता आएगी। भूमि विवाद कम होंगे और भूमि खरीद व बिक्री में धोखाधड़ी पर रोक लगेगी।

सोमवार को राजस्व परिषद में ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी और संयुक्त सचिव कुनाल सत्यार्थी ने राजस्व विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर ड्रोन



सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। कहा गया कि वर्तमान में प्रदेश में 22.27 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास कर रही है। वर्ष 2031 तक 40 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास करने लगेगी। इसलिए सटीक व सुलभ भूमि रिकार्ड प्रणाली की जरूरत है। अभी तक शहरी क्षेत्रों के जो भी नक्शे हैं, वह टैक्स प्रणाली के मद्देनजर तैयार किए गए हैं। ड्रोन सर्वेक्षण के बाद सभी शहरों का नक्शा तैयार किया जाएगा, इससे भूमि का मालिकाना अधिकार को लेकर स्पष्टता आएगी।

केंद्रीय टीम ने जिन शहरों में ड्रोन सर्वेक्षण किया जाना है, वहां के नोडल अधिकारियों के साथ भी बैठक की। बैठक में राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद व राहत आयुक्त भानु गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सर्वेक्षण पूरा करने पर मिलेगी 10 करोड़ प्रोत्साहन राशि

भूमि संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव कुनाल सत्यार्थी ने बताया कि एकीकृत भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के लिए कराए जाने वाले सर्वेक्षण के जरिए सभी शहरों व कालोनियों के नक्शों की जियो-रेफरेंसिंग (वास्तविक दुनिया के भौगोलिक निर्देशांकों को डिजिटल मानचित्र या छवि के साथ जोड़ने की प्रक्रिया) पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य पूरा करने वाले नगरीय निकायों को 10 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। देशभर में 4,912 शहरों में ड्रोन सर्वेक्षण करवाने का लक्ष्य रखा गया है।

### डीआइएलआरएमपी के तहत होंगे सर्वेक्षण

डिजिटल इंडिया भूमि रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआइएलआरएमपी) के तहत होने वाले इस सर्वेक्षण के जरिए शहरी क्षेत्रों का क्षेत्रफल, वर्तमान वास्तविक स्थिति तथा भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी एकत्र की जाएगी। साथ ही शहरी क्षेत्रों में स्थित कालोनियों का भी नक्शा तैयार किया जाएगा। पहले चरण में टांडा, नवाबगंज, अनूपशहर, चित्रकूट धाम, गोरखपुर, हरदोई, झांसी, चुनार, पूरनपुर व तिलहर का ड्रोन सर्वेक्षण किया जाएगा। पिछले साल 2 सितंबर को केंद्रीय भूमि संसाधन विभाग के अधिकारियों की टीम ने लखनऊ में राजस्व विभाग के अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में ड्रोन सर्वेक्षण को लेकर प्रशिक्षण भी दिया था।

# दिव्यांगों को आरक्षण के लिए पद चिन्हित

## विभिन्न विभागों में श्रेणियों के साथ किया गया पदों का पुनर्चिन्हांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिव्यांगों को अब नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, न्याय विभाग, सचिवालय प्रशासन और ग्राम्य विकास विभाग में भी चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। इन विभागों द्वारा किए गए पदों के चिन्हांकन में श्रेणियां चिन्हित न करने ये यह लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब इनमें श्रेणियों सहित पदों का पुनर्चिन्हांकन कर दिया गया है।

प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजन के लिए लोक सेवाओं में चार प्रतिशत



पदों के क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था कर रखी है। इसमें रिक्तियों का एक-एक प्रतिशत खंड क, ख व ग में और एक प्रतिशत खंड घ व ड में आरक्षित किया गया है। अब विशेषज्ञ समिति द्वारा किए पुनर्चिन्हांकन में नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई विभाग) में समूह के तहत अधिशासी अभियंता, समूह ख में सहायक अभियंता और समूह ग में अवर अभियंता, बोरिंग टेक्नीशियन, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन और अमीन के पद चिन्हित किए गए हैं।

### इन श्रेणियों के दिव्यांग आएंगे पात्रता में

दृष्टिहीनता और कम दृष्टि, बधिर और श्रवण शक्ति हास, प्रमस्तिष्कीय अंग घात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण, बौद्धिक निशक्तता, विशिष्ट अधिगम निशक्तता और मानसिक निशक्तता।

पंचायती राज विभाग (राज्य निर्वाचन आयोग) में समूह ग के तहत कनिष्ठ सहायक व समूह घ के पद, न्याय विभाग (डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज) में समूह ग के तहत सहायक लेखाकार, आशुलिपिक, कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर सहायक (ग्रेड ए) के पद चिन्हित किए गए हैं।

सचिवालय प्रशासन विभाग में समूह ख के तहत अनुभाग अधिकारी (लेखा) और ग्राम विकास विभाग (दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान लखनऊ) में समूह ग के तहत शोध सहयुक्त के पद का पुनर्चिन्हांकन किया गया है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से इन पदों पर नियुक्तियों की कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# शाह से मिले योगी, जल्द घोषित होगा नया प्रदेश अध्यक्ष

## सरकार और संगठन में फेरबदल को लेकर हुई चर्चा

- गृहमंत्री के साथ पुलिस भर्ती नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर बनी रणनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के अचानक सोमवार को दोपहर बाद दिल्ली दौरे से सरकार और संगठन में फेरबदल को लेकर राजनीतिक अटकलें शुरू हो गईं। गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक में पुलिस भर्ती नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाने के साथ नए प्रदेश अध्यक्ष के नामों पर भी चर्चा हुई। शाह के 15 जून के दौरे के साथ संगठन के मुखिया का एलान भी हो सकता है। बैठक के बाद योगी लखनऊ लौटने के लिए हिंडन एयरपोर्ट रवाना हो गए।

दिल्ली दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह के बीच सोमवार को तकरीबन 35 मिनट तक बैठक चली। गृहमंत्री 15 जून को लखनऊ आएंगे, वे यहां समारोहपूर्वक 60 हजार से अधिक नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इस कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा के साथ यूपी में प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर भी चर्चा हुई। योगी और अमित शाह की इस बैठक में यूपी भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। सहमति बनी कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव और 2026 के पंचायत चुनावों को देखते हुए प्रदेश में नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान जल्द करेगी।



दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी।

### भाजपा अध्यक्ष के लिए इन नामों पर चर्चा

राज्य में भाजपा अध्यक्ष के लिए जहां ओबीसी वर्ग पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह और केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा का नाम चर्चा में है, वहीं दलित वर्ग से विद्यासागर सोनकर, और विनोद सोनकर के साथ सपा का जोरदार जवाब देने और युवाओं में बेहद लोकप्रिय समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण का नाम भी काफी चर्चा में है। ब्राह्मण चेहरे में पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी का नाम सामने आ रहा है।

### नए प्रदेश अध्यक्ष के एलान में देरी से संगठन सुस्त

हाल यह है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में देरी से युवा मोर्चा, दलित मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, महिला मोर्चा समेत अनुषांगिक संगठन सुस्त दिख रहे हैं। ऐसे में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी पर भी असर पड़ रहा है। अभी 28 जिलाध्यक्षों के नाम भी घोषित नहीं हो पाए हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष भी अपनी टीम नहीं बना सके हैं।

# सरकार सवाल पूछने से रोकती है : अखिलेश




लखनऊ एक होटल में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पूर्व एमएलसी कांति सिंह व पार्टी सांसद डॉ. एसपी सिंह।

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षा हमारे अंदर रोशनी पैदा करती है। शिक्षा से ज्ञान मिलता है और ज्ञान से जिज्ञासा और सवाल पैदा होते हैं, लेकिन यह सरकार सवाल करने से रोकती है। शिक्षा को महंगा कर रही है और रूढ़िवादी सरकार के मंत्री आपस में ही खींचतान कर रहे हैं। ये आरोप सोमवार को पूर्व एमएलसी कांति सिंह के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन करने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लगाए। पूर्व एमएलसी कांति सिंह लखनऊ पब्लिक स्कूल व कॉलेज के संस्थापक और सपा सांसद डॉ. एसपी सिंह की पत्नी हैं। उनके जीवन पर आधारित छूना है आसमां पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम लखनऊ के ताज होटल में आयोजित किया गया था। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि रूढ़िवादी लोग शिक्षा के खिलाफ हैं और इस पर नियंत्रण करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा शोषण नहीं, पोषण करती हैं।

# महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा का अनावरण आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार मंगलवार को महाराजा सुहेलदेव का विजयोत्सव मनाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहराइच में रहेंगे। वे यहां चित्तौरा के समीप स्थापित की गई महाराजा सुहेलदेव की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण करेंगे। साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे। राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची कांस्य यह प्रतिमा पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित की गई थी। इसका निर्माण उप्र संस्कृति विभाग के राज्य ललित कला अकादमी द्वारा कराया गया है। इसे सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पद्मश्री रामसुतार, रामसुतार आर्ट क्रिएशन्स प्रालि. द्वारा बनाया गया है।

# औद्योगिक क्षेत्रों में भी शुरू होगी दीदी की रसोई

- लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत गठित एसएलसीसी की हुई पहली बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्कूलों के साथ अब औद्योगिक क्षेत्रों में भी 'दीदी की रसोई' शुरू होगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इसके विस्तार के लिए निर्देश दिये। मुख्य सचिव सोमवार को लोकभवन में लखपति दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 'दीदी की रसोई' के समान प्रेरणा कैंटीन को स्कूलों के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। बैठक में यूपीएसआरएलएम की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि अब तक 17.09 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। 7 लाख 17 हजार स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड दिया गया है। 5 लाख 74 हजार एसएचजी को सामुदायिक निवेश निधि दी गई। 7 लाख 26 हजार को बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया। 49,800 दीदियों को एकीकृत कृषि क्लस्टर (आईएफसी) से जोड़ा जा रहा है।

## धर्म दर्शन

# 21वीं सदी पर भी थी कबीर की दृष्टि



सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

समाजसुधारक संत कवि कबीर जन्मे थे तो 16 शताब्दी में लेकिन उनकी नजर थी 21वीं सदी पर भी थी। जब वे दोहा 'कबीरा खड़ा बाजार में मांगे सब की खैर, ना काहू से दोस्ती नहिं किसी से बैर' लिख रहे थे तो वे जानते थे कि अर्थवादी और भौतिकता के चलते समाज में संवेदनशून्यता की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी और पूरी दुनियां अर्थ की होड़ में गुटों में विभक्त हो जाएगी तब भारी संकटों के कारण गुट निरपेक्ष आन्दोलन के बिना लोक कल्याण नहीं होगा। कबीर की यह पंक्तियां संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका की ओर इशारा करती हैं कि कोई ऐसा व्यक्ति या संगठन हो जो मानव-कल्याण को महत्ता दे। प्रकारांतर से कबीर अपनी स्थिति 'ना काहु से दोस्ती ना काहु से बैर' के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ की निरपेक्षता पर जोर देते है ताकि कहीं ऐसा न हो कि भौतिकता की होड़ में मनुष्य जानवर बन जाए। कबीर के एक दूसरे दोहे 'सांई से सब होत है बंदे ते कछु नाहिं, राई से पर्वत करे पर्वत राई माहि' में भी वे सांई शब्द प्रयोग करते हुए व्यक्ति में आदर्शो एवं संस्कारों की विशिष्टता का एहसास करा रहे है क्योंकि संरक्षण देने वाला ही सांई (मालिक) हो सकता है जबकि वंदे शब्द के माध्यम से निरन्तर वन्दगी, जी-हुजूरी, खुशामदी तथा दूसरों के बल पर जीवन जीने वालों से किसी उपलब्धि की आशा नहीं की जा सकती। इस दोहे में कबीर के वनस्पतिशास्त्र का ज्ञाता होना भी झलकता है। कबीर 'वंदा' नाम के उस पेड़ से परिचित दिखते है जो परजीवी है और आसपास के पेड़ों का खुराक लेकर बढ़ता है। यहां कबीर दूसरों का हक छीनने की कोशिशों पर कटाक्ष कर रहे हैं।

इस तरह के लोग ठाठ-बाट से भले जीते हैं पर समाज मे कुछ ऐसा बड़ा या नया काम नहीं कर सकते कि जमाना उनके पीछे चले या उन्हें लंबे दिनों तक याद करे। इसी दोहे में आगे कबीर का आधुनिक हाईटेक दुनियां का अनुमान शत प्रतिशत खरा है। हाईटेक युग मे राई जैसे पेन ड्राइव (चिप) में विशाल दुनियां के साथ अंतरिक्ष तक को समेट लेने की तकनीक सामने है। संत कबीर का भौतिकता पर भी कटाक्ष इस दोहे के जरिए देखा जा सकता है जिसमें वे लिखते है कि 'काकर पाथर जोड़ के मस्जिद दई बनाय, ता चढ़ी मुल्ला बाग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय'। यहां भौतिकता (आलीशान पत्थर के भवनों) के बल पर सम्मान पाने की कोशिशों पर व्यंग्य परिलक्षित होता है। मानवीय गुणों से हीन व्यक्ति येन-केन-प्रकारेण धन कमाकर और भौतिक उपकरणों के बल पर श्रेष्ठ बन रहा है। संत कवियों में गोस्वामी तुलसीदास ने भी रामचरित मानस में अनेक प्रसंगों में इस तरह की प्रवृत्तियों को रेखांकित किया है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सन्त कबीर ने अपने तीसरे नेत्र से आने वाले समय को देख लिया था। जाहिर है कि कबीर सचाई के बल पर जीवन मे तप किया जिसके चलते वें भगवान शंकर की तरह त्रिनेत्रधारी हो गए।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी-11.35 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष :** आज विवादों से दूर रहें वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। अपनी गलतियों को स्वीकार कर उसमें सुधार कर लेना हितकर होगा। स्वार्थी प्रवृत्ति के मित्रों के कारण आपको परेशानी होगी। आज यात्रा करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत कुछ खराब हो सकती है।

**वृष :** आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहने वाला है। घरेलू उलझनों से आपको छुटकारा मिलेगा। योजनाबद्ध तरीके से आप सभी काम करेंगे। व्यवसाय में आपको अचानक धन लाभ प्राप्त होगा। किसी बड़े प्रोजेक्ट की शुरुआत करने के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन :** आज आपकी कार्यशैली से लोग बहुत प्रसन्न रहेंगे। लंबे समय से चली आ रही कोई समस्या दूर होगी। काम की अधिकता के बावजूद आप अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। अपने सहकर्मियों पर विश्वास बनाये रखें। नई जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं।

**कर्क :** आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। लेकिन आप अपनी लापरवाही से उन अवसरों को खो सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आज थोड़ा गंभीरता दिखाना आवश्यक है। व्यर्थ की यात्राओं में आपका समय व्यर्थ हो सकता है।

**सिंह :** आज आप दिखावे में अधिक धन खर्च कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप जल्दी में काम समेटने की कोशिश कर सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके प्रति सम्मान का भाव रखेगा। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। शुभचिन्तकों का निरादर न करें।

**कन्या :** आज किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में अत्यन्त वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को कठिन समस्याओं का हल मिलेगा।

**तुला :** आज कार्यस्थल में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। करियर को लेकर योजना बनाने के लिए बुजुर्गों से सलाह ले सकते हैं। आज आप गृहकार्यों में अत्यन्त व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक :** आज आप लगन और उत्साह से काम करेंगे। गूढ़ विद्याओं में आप रुचि लेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अनुशासन का अत्यधिक ध्यान रखेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। मानसिक शान्ति के लिए आप कुछ समय अकेले में बिताना चाहेंगे।


**धनु :** आज किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में किसी कारण झगड़ा हो सकता है। बच्चों को सिरदर्द की समस्या हो सकती है। महिलाओं को मासिक धर्म संबंधी समस्या होने की संभावना है। आज आपके खर्चों में वृद्धि होगी।

**मकर :** आज शेयर मार्केट से आपको बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आपकी मनोकामना की पूर्ति होगी। प्रिय मित्रों के साथ आप समय बिताना चाहेंगे। धन का लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**कुंभ :** आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। तकनीक संबंधी कार्यों में आपको धन लाभ मिलेगा। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आपको लाभ होगा।

**मीन :** आज व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। मित्रों के माध्यम से आपको शुभ सूचना मिल सकती है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। गैरकानूनी कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। आज वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 06.02 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।


## वर्ग पहेली- 457

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर, जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।




### वर्ग पहेली -456 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | ■ | ■ | 2 गों |
| रा | ■ | ■ | 3 ज़ो | ■ | द |
| लुं | ■ | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | ■ | ■ | दा | ■ | ■ |
| त | ■ | 5 अ | र | का | न |
| ■ | ■ | ज़ा | ■ | ■ | ■ |
| 6 लं | घ | न | ट | ■ | ■ |

## सुडोकू-4

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 3 | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | 6 | | 3 |
| | | | 8 | 9 | | | | 5 |
| 8 | | 1 | | | 3 | 5 | 2 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 9 | 2 | 4 | 5 | | | 8 | | 7 |
| 1 | | | | 4 | 5 | | | |
| 7 | | 6 | | | | 3 | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 1 | |

### सुडोकू - 3 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 1 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 4 |

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नरा: पण्डितबुद्धय: ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्टा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# खतरनाक मोड़ पर युद्ध

तीन साल से ज्यादा समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध खतरनाक मोड़ पर है। रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया जिसके तहत बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। हमले में 24 घंटे में 200 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों की मौत की खबर है। साथ ही रूस ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दिए गए 26 अब्राम्स टैंकों को नष्ट कर दिया। अब्राम्स अमेरिका का मुख्य युद्धक टैंक है। हवाई हमला दोनों देशों के सैनिकों के शवों की अदला-बदली के बीच हुआ है, जिससे नए सिरे से शांति वार्ता की संभावनाओं पर चिंताएं बढ़ गई हैं। रुस का कहना है कि ये हमले यूक्रेन द्वारा पिछले आठ दिनों से किए जा रहे लगातार हमलों के जवाब में किए गए हैं। इन हमलों में रूस के ऊर्जा क्षेत्र, तुला में एक केमिकल प्लांट, मास्को में एक लुब्रिकेंट कंपनी का गोदाम, और नोवगोरोद में एक ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। यूक्रेन ने भी क्रीमिया पर कब्ज़े की तैयारी शुरू कर दी है जिससे युद्ध और भीषण होने की आशंका बढ़ गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस आम लोगों को निशाना बना रहा है। यह युद्ध अब केवल यूक्रेन का नहीं, मानवता का युद्ध है।

अमेरिका, यूरोप और पूरी दुनिया को अब निर्णायक दबाव बनाना होगा। निर्णायक कार्यवाही का समय है केवल समर्थन से युद्ध नहीं रुकेगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2022 से अब तक रूस-यूक्रेन के हजारों नागरिक मारे गए, लाखों लोग विस्थापित हुए। इससे यूक्रेन की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अगर रूस लड़ाई के मैदान में तेजी दिखा रहा है, तो यूक्रेन भी दिलेर बना हुआ है। वैसे भी रूस ने इस कार्रवाई को अपने बमवर्षकों पर यूक्रेन द्वारा किए गए हमलों का प्रतिशोध बताया। अभी तक ट्रंप की शांति कायम करने की कोशिशों में बहुत कम प्रगति हुई है। लेकिन उन्हें हार नहीं माननी चाहिए। मतभेदों को कम करने और एक स्थायी युद्धविराम की दिशा में काम करने में अमेरिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। अगर जंग जारी रही, तो दोनों पक्षों का नुकसान और भी बढ़ जाएगा। यूक्रेन कमज़ोर हवाई सुरक्षा, जनशक्ति के गहरे संकट और अमेरिकी समर्थन को लेकर अनिश्चितता से जूझ रहा है। वैसे भी यूक्रेन युद्ध ने देश को अस्थिर कर दिया है, पश्चिम को अलग-थलग कर दिया है और विश्व भर में युद्ध ने आर्थिक असुरक्षा को बढ़ावा दिया है।

# इंजीनियरिंग के आकाश पर भारत का परचम



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

इतिहास की दृष्टि से देखें तो जम्मू-कश्मीर में रेलवे नेटवर्क स्थापित करने के प्रयास 19वीं सदी में शुरू हुए थे। 1897 में जम्मू से सियालकोट (अब पाकिस्तान) तक पहली रेललाइन बनी, जो 1947 के विभाजन के बाद समाप्त हो गई।

भारत के सबसे दुर्गम और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक, जम्मू-कश्मीर का रियासी जिला, इसी रियासी जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऐतिहासिक चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया गया, जिससे भारत के सबसे कठिन रेलवे प्रोजेक्ट 'उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक' (यूएसबीआरएल) का सबसे जटिल और निर्णायक भाग पूरा हो गया। यह परियोजना भारतीय रेलवे के इतिहास में अब तक की सबसे जटिल और महत्वपूर्ण परियोजना मानी जाती है।

अभी तक जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनें श्रीनगर तक नहीं, जम्मू तवी तक ही जाने की सुविधा देती थी, उसके आगे या तो लोगों को सड़क मार्ग के जरिए श्रीनगर तक का 350 किलोमीटर का रास्ता तय करना होता था या हवाई मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। ठंड के मौसम में बर्फबारी के बाद सड़क मार्ग के बंद होने का खतरा पैदा हो जाता था। चिनाब रेलवे ब्रिज को बनाने में दो दशक का समय जरूर लगा लेकिन अब इसके शुरू होने के बाद कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच सीधा रेल लिंक बनने से लोग कन्याकुमारी से सीधा कश्मीर घाटी तक जा सकेंगे।

चिनाब नदी पर बना चिनाब रेलवे ब्रिज न केवल एक तकनीकी चमत्कार है बल्कि यह भारत की इंजीनियरिंग शक्ति, वैज्ञानिक कौशल, राष्ट्रीय संकल्प और कूटनीतिक दूरदृष्टि का भी प्रतीक बन गया है। यह पुल अब वैश्विक पटल पर भारत की उपलब्धियों का जीवंत प्रमाण है क्योंकि यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है, जिसकी ऊंचाई एफिल टॉवर से भी अधिक है। यह पुल न केवल भारत के लिए सामरिक और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है बल्कि यह देश की विकास यात्रा में एक युगांतरकारी मील का पत्थर भी है। चिनाब ब्रिज चिनाब नदी के ऊपर 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो एफिल टॉवर (324 मीटर) से 35 मीटर अधिक ऊंचा है। इसकी कुल लंबाई 1315 मीटर है और मुख्य आर्क का फैलाव 467 मीटर है। यह पुल आर्क ब्रिज तकनीक पर आधारित है, जिसमें स्टील की दो विशाल कमानी संरचनाओं को नदी के दोनों किनारों पर बनाए गए

> अभी तक जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनें श्रीनगर तक नहीं, जम्मू तवी तक ही जाने की सुविधा देती थी, उसके आगे या तो लोगों को सड़क मार्ग के जरिए श्रीनगर तक का 350 किलोमीटर का रास्ता तय करना होता था या हवाई मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। ठंड के मौसम में बर्फबारी के बाद सड़क मार्ग के बंद होने का खतरा पैदा हो जाता था।

एंकरों से जोड़कर मध्य में स्थिर किया गया है। यह तकनीक इतनी जटिल थी कि इसे अंजाम देने में दुनियाभर के विशेषज्ञों की मदद लेनी पड़ी।

इस ब्रिज की संरचना में 63 मिलीमीटर मोटी स्टील प्लेट्स का इस्तेमाल किया गया है, जो ब्लास्ट-प्रूफ हैं और सामरिक दृष्टि से अत्यधिक मजबूत हैं। इस ब्रिज का डिजाइन इस तरह से किया गया है कि यह 8 रिक्टर स्केल तक के भूकंप और 260 किलोमीटर प्रतिघंटा की अत्यधिक तेज रफ्तार वाली हवाओं को भी सहन कर सकता है। यह पुल यूरोपीय मानक सीईएन श्रेणी का पालन करता है, जो विश्व की सबसे कठिन इंजीनियरिंग परियोजनाओं के मानकों में से एक है। इस ब्रिज का निर्माण कार्य वर्ष 2004 में शुरू हुआ था किंतु भूगर्भीय जटिलताओं, प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवाद जनित बाधाओं के कारण यह कार्य कई बार रुका और डिजाइन में परिवर्तन की आवश्यकता पड़ी। वर्ष 2008 में फिर से इसकी इंजीनियरिंग संरचना पर पुनर्विचार किया गया और नवीनतम तकनीकों का सहारा लेते हुए इसे दोबारा आरंभ किया गया।

इस परियोजना की कुल लागत अब तक 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है, जिसमें केवल चिनाब ब्रिज पर ही लगभग 1,486 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इसके निर्माण में 28,660 मीट्रिक टन स्टील का उपयोग हुआ है और 10 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक खुदाई का कार्य किया गया है। पुल की संरचना तैयार करने में कुल मिलाकर 17 स्टील के खंभों का सहारा लिया गया है। चिनाब ब्रिज के निर्माण में कई अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। इसमें केबल क्रेन प्रणाली का उपयोग किया गया। यह विश्व की सबसे ऊंची केबल क्रेन प्रणाली थी, जो 3000 फीट की ऊंचाई पर कार्य कर सकती थी। इसके अलावा जियोटेक्निकल रडार सिस्टम और स्ट्रेस मॉनिटरिंग तकनीक इस्तेमाल की गई, जो पुल की संरचनात्मक स्थिरता की निगरानी के लिए स्थापित की गईं। पूरे पुल पर ऐसी सेंसर प्रणाली लगाई गई है जो मौसम, कंपन और बाह्य आघातों की निगरानी करती है। पुल की संरचनात्मक मजबूती की पुष्टि के लिए 700 से अधिक 'ब्लास्ट लोड टेस्टिंग और वाइब्रेशन एनालिसिस' किए गए।

इस परियोजना में भारत की एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर, कोंकण रेलवे, डीआरडीओ और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता का भी सहयोग लिया गया। जर्मनी की लियोनहार्ट एंड्रा, कनाडा की डब्ल्यूएसपी तथा डेनमार्क और दक्षिण कोरिया की इंजीनियरिंग कंपनियों ने भी इस चुनौतीपूर्ण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इतिहास की दृष्टि से देखें तो जम्मू-कश्मीर में रेलवे नेटवर्क स्थापित करने के प्रयास 19वीं सदी में शुरू हुए थे। 1897 में जम्मू से सियालकोट (अब पाकिस्तान) तक पहली रेललाइन बनी, जो 1947 के विभाजन के बाद समाप्त हो गई। 1975 में पठानकोट-जम्मू लाइन शुरू हुई और 1983 में जम्मू-उधमपुर परियोजना शुरू की गई, जिसे पूरा करने में दो दशक लगे। 1994 में यूएसबीआरएल परियोजना की घोषणा हुई और 1995 में इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया। तब से लेकर अब तक 20 से अधिक सुरंगें और 158 पुल इस परियोजना के अंतर्गत बनाए जा चुके हैं। इनमें बनिहाल सुरंग (पीर पंजाल) की लंबाई 11.2 किमी है, जो देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है।

पुल के निर्माण में भौगोलिक और पर्यावरणीय चुनौतियां अत्यधिक जटिल थी। चिनाब नदी के किनारों पर गहरी खाइयों, चट्टानी भूगर्भीय परिस्थितियों और खराब मौसम ने कार्य को अत्यंत जोखिमपूर्ण बना दिया था। 1.1 लाख मीट्रिक टन स्टील का ऑर्डर दिया गया और उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर जांच की गई। इस पुल की विशेषता यह है कि इसमें तापमान परिवर्तन को सहने के लिए थर्मल एक्सपेंशन की सुविधा है। इसके साथ ही इसमें विशेष ग्रोव और एंटी-बकल प्लेट्स का प्रयोग किया गया ताकि वातावरणीय प्रभाव से संरचना को क्षति न पहुंचे। चिनाब ब्रिज केवल एक संरचना नहीं है, यह भारत की सुरक्षा रणनीति का भी अभिन्न हिस्सा है। एलओसी के निकट होने के कारण यह पुल सेना को सीमांत क्षेत्रों में त्वरित और निर्बाध आपूर्ति, लॉजिस्टिक्स और सैनिकों की तैनाती में सहायता प्रदान करेगा और आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाइयों के लिए यह पुल एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह पुल कश्मीर घाटी को भारत के बाकी हिस्सों से जोड़ने का माध्यम बनता है। इससे सेब, अखरोट, हस्तशिल्प, कागज और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में व्यापार में वृद्धि होगी। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत के मुख्य महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता से कश्मीर की दूरी रेल मार्ग से कम हो जाएगी। इस परियोजना में पर्यावरणीय दृष्टिकोण से विशेष सावधानी बरती गई है। सुरंगों के निर्माण में 'एनएटीएम' (न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मैथड) जैसी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तकनीकों का उपयोग किया गया। वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की रक्षा हेतु कई कदम उठाए गए। हरियाली की बहाली और निर्माण स्थलों के पास पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन कर उपयुक्त कदम उठाए गए। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह केवल एक पुल नहीं बल्कि कश्मीर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का एक जीवंत प्रयास है। इससे वहां की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक समरसता को मजबूती मिलेगी और एक नया युग आरंभ होगा। चिनाब ब्रिज अब न केवल इंजीनियरिंग का आश्चर्य है बल्कि यह भारत के आत्मविश्वास, दृढ़संकल्प और तकनीकी क्षमता का प्रतीक है।

## प्रसंगवश

# मिलावट: मुंह में नहीं जमीर में घुला जहर



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

मिलावट शब्द सुनते ही ज़हन में नकली दूध, पत्थर मिली मूंगफली, चायपत्ती में रंग, और मसालों में धूल की तस्वीरें दौड़ जाती हैं। पर ये तस्वीरें सिर्फ़ पेट तक सीमित नहीं हैं। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, ज़मीर और व्यवस्था में हो रही है। बाज़ार में बिकने वाले हर उत्पाद के साथ-साथ हमारी संवेदनाएं, ईमानदारी और नैतिकता भी धीरे-धीरे प्रदूषित हो रही हैं। और मज़े की बात देखिए- इस मिलावट को हमने इतना आम मान लिया है कि अब जब असली चीज़ सामने आती है, तो हमें शक होने लगता है। नीयत में मिलावट, नफे में धोखा, और ग्राहक की सेहत की बलि।

गांव की गलियों से लेकर शहर के शोर तक, हर ओर वही अफ़सोसनाक कहानी है। अचार में पड़ी लाल मिर्च चमकती है, लेकिन असल में वह रंग ऐसा होता है जो कपड़े रंगने के लिए होता है। दूध में जो झाग है, वह डेयरी की ताजगी नहीं बल्कि डिटर्जेंट का कमाल है। और सब्ज़ियों पर जो हरियाली दिखती है, वह प्रकृति की नहीं, रसायनों की देन है। हम जो खाते हैं, वह शरीर में नहीं, धीरे-धीरे हमारी आत्मा में ज़हर घोल रहा है।

एक समय था जब किसी के घर से दूध, घी या अनाज आता था तो उसे आंख मूंदकर स्वीकार कर लिया जाता था। आज तो रिश्तेदार की लाई हुई मिठाई को भी जांचने की ज़रूरत है -कहीं वह मिलावटी न हो। बाज़ार में "शुद्धता" अब सिर्फ एक ब्रांडिंग टूल है, हकीकत से उसका कोई लेना-देना नहीं। "100 प्रतिशत शुद्ध" लिख देने से चीज़ें शुद्ध नहीं हो जातीं, लेकिन उपभोक्ता की आंखों पर ऐसी पट्टी बंध चुकी है कि वह सोचता भी नहीं।

बच्चों की टॉफियों में लेड की मात्रा, आटे में चूना, हल्दी में सिंथेटिक रंग-ये सिर्फ स्वास्थ्य के सवाल नहीं हैं, ये समाज के नैतिक पतन की निशानियां हैं। और अफ़सोस ये है कि इस मिलावट पर सिर्फ दुकानदारों या कंपनियों की जिम्मेदारी नहीं बनती, हमारे सहनशील समाज की भी बनती है जो सब कुछ जानते हुए चुप रहता है। जो "चलता है" वाली मानसिकता में जीता है, और धीरे-धीरे मरता है।

मिलावट सिर्फ खाने-पीने तक सीमित नहीं है। भावनाओं में मिलावट, रिश्तों में स्वार्थ की मिलावट, इबादतों में दिखावे की मिलावट और सबसे खतरनाक- राजनीति में विचारधाराओं की मिलावट। पहले लोग विचारों के लिए जिए और मरे, अब विचार तो 'पैकेज' में आते हैं। आजकल 'सेक्युलर' और 'राष्ट्रवादी' दोनों को एक ही विज्ञापन में बेचा जा सकता है-बस प्रचार सही हो। कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ-इसका निर्णय अब ट्रोल आर्मी करती है, न कि तर्क और विवेक।

कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि मिलावट अब हमारी पहचान बन गई है। चुनावी घोषणाओं में वादों की मिलावट, अखबारों में खबरों की मिलावट, सोशल मीडिया पर तथ्यों की मिलावट- हर तरफ़ से हमें मिलावटी दुनिया ही घेर रही है।

दूसरी ओर, मुनाफाखोरी की भूख भी रुकने का नाम नहीं ले रही। व्यापारी जानता है कि अगर वह मूंगफली में 5 प्रतिशथ पत्थर मिला देगा, तो साल के अंत में लाखों का फायदा होगा। कंपनियांजानती हैं कि अगर थोड़ा-बहुत पाउडर रंग मिला दें तो ग्राहकों को "फ्रेश" लगेगा। और उपभोक्ता को ये सब पता होते हुए भी, वह मजबूर है - क्योंकि विकल्प कम हैं और सच्चाई महंगी है।

इस मिलावटी माहौल में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो ईमानदारी से काम कर रहे हैं। जो अपने खेत में जैविक खेती करते हैं, जो बिना मिलावट के मिठाई बनाते हैं, जो दूध में पानी नहीं मिलाते। लेकिन इनका संघर्ष बहुत कठिन है। उपभोक्ता इन्हें महंगा कहकर छोड़ देता है, और सरकार इन्हें सहयोग की बजाय नियमों में उलझा देती है। ऐसे में सच बोलना और सही बेचना दोनों ही एक किस्म की 'क्रांति' बन गए हैं। समाज की जड़ों में घुसी मिलावट को रोकने के लिए सिर्फ कड़े कानून ही नहीं, एक सांस्कृतिक आंदोलन की ज़रूरत है। हमें बच्चों को सिखाना होगा कि सच्चाई ही सबसे बड़ा व्यापार है। हमें उपभोक्ता के रूप में सजग होना होगा, सवाल पूछने होंगे, जांच करनी होगी, और सबसे जरूरी- अपने ज़मीर से समझौता नहीं करना होगा।

# मोदी सरकार की विदेश नीति के 11 साल



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

> आज भारत का मध्य एशियाई देशों से व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसी तरह भारत-यूएई रिश्ते भी तेजी से परवान चढ़ रहे हैं।

किसी भी राष्ट्र की विदेशनीति को प्रभावित करना अथवा अपने अनुकूल बनाना आसान नहीं होता। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 11 वर्ष के कालखंड में यह कारनामा कर दिखाया है। सबसे पहले दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की बात करें तो उन्होंने अपने 11 वर्ष के कालखंड में दोनों देशों के बीच सामरिक-आर्थिक और भू-रणनीतिक साझेदारी को नया आयाम दिया है। गौर करें तो अमेरिका-भारत रक्षा सौदे का बजट जो पिछले एक दशक में 2008 तक शून्य था वह आज 2025 में बढ़कर तकरीबन 22 बिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है। अगर दोनों देशों के बीच इसी तरह सामरिक सामंजस्य और भरोसा बना रहा तो वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच रक्षा सौदा 30 बिलियन डॉलर के पार पहुंच सकता है।

दुनिया के ताकतवर देशों में शुमार रुस की बात करें तो अमेरिका की लाख मनाही के बावजूद रुस ने भारत को एस-400 एयर डिफेंस मिसस्टम की आपूर्ति करके रेखांकित कर दिया कि दोनों देश सदाबहार साथी हैं और किसी के दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। रक्षा समझौतों के अलावा दोनों देश रेलवे, फर्टिलाइजर, अतंर्राष्ट्रीय संस्थानों में सहयोग, आतंकवाद व नशीली पदार्थों के खिलाफ साझा जंग और सौर व नाभिकीय उर्जा का शांतिपूर्वक उपयोग जैसे अन्य मसलों पर भी साथ-साथ हैं। रिश्तों की प्रगाढ़ता और मोदी-पुतिन केमेस्ट्री की चमक का ही असर है कि दोनों देश एकस्वर में आतंकवाद के विरुद्ध मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

अमेरिका और रुस की तरह भारत-फ्रांस संबंध भी नए शिखर पर है। दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हो चुके हैं। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने को तैयार हैं। दोनों देश विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य सेवा सहयोग, कृषि समेत पब्लिक एडमिनिस्टेशन एंड रिफार्म्स के मसले पर भी साथ-साथ हैं। प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित कर चुके हैं कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान सभी क्षेत्र में कंधा जोड़ आगे बढ़ने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रुप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमत हैं।


भारत और आस्ट्रेलिया के संबंधों की बात करें तो भले ही दोनों देश भौगोलिक रुप से दूर हैं लेकिन ऐतिहासिक संबंधों के डोर से बंधे हुए हैं। आस्ट्रेलिया के संसद से भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता पारित हो चुका है। इस समझौते से कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभुषण और मशीनरी सहित भारत का तकरीबन 6000 से अधिक उत्पाद आस्ट्रेलियाई बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंचने लगा है। भारतीय नागरिकों के लिए वीजा आसान हो गया है। मौजूदा समय में आस्ट्रेलिया के निर्यात का छठा सबसे बड़ा गंतव्य-स्थान भारत ही है, जिसमें कोयला, सोना एवं शिक्षा जैसी सेवाएं शामिल है। दोनों देश व्यापक ज्ञान भागीदारी के सृजन हेतु भी काम कर रहे हैं जिसमें प्राथमिक स्कूल से विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षा में संयुक्त सहयोग परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्य शामिल है। दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर मुहर लगाते हुए टेड व इन्वेस्टमेंट, डिफेंस व सिक्योरिटी, एजुकेशन एंड इनोवेशन तथा साइंस एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के साथ भी रिश्ते मजबूत किए है दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार जो 2018-19 में 16.7 अरब डॉलर था, वह आज बढ़कर 40 अरब डॉलर यानी चार लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है। इससे दोनों देशों के तकरीबन 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

आज भारत का मध्य एशियाई देशों से व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसी तरह भारत-यूएई रिश्ते भी तेजी से परवान चढ़ रहे हैं। गत वर्ष संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान की 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' में सहभागिता और विकास में सहयोग का संकल्प रेखांकित करता है कि दोनों देश आपसी रिश्ते को धार देने को तैयार हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देशों मसलन नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के साथ-साथ आसियान, बिम्सटेक, सार्क, जी-20, जी-7 जैसे वैश्विक संगठनों से भी रिश्ते मजबूत बनाए हुए हैं।

## सोशल फोरम

# जनतांत्रिक बहस



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बहस शुरू होते ही संवादी को भक्त या अंधभक्त अथवा वामी या सिकुलर घोषित कर देने पर तथ्याधारित, स्वस्थ और तार्किक बहस के लिए स्पेस खत्म हो जाता है। बहस तो मुद्दों-मुद्दों पर ही हो सकती है, बहस करने वाले व्यक्ति के वैचारिक रुझान, उसकी योग्यता-अयोग्यता या नीयत और चरित्र पर नहीं। इसे बहस नहीं, 'तू तू मैं मैं' कहते हैं।

पहली बात तो यह कि कौन किसको पूरी तरह जानता है या जान सकता है? ऐसे में किसी व्यक्ति को हमेशा के लिए भक्त, अंधभक्त अथवा वामी, सिकुलर ब्रैंड करके बहस और आलोचना का रास्ता तो ब्रैंड करने वाला ही बंद कर देता है।

यदि कोई खुले दिमाग का व्यक्ति किसी तनहा मुद्दे पर अपनी ईमानदार समझ से गुणावगुण के आधार पर किसी पक्ष का समर्थन या विरोध कर रहा हो और सिर्फ उसी नाते उसे भक्त या वामी घोषित कर दिया जाए तो क्या होगा? वह ढुलमुल प्रकृति का हुआ तो प्रतिक्रिया में संभावना यही रहती है कि वह वस्तुतः अंधभक्त/घोर वामी बनने की ओर प्रवृत्त हो जाए। ऐसे में संवादी का लक्ष्य पूरा होने के बजाय विपक्ष के ध्रुवीकरण से और भी खंडित हो जाएगा। नीयत आभ्यंतर होती है। अभी तक ऐसा कोई यंत्र ईजाद नहीं हुआ जो किसी की नीयत का अक्स ले सके। किसी की नीयत साफ़ है या खोटी, यह हमारा अपना अनुमान होता है जिस पर हमारी अपनी प्रतीतियों और विचारों की छाया न हो, मानवीय धरातल पर असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। किन्तु हमें अपने से भिन्न विचार वाले व्यक्ति के कथ्य को तथ्य और तर्क से काटने के बजाय उसकी नीयत पर सवाल उठा देना सबसे आसान लगता है। संवादी की नीयत खोटी हो भी सकती है, नहीं भी। ऐसे में नीयत पर सवाल उठाने के बजाय गुणावगुण के आधार पर उसके कथ्य का विश्लेषण करने पर खोटी नीयत के चलते मेरिट पर भी उसमें झोल दिख जायेगा। बस उसी पर ज़ोर देने से स्वस्थ बहस जारी रह सकती है।

जनतंत्र में न वर्ग संघर्ष के लिए कोई स्पेस है, न धर्मयुद्ध के लिए। जनतंत्र का आधार ही यही है कि सामान्य अवस्था में बहस-मुबाहसे से अल्पमत बहुमत में और बहुमत अल्पमत में अंतरित होता रहता है।

-फेसबुक वॉल से

# साइकिल चोरी की गुमशुदा खबर



रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

> राजमार्गों तो साइकिल सवारों के चढ़ने की भी मनाही है। आंकड़े चुगली करते हैं कि देश की एक फीसदी सड़कें भी साइकिल सवारों के हिसाब से नहीं बनाई गईं जबकि उनकी तादाद किसी भी अन्य श्रेणी के वाहन चालकों से ज्यादा है।

हाल ही में 3 जून को विश्व साइकिल दिवस था। हो सकता है कि इस ओर आपका ध्यान न गया हो। वैसे तो आमतौर पर मेरा भी ध्यान इस प्रकार से मनाए जाने वाले दिवसों पर नहीं जाता मगर न जाने क्यों उस रोज चला गया। अखबार से साइकिल दिवस की जानकारी मिलते ही सबसे पहले तो यही सवाल मन में कौंधा कि दशकों हो गए किसी अखबार में साइकिल चोरी की कोई खबर क्यों नहीं पढ़ी? बीस तीस साल पहले तो लगभग रोज ही एक सिंगल कॉलम अथवा संक्षिप्त खबर साइकिल चोरी की मिल ही जाया करती थी। क्या देश में अब साइकिलें खत्म हो गई हैं अथवा बदमाशों ने अब साइकिल चोरी करना बंद कर दिया है? बस फिर क्या था, कई घंटे मशक्कत कर पूरे प्रदेश के आंकड़े टटोल डाले तो ले देकर केवल तीन मामले सामने आए। पहला सीतापुर का था जहां एक ऐसा चोर पकड़ा गया जो केवल साइकिलें चोरी करता था और उसने ढाई सौ से अधिक साइकिलें चोरी करने की बात कबूली थी। दूसरा मामला बस्ती जिले का था जहां साइकिल चोरी की बात इसलिए प्रकाश में आई कि चोर की उम्र मात्र आठ साल थी। तीसरा मामला एक पर्वतारोही की विदेशी साइकिल चोरी होने का निकला जाहिर है ये मामले भी तब दर्ज हुए होंगे जब चोर पकड़े गए होंगे अन्यथा साइकिल जैसी मामूली चीज की चोरी की रपट लिखवाने हेतु थाने में घुसने की हिम्मत भी भला कोई कैसे कर सकता है? क्या अब भी इस बात पर और चर्चा करने की जरूरत है कि कथित विकास के इस शोर में मुल्क के करोड़ों साइकिल सवारों की आवाज अब कहीं गुम हो चुकी है?

साल 2011 की जनगणना के अनुरूप देश में बारह करोड़ घरों में साइकिल थी। ग्रामीण क्षेत्रों में तो 68 फीसदी घरों में साइकिल पाई गई। सरल, किफायती और विश्वसनीय होने के कारण लोग साइकिल से प्रेम करते देखे गए। साइकिल सवारों की तादाद अब कितनी घटी अथवा बढ़ी है, यह तो आगामी जनगणना से ही पता चलेगा। मगर यह ट्रेंड तो साफ दिख रहा है कि आम आदमी साइकिल को गरीब की सवारी मान कर अब इससे पल्ला छुड़ाने की जुगत में है तो वहीं दूसरी तरह शिक्षित और संपन्न आदमी पर्यावरण की सुरक्षा और अच्छी सेहत की गरज से साइकिल का दीवाना हो रहा है। पिछले पांच छह सालों से लगभग हर साल दो करोड़ साइकिलें देश में बिक रही हैं और कोरोना काल में इसका ग्राफ सर्वाधिक तेजी से बढ़ा था। हालांकि मूल रूप से अभी भी साइकिल गरीब आदमी की ही सवारी है और यही कारण है कि इस मुल्क में साइकिल सवार की अब कोई अलग से श्रेणी भी नहीं बची है। देश में पिछले साल हुई 1 लाख 73 हजार सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए 4 लाख 22 हजार और घायल 4 लाख 28 हजार लोगों ने से कितने लोग साइकिल सवार थे, साइकिल चोरी की तरह इसे भी कहीं अलग से दर्ज नहीं किया गया। देश की तमाम सड़कें मोटर वाहनों के हिसाब से ही डिजाइन की जाती हैं और साइकिल सवार की हैसियत अछूत सरीखी है। राजमार्गों तो साइकिल सवारों के चढ़ने की भी मनाही है। आंकड़े चुगली करते हैं कि देश की एक फीसदी सड़कें भी साइकिल सवारों के हिसाब से नहीं बनाई गईं जबकि उनकी तादाद किसी भी अन्य श्रेणी के वाहन चालकों से ज्यादा है। तो क्या क्या इस देश में साइकिल सवारों का कोई वाली वारिस नहीं है? क्यों कोई राजनीतिक दल साइकिल सवारों की सुध नहीं लेता? क्या ये साइकिल वाले वोट नहीं देते अथवा इनके वोट के लेने देने में उनकी साइकिल की कोई भूमिका नहीं है ?

बहुत याद करें तो उत्तर प्रदेश में साल 2012 में बनी समाजवादी पार्टी की सरकार थोड़ी बहुत याद आती है। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के चुनाव चिन्ह साइकिल को भुनाने के लिए सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर साइकिल सवारों के लिए सड़कों पर अलग से ट्रैक बनाने की मुहीम शुरू की थी। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था। लखनऊ, आगरा, नोएडा और गाजियाबाद में ऐसे इक्का दुक्का टूटे फूटे ट्रैक अब भी नजर आते हैं मगर उनकी सरकार के कार्यकाल में ही ये ट्रैक भ्रष्टाचार, अवैध कब्जों और गलत डिजाइन के चलते बेमानी हो गए थे। रही सही कसर अगली सरकार ने पूरी कर दी और सड़कों के चौड़ीकरण के नाम पर इन ट्रैक्स को बहुतायत में तोड़ दिया। इसके अतिरिक्त तो देश भर में साइकिल सवारों की सुध लेता कोई नेता नजर नहीं आता। तो क्या रोशनी की कोई किरण नहीं है? है, अवश्य है। यदि देश का संपन्न आदमी यूरोप और चीन की तरह फैशन अथवा सेहत जैसे किसी कारण से साइकिल को अपना ले तो बात बन सकती है। पैसे वाले की आवाज में तो दम होता ही है और उसे तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने को तो शासन प्रशासन और सरकारें एक लाइन में खड़ी हो जाएंगी। हां यह जरूर है कि जब तक यह नहीं होता तब तक तो मुझे और आपको साइकिल चोरी की खबर अखबारों में ढूंढे से भी दिखाई नहीं पड़ेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# 99 शिकायतों में से मात्र 17 निस्तारित

## संपूर्ण समाधान दिवसः सीडीओ व एसपी ने पुरवा तहसील में सुनी लोगों की फरियाद

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** पुरवा तहसील में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृति राज एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने लोगो की समस्याएं व शिकायतें सुन कर उसके निस्तारण के आदेश दिए। समाधान दिवस पर आई 99 शिकायतों में सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग से संबंधित होने से मुख्य विकास अधिकारी ने अफसरों को स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

शनिवार को बकरीद के अवकाश की वजह से पुरवा तहसील में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिला अधिकारी की गैर मौजूदगी में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के 67, पुलिस विभाग की 13, विद्युत विभाग की 10 सहित अन्य विभागों की 9 शिकायतों व समस्याओं के प्रार्थना पत्र लेकर लोग पहुंचे। इनमें 17 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। सीडीओ ने अफसरों को निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, आईजीआरएस पोर्टल पर हुई शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के दौरान जो भी असंतुष्ट फीडबैक मिलता है। उसे अफसर अच्छे से पढ़कर निस्तारण कराएं।

सीडीओ द्वारा विभागीय कैम्पों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सीएमओ डॉक्टर हरिनंदन प्रसाद, डीएसओ राज बहादुर सिंह, पीडी तेजवंत सिंह, समाज कल्याण अधिकारी डा. नीलम सिंह, बीएसए संगीता सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चन्द्रा, जिला कृषि अधिकारी शशांक, उपायुक्त उद्योग करूणा रायजिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर, अधिशासी अभियंता नलकूप द्वारिका प्रसाद, एसडीएम पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव, एसडीएम न्यायिक शालिनी सिंह, तहसीलदार राम शंकर आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारित करें: सीडीओ

मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने अफसरों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन विभागों की जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है उन्हें मौके पर जाकर निस्तारित करें। तहसील परिसर में समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, खाद्य एवं रसद विभाग, जिला उद्योग एवं स्वास्थ्य कैंप लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।


संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनते एसपी और सीडीओ। अमृत विचार

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की हुई मौत

**उन्नावः** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी पूजा (26) पुत्री स्व. रमेश चंद्र की शाम के समय घर पर हालत बिगड़ गई। उसे उल्टियां करते देख चचेरा भाई दिलीप व अन्य परिजन सीएचसी नवाबगंज लाए। जहां जांच के दौरान डॉक्टर ने उसके कीटनाशक निगलने की आशंका पर जिला अस्पताल रेफर किया। लेकिन परिजन उसे लेकर जाते इससे पहले संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। इस पर परिजन शव लेकर घर लौट आए। इसकी जानकारी पर ससुराल से पहुंची बड़ी बहन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। चचेरे भाई दिलीप ने बताया कि पूजा दो बहनों में छोटी थी। बड़ी बहन पूनम की शादी हो चुकी है। उसकी मां कुसमा की करीब 10 साल पहले मौत हो गई थी। दो साल पूर्व पिता की भी मौत हो गई थी। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने पुलिस लाइन में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण


निर्माण कार्य का निरीक्षण करते एसपी दीपक भूकर। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** सोमवार को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने जेटीसी/आरटीसी प्रशिक्षण व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने निर्माणाधीन भवनों, प्रशिक्षण कक्षों और अन्य सुविधाओं की स्थिति देखी और मौके पर मौजूद प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। एसपी ने कहा कि पुलिस प्रशिक्षण के लिए बेहतर ढांचागत सुविधाएं बेहद जरूरी हैं, जिससे प्रशिक्षुओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल सके। उन्होंने समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने पर भी जोर दिया।

### रोडवेज बस की टक्कर लोडर चालक घायल

**उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज थाना क्षेत्र के उन्नाव–लालगंज हाइवे कुरमापुर अंडर पास के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस और लोडर की टक्कर हो गई। इससे लोडर केबिन क्षतिग्रस्त हो गया और थाना क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी चालक फिरोज घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से बाहर निकलवा पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। हादसे में बस सवार यात्री बाल–बाल बच गए।

### शादी में झुमकी खोने पर महिला ने गढ़ी लूट की कहानी

**संवददाता नवाबगंज, उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में रविवार को स्कूटी सवार महिला से लूट की खबर से हड़कंप मच गया, लेकिन पुलिस जांच में मामला कुछ और ही निकला। दरअसल, महिला ने शादी समारोह में झुमकी खोने के डर से पति को झूठी लूट की कहानी सुना दी थी, जिसे बाद में खुद स्वीकार किया। लखनऊ के सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के गंगानगर निवासी अर्चना अपने पति आशीष रावत के साथ रविवार को उन्नाव के माखी गांव में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने आई थी। शादी में डीजे पर नाचते समय अर्चना की सोने की झुमकी गिर गई थी, लेकिन उसने यह बात रात में अपने पति को नहीं बताई। सोमवार सुबह जब दोनों विदाई के बाद अपने घर लौटने लगे तो करीब 11:30 बजे अजगैन कोतवाली के सामने रुके। पति आशीष पेशाब के लिए चला गया और अर्चना स्कूटी के पास खड़ी रही। कुछ देर बाद जब आशीष वापस आया और पत्नी के कान में झुमकी न देखी तो पूछताछ की। डर के कारण अर्चना ने घबराकर कह दिया कि बाइक सवार दो युवक झुमकी छीनकर भाग गए। यह सुन पति तुरंत कोतवाली पहुंचा और लूट की सूचना दी। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो महिला ने असलियत बता दी कि झुमकी शादी समारोह में ही गिर गई थी और डर के कारण उसने लूट की झूठी बात बना दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि किसी तरह की लूट की घटना नहीं हुई है। मामला झूठी जानकारी पर आधारित था, जिसे अब स्पष्ट कर दिया गया है।

# एक्सप्रेस-वे पर झपकी आने से बाइक सवार घायल

संवाददाता, औरास, उन्नाव

**अमृत विचारः** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सोमवार को झपकी आने के कारण बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। बाइक डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।


दुर्घटना में घायल युवक।

हरदोई जनपद के बिलग्राम कस्बा निवासी जिशान पुत्र मोइन किसी कार्य से लखनऊ जा रहा था। वह जैसे ही हसनगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 290 के पास पहुंचा, अचानक झपकी आने से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे में जिशान घायल हो गया। मौके पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने तत्काल उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, औरास पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल स्थिर है।

# बेटे की बारात से लौट रहे पिता व बच्ची की हुई मौत

संवाददाता, बिछिया उन्नाव

**विद्युत पोल से टकरा कर खंती में वैन पलटने से हुआ हादसा**

**अमृत विचारः** बेटे की बारात विदा करा बारातियों के साथ लौट रहे पिता की वैंन अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा कर खंती में पलटने से मौत हो गई। हादसे में वैन चालक की चार वर्षीय बेटी की भी जान चली गई। वहीं इसमें सवार चार अन्य लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के बाद घर भेज दिया गया। वहीं हादसे की खबर घर पहुंचते वधू आगमन के लिए गए जा रहे मंगलगीतों की जगह चीख पुकार मच गई। पुलिस ने वृद्ध के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपर्द किया है। वहीं बच्ची के शव को लेकर परिजन घर चले गए।


अर्जुन सिंह की फाइल फोटो।

दही थाना क्षेत्र के सोनिक गांव अर्जुन सिंह (60) पुत्र स्व. बजरंग के बेटे बृजेश की बारात रविवार को मौरावां थाना क्षेत्र दिरगज खेड़ा गांव गई थी। शादी की दिन में होनी सभी रस्मों को पूरा होने पर रविवार शाम बारात विदा हो गई। पिता अर्जुन सबसे आखिरी में अपने रिश्तेदार वैन चालक माखी थानाक्षेत्र के कुम्हारखेड़ा निवासी विजेंद्र सिंह (45) के साथ लौट रहा था। वैन में अर्जुन की पौत्री आरवी (8) पौत्र गोलू (5) व रिश्तेदारों में अजगैन कोतवाली क्षेत्र के छतईखेड़ा निवासी सोनू (34), अजगैन कस्बा निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ सरवन (28), तिलियानी गांव निवासी नन्हक्के की बेटी आकांक्षा (14) व प्रिया (8) के साथ वैन चालक की चार साल की बेटी आरुषि भी थी। तभी दही थाना क्षेत्र के पुरवा-दही मार्ग पर दरोगा खेड़ा व तारगांव में वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा कर सड़क किनारे खंती में पलट गई। राहगीरों की मदद से पुलिस ने घायलों को रेस्क्यू कर बिछिया सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने अर्जुन और आरुषि को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे की खबर घर पहुंचते वधू आगमन पर मंगलगीत के साथ अदा की जा रही रुक गई। कुछ देर पूर्व जहां ढोलक की थाप के बीच चल रहा जश्न का माहौल मातम में बदल गया। पति की मौत पत्नी रामदेवी अचेत हो गई। वहीं बेटे सुभाष, आकाश व बृजेश बेहाल हो गए।

# नदी में नहाते समय डूबने से युवक की हुई मौत

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल में रिश्तेदारी में आए युवक की नदी में नहाते समय पानी में डूबने से मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्णकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा है। घटना से मृतक की रिश्तेदारी और परिवार में कोहराम मचा है। मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल निवासी रियासत के अनुसार उसका भतीजा 26 वर्षीय आरिफ पुत्र फिरासत निवासी आवास विकास कालोनी बरेली बकरीद के त्योहार पर उसके घर आया था। सोमवार दोपहर दो बजे गर्मी अधिक होने के कारण वह, उसका भतीजा और तीन चार साथियों के साथ उमरिया घाट पर गर्रा नदी में नहाने गए थे। नहाते समय आरिफ गहराई में चला गया। उन लोगों ने काफी ढूंढा लेकिन पता नहीं चल सका।शोर मचाने पर आए ग्रामीणों ने नदी में से उसके भतीजे को बाहर निकाला। उसे लेकर सीएचसी शाहाबाद लाए जहां आरिफ को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# कब्जा मुक्त कराएं सरकारी जमीनः सीडीओ

## संपूर्ण समाधान दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने अवैध भूमि कब्जों की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिये कि गांवों में सरकारी एवं अन्य व्यक्तियों की भूमि पर किये गये सभी अवैध कब्जों को चिन्हित करें और तहसीलदार एवं पुलिस बल की उपस्थित में सभी भूमि को कब्जा मुक्त करायें और अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध भूमाफिया एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करें। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि सरकार लाभार्थीप्रद योजनाओं का लाभ गरीबी रेखा के सबसे निचले पायदान के गरीब एवं असहाय लोगों को समय से उपलब्ध करायें।


तहसील सदर में शिकायतें सुनतीं सीडीओ सौम्या गुरुरानी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने अधीनस्थों के साथ ग्रामों का भ्रमण कर अपनी विभागीय योजनाओं से ग्रामवासियों को जागरूक करें। पेंशन संबंधी शिकायतों पर उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये जिन निराश्रित महिलाओं, वृद्वों एवं दिव्यांगों की पेंशन किसी कारण बंद हो गयी है उसकी जांच कराएं। एसडीएम सुशील कुमार मिश्रा, तहसीलदार सचीन्द्र शुक्ला, डीडीओ कमलेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी, बीडीओ, सीडीपीओ एवं थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** बीएससी की छात्रा ने घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने दरवाजा खोलकर उसे नीचे उतारा तब तक मौत हो चुकी थी। कोतवाली शहर के मोहल्ला राधानगर निवासी अमित कुमार शर्मा की 19 वर्षीय पुत्री सौम्या बीएससी की छात्रा थी। सोमवार को उसके पिता बैनामे के सिलसिले में पत्नी के साथ शाहाबाद तहसील के लिए निकले हुए थे, सौम्या शर्मा और उसकी बहन दिव्या शर्मा घर में थी। दोपहर में करीब एक बजे तक दोनों बहनों ने साथ-साथ घरेलू काम निपटाया,उसके बाद दिव्या खाना बनाने लगी,सौम्या कमरें में चली गई। दिव्या ने उसे कई बार आवाज़ दी,लेकिन कोई जवाब न आने पर वह कमरें की तरफ पहुंची,वहां देखा कि सौम्या का शव दुपट्टे से बंधा पंखे में लटक रहा था। बहन को ऐसी हालत में देखते ही दिव्या रोने-चिल्लाने लगी,उसकी आवाज़ सुन कर आस-पड़ोसी दौड़ पड़े,उन्होने कमरें के दरवाज़े खोल कर शव को बाहर निकाला। वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए बड़ी बहन दिव्या और पड़ोसियों से पूछताछ की। उधर इसका पता चलते ही अमित कुमार शर्मा अपनी पत्नी के साथ उल्टे पांव लौट आए। सौम्या ने ऐसा किस वजह से किया ? इस बारे में फिलहाल कोई कुछ भी नहीं बोल रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रहघ है,शव की पोस्टमार्टम और जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे कुछ कहा जा सकेगा।

# आरएसएस ने धूमधाम से मनाया हिंदू साम्राज्य दिवस

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर के एक बारातघर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने हिन्दू साम्राज्य दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक मिथिलेश ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदू साम्राज्य दिवस को संघ के वार्षिक छह प्रमुख उत्सवों में एक है। हिंदू साम्राज्य दिवस के दिन ही छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था और उन्होंने हिंदू साम्राज्य दिवस की स्थापना की थी।

नगर संघचालक ने शिवाजी के जीवन की एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि एक बार बाल शिवाजी की माता जीजाबाई मंदिर में पूजा करने जा रही थी, उसी समय कुछ मुस्लिम आक्रांताओं ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। पूजा न कर पर पाने से दुखी उनकी माता व पिता कुछ न कह सके। इससे दुखी होकर उन्होंने अपने पुत्र शिवाजी द्वारा एक ऐसे साम्राज्य की स्थापना का संकल्प लिया जहां हिन्दुओं के साथ कोई दुर्व्यवहार न हो सके. वीरता और राष्ट्रभक्ति के गुण शिवाजी में बचपन से ही थे पर उनकी मां जीजाबाई ने इन गुणों को और भी संवारा. वे बाल शिवाजी को रामायण, महाभारत सहित पुराणों आदि की कहानियां सुनाती, जिससे शिवाजी में वीरता, राष्ट्रप्रेम और धर्मपरायणता के गुण और भी पुष्ट हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह नगर कार्यवाह राजवर्धन, विभाग संघचालक शिवस्वरूप, जिला महाविद्यालयन प्रमुख विनय रहे।

# दूल्हे को चकमा देकर दुल्हन फरार

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** दूल्हा अपनी नई-नवेली दुल्हन को टहलाने-घुमाने ले गया। बाजार पहुंचते ही उसने चांदी के छल्ले की फरमाइश की। दूल्हा छल्ला खरीदने गया। उसी बीच वह फरार हो गई। इतना ही नहीं सारा जेवर भी समेट ले गई। ढूंढते-ढूंढते थक चुके दूल्हे ने पुलिस को तहरीर दी है।

बताया गया है कि बघौली थाने के कुइयां मजरा गदनपुर निवासी रिंकू की शादी 23 मई सीतापुर जिले के देवरिया गांव के भारत की पुत्री शीलू के साथ हुई थी। पुलिस को दी तहरीर में रिंकू ने बताया कि रविवार को दिन में वह अपनी दुल्हन शीलू को टहल आने के लिए बघौली कस्बा पहुंचा, वहां शीलू ने चांदी के छल्ले की फरमाइश कर दी। रिंकू छल्ला खरीदने चला गया। उसी बीच शीलू वहां से फरार हो गई। रिंकू का कहना है कि साथ में सारा जेवर भी समेट ले गई। उसने मझिला थाने के बेंदुआ गांव निवासी अजय पुत्र राममिलन पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है।

**दरोगा बोले, छुट्टी से लौट आएं फिर देखते हैं:** रिंकू की तहरीर आने पर बघौली थाने में तैनात एसआई सुनील गुप्ता का कहना है कि वे तीन दिन की छुट्टी पर जा रहे हैं। वहां से लौटकर देखते हैं जबकि रिंकू ने हाथ जोड़कर कहा साहब आरोपी अजय बड़ा शातिर है। इतने दिनों में वह सारा जेवर बेचकर कहीं भाग सकता है लेकिन फिर भी दरोगा जी ने वही बात दोहराई।

# ट्रेन मैनेजर और लोको पायलट बने मसीहा

**सराहनीय**

**बालामऊ स्टेशन पहुंचते ही उपलब्ध कराया ऑक्सीजन सिलेंडर**

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पता नहीं किस रूप में आकर नारायण मिल जाएंगे। इस भजन की यह लाइन चरितार्थ भी होती नजर आई। एक और जहां देश में हिंदू मुस्लिम के नाम पर राजनीति के हो रही है, वहीं देश में हिंदू मुस्लिम आपस में राजनीतिक दलों को आईना दिखाने का काम कर रहे हैं।

इसी तरह का एक मामला रविवार शाम सामने आया जहां धनबाद से चलकर फिरोजपुर जा रही 13307 गंगा सतलुज एक्सप्रेस में झारखंड के कोडरमा के रहने वाली रुक्मणी उम्र 40 वर्ष को सांस की बीमारी थी। परिजन उनका इलाज करने के लिए रुड़की के एक अस्पताल ले जा रहे थे।


सिलेंडर से ऑक्सीजन लेती महिला। अमृत विचार

बीमार महिला रुक्मणी ऑक्सीजन सिलेंडर की सहायता से ट्रेन में यात्रा कर रही थी की तभी अचानक ऑक्सीजन सलेंडर समाप्त होने पर आ गया। महिला के साथ यात्रा कर रहे उसके परिजन ने ऑक्सीजन सलेंडर की मांग रेल मदद से की लेकिन कोई भी सहायता जब प्राप्त नहीं हुई तब ऑक्सीजन की मांग गंगा सतलुज के ट्रेन मैनेजर से की लखनऊ से ट्रेन के चलते ही की गई। मरीज के साथ यात्रा करें लोगों ने बताया कि उनकी महिला ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ गंगा सतलुज एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी कोच में यात्रा कर रही हैं उनका ऑक्सीजन सलेंडर काफी कम बचा है। ऐसे में ऑक्सीजन की सख्त आवश्यकता है। रेल मदद से भी मदद मांगी गई, लेकिन कोई भी मदद उपलब्ध नहीं हो पाई है। हालांकि बाद में लखनऊ से गंगा सतलुज एक्सप्रेस के बालामऊ रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही बालामऊ शाखा सचिव सलिल सौरभ श्रीवास्तव ने एक ऑक्सीजन सलेंडर मरीज को उपलब्ध करा दिया। ऑक्सीजन सलेंडर प्राप्त होने के बाद परिजनों ने ट्रेनआई मैनेजर और एनआरएमयू के कुंवर सोहेल खालिद व बालामऊ शाखा सचिव सलिल सौरभ श्रीवास्तव का आभार जताया।

# रेलकर्मियों ने कार्यालय को ही बना लिया फड़

**कर्मचारियों के ताश खेलने का वीडियो हुआ वायरल**

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेल कर्मियों के कार्यालय में बैठकर ताश के पत्ते खेलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में चार लोग ताश के पत्ते खेलते नजर आ रहे हैं जबकि एक कर्मचारी रजिस्टर में कुछ लिखा पढ़ी करता हुआ दिख रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो विद्युत उपकेंद्र का बताया जा रहा है।

वीडियो के वायरल होने के बाद रेल कर्मचारी और अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। एक और जहां मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद लगातार निरीक्षण कर रेल कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं वहीं भारतीय रेल के विद्युत उपकेंद्र को कर्मचारियों ने अपनी शौक मौज का अड्डा बना लिया है। सोशल मीडिया पर इससे पहले भी कर्मचारी की मौज मस्ती के वीडियो वायरल हो चुके हैं। ताश खेलते कर्मचारियों को ना ही किसी अधिकारी का डर है और ना ही किसी अन्य बात का। कर्मचारी बेखबर और निर्भीक होकर ताश खेलते हुए नजर आ रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि मंडल रेल कार्यालय की ओर से संबंधित कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगी।


ताश के पत्ते खेलते कर्मचारी। अमृत विचार

### बालामऊ जंक्शन का है वायरल वीडियो

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो बालामऊ जंक्शन पर बने विद्युत उपकेंद्र का बताया जा रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में सरकारी कर्मचारी अपने हाथ में ताश के पत्ते लिए साफ नजर आ रहे हैं। बालामऊ जंक्शन के विद्युत उपकेंद्र पर तैनात केशव व उसके अन्य साथी सरकारी कर्मचारी बिना किसी भय के ताश के पत्ते खेलते दिख रहे हैं साथ ही वायरल हो रहे वीडियो में एक व्यक्ति रजिस्टर में कुछ लिखा पढ़ी करता हुआ भी नजर आ रहा है। वायरल वीडियो में कार्यालय में बड़ी मशीन भी लगी दिख रही हैं। यह हाल तब है जब डीआरएम राजकुमार सिंह बालामऊ जंक्शन पर खास नजर बनाए हुए हैं।बालामऊ रेलवे स्टेशन पर चल रहे हैं विकास कार्य पर डीआरएम की खास नजर और ध्यान है उसके बाद भी इस तरह का वीडियो रेल अधिकारियों की सतर्कता और कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है।बालामऊ जंक्शन के विद्युत उपकेंद्र पर रेल कर्मचारियों के ताश खेलने का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।सोशल मीडिया पर वीडियो के वायरल होने के बाद लोग अब इस पर अपनी प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। बालामऊ जंक्शन पर इससे पहले भी विजिलेंस ने छापेमारी कर रेल कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था, लेकिन उसके बाद भी बालामऊ जंक्शन पर अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशाली में सुधार नहीं हुआ है। लोगों का कहना है कि यहां कर्मचारी अक्सर इसी तरह से बैठकर ताश खेलते रहते हैं। कई बार इसकी शिकायत भी की गयी लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का ट्रायल आज

**हरदोई, अमृत विचार।** नव युग सेवा संस्थान द्वारा जिले में अंडर-16 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन का ट्रायल मंगलवार को अखिलेश अग्रवाल क्रिकेट अकादमी में कराया जाएगा । ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों का 2 दिन का कैंप लगाया जाएगा। उसके चार टीम बनाई जाएगी जायगी। नव युग सेवा संस्थान के सचिव शिवम अवस्थी ने बताया कि संस्था अब समय समय पर खिलाड़ियों के विकास के लिए इसी प्रकार प्रतियोगिताएं कराएगी तथा निर्धन खिलाडियों के लिए एक कोश की स्थापना की जाएगी जिससे खिलाडियों को संसाधनों की कमी न हो। यह जानकारी सूर्य प्रताप सिंह ने प्रदान की।

# शराब की दुकान पर मारपीट सेल्समैन घायल, 3 पर केस

संवाददाता, सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचार।** शराब की दुकान बंद होने के समय शराब लेने पहुंचे दबंग युवकों ने दुकान के सेल्समैन के साथ मारपीट कर दी। घटना में सेल्समैन चोटिल हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरबी ने एक आरोपी को मौके से हिरासत में लिया और कोतवाली ले गई। पुलिस ने घायल सेल्समैन का मेडिकल परीक्षण कराकर तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमालुद्दीनपुर गांव स्थित शराब ठेके की घटना है। रविवार रात को शराब लेने पहुंचे गांव के कुछ युवकों ने नमकीन को लेकर सेल्समैन से विवाद कर लिया। कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। सेल्समैन रंजीत के अनुसार, दबंगों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसका अंगूठा चोटिल हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी, जिस पर पीआरबी टीम मौके पर पहुंची और आरोपी गुलाब को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। बाद में रंजीत की तहरीर पर पुलिस ने गुलाब, नितेश सिंह और सुधीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# हीटवेव का कहर जारी, पारा पहुंचा 43 डिग्री सेल्सियस

**भीषण गर्मी के चलते राहगीर पस्त, पशु-पक्षी बेहाल**

**पानी और बिजली की किल्लत ने लोगों की बढ़ा दी मुश्किल**

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)



दोपहर के समय फोरलेन पर इस कदर नजर आया सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जून की शुरुआत के साथ ही भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। सोमवार को तापमान ने अपना रौद्र रूप दिखाया और दोपहर बाद पारा चढ़कर 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह आठ बजे से ही धूप इतनी तीखी थी कि लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया। तेज लू और गर्म हवाओं ने सड़कों को सुनसान कर दिया।

दोपहर 12 बजे के बाद हालात और बिगड़ने लगे। राहगीर सिर पर अंगोछा, टोपी और छाता लेकर भी पसीने से तरबतर नजर आए। साइकिल और बाइक चालकों को तपती सड़कें और गर्म हवाएं बुरी तरह परेशान करती रहीं। गर्मी के कारण दुकानों और कार्यालयों में भी ग्राहकों की संख्या कम देखी गई। वहीं, लोग दिन में जरूरी कामों को भी टालते दिखे। गर्मी से सिर्फ इंसान ही नहीं, जानवर भी परेशान नजर आए। अन्ना पशु पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे। नगर में जल स्रोतों की कमी ने उनकी प्यास बुझाने के सभी रास्ते बंद कर दिए। हालात तब और खराब हो गए जब बिजली की बार-बार कटौती ने घरों में रह रहे महिलाओं और बच्चों को बेहाल कर दिया। नगर के प्रमुख मार्गों व सार्वजनिक स्थलों पर अभी तक पालिका द्वारा न तो कोई प्याऊ लगाया गया और न ही किसी प्रकार की ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। इससे बाहर से आने-जाने वाले यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और अधिक गर्मी बढ़ने की चेतावनी दी है। नागरिकों से अपील की गई है कि दोपहर के समय अनावश्यक घर से बाहर न निकलें और गर्मी से बचाव के सभी जरूरी उपाय करें।

### 33 केवी लाइन में फाल्ट और जंपर उड़ने से आधी रात तक ठप रही आपूर्ति



फाल्ट की मरम्मत करते विद्युत कर्मी।

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** रविवार रात बिजली आपूर्ति में आई गंभीर खराबी के चलते नगरवासियों को पूरी रात भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रात करीब 11 बजे से शुरू हुई कटौती आधी रात तक जारी रही, जिससे लोग छतों पर टहलते और मच्छरों से जूझते नजर आए। बिजली दो बजे के बाद बहाल हो सकी, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। रात को सबसे पहले 33 केवी लाइन में फाल्ट आने से नगर के सभी फीडर बंद हो गए, जिससे पूरे नगर में अंधेरा छा गया। उपभोक्ताओं द्वारा पॉवर हाउस में संपर्क करने पर उन्हें तकनीकी गड़बड़ी की जानकारी मिली। फाल्ट ठीक होते ही हाइटेंशन लाइन का जम्पर उड़ गया, जिससे फिर से आपूर्ति बाधित हो गई। इसी बीच फीडर-4 की सीटी में आई खराबी ने हालात और बिगाड़ दिए, जिससे इस फीडर से जुड़े एक दर्जन से ज्यादा मोहल्लों की बिजली पूरी रात ठप रही। बिजली न रहने के कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। मच्छरों के प्रकोप ने स्थिति और खराब कर दी। रातभर लोग सो नहीं सके और बार-बार बिजली आने की उम्मीद में आसमान ताकते रहे। एसडीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि 33 केवी लाइन में फाल्ट के कारण आपूर्ति बाधित हुई थी, जिसे दुरुस्त कर बिजली व्यवस्था बहाल कर दी गई है। वहीं सुबह पांच बजे बिजली विभाग की रोस्टिंग की गई, जिससे सुबह 6 बजे के बाद नगर के सभी फीडरों की सप्लाई चालू की जा सकी। रात भर बिजली व्यवस्था ध्वस्त होने से नगर के हजारों उपभोक्ता बेहाल रहे। लोगों ने गर्मी के बीच रात जाग कर गुजारी। सोमवार सुबह भी बिजली सप्लाई की आवाजाही बनी रही। 4 बजे से 5 :20 बजे तक रोस्टिंग की गई।

## सार-संक्षेप

### मरहला चौराहा पर पिलर निर्माण कार्य हुआ तेज

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** सरैयां क्रॉसिंग पर बन रहे आरओबी के अंतर्गत मरहला चौराहा पर पिलर निर्माण का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। राज्य सेतु निगम ने दिसंबर तक चौराहा तक पिलर खड़ा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी को देखते हुए दिन-रात निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में चौराहा के पास पिलर संख्या 23, 24, 26 और 27 की पाइलिंग पूरी हो चुकी है। अब इन पिलरों की अपर लेयर के लिए फाउंडेशन तैयार कर सरियों का जाल बांधा जा रहा है। पिलर निर्माण के लिए शटरिंग का काम अंतिम चरण में है, जिसके बाद कंक्रीट की ढलाई शुरू की जाएगी। चौराहे के बीच स्थित पिलर संख्या 25 की पाइलिंग कार्य हाल ही में विद्युत लाइन शिफ्ट होने के बाद पूरा हुआ है। अब उसका फाउंडेशन खोदाई कर बनाया जा रहा है, जिसे एक-दो दिन में पूरा कर निर्माण की अगली प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। एई धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि मानसून को देखते हुए काम की रफ्तार बढ़ा दी गई है। पहले बने पिलरों को जोड़ने के लिए बीम की ढलाई का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। विभाग का प्रयास है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर चौराहा क्षेत्र तक का पिलर कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि आगे का निर्माण सुगमता से हो सके।

### वेद प्रचार फाउंडेशन ट्रस्ट का गुरुकुल शिविर संपन्न



विद्यालय प्रांगण में होता हवन-पूजन। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** वेद प्रचार फाउंडेशन ट्रस्ट (आर्य युवा दल) द्वारा दो दिवसीय लघु गुरुकुल शिविर का आयोजन सहजनी स्थित महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में किया गया। शिविर में लगभग 75 युवाओं ने पूर्ण आवासीय रूप से भाग लिया। वैदिक आचार्यों द्वारा ईश्वर, सोलह संस्कार, राष्ट्र, उपासना आदि 14 महत्वपूर्ण विषयों पर प्रमाण सहित व्याख्यान दिया गया। बौद्धिक और शारीरिक सत्रों में युवाओं को दंड प्रशिक्षण भी मिला। शिविर समापन के अवसर पर युवाओं ने संगठन की वेशभूषा में भारत माता की जय, वंदे मातरम और कृण्वन्तो विश्वमार्यम् का उद्घोष करते हुए पथ संचलन किया। शिविर का संचालन ऋषभ श्रीवास्तव द्वारा और मार्गदर्शन विद्यालय के डायरेक्टर मयंक शुक्ला ने किया। समापन में नरेंद्र ओमर, विराट शुक्ला, दीपक अरोड़ा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में खड़ा हत्या के प्रयास का आरोपी।

**सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत सफीपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सफीपुर क्षेत्र के माढापुर निवासी राजू पुत्र सुक्खा निषाद की तहरीर पर 28 अप्रैल 2025 को पुलिस ने हत्याके प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस तभी से आरोपी की तलाश कर रही थी। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बदुआखेड़ा मजरा पीपरखेड़ा थाना गंगाघाट निवासी मोतीलाल निषाद पुत्र रूपलाल को सनहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अरविंद सिंह रघुवंशी, कांस्टेबल राहुल सैनी व राहुल दिवाकर शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को थाने लाकर पूछताछ की और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर कोर्ट भेजा है।

### डीसीए ग्रीन ने ब्ल्यू को हरा कर जीती ट्रॉफी



विजेता टीम के साथ विधायक व क्रिकेट संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में डीसीए ग्रीन ने ब्ल्यू को हरा कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। सदर विधायक ने विजय टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। पं. दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डीसीए ब्ल्यू की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 126 रन बनाएं। जिसमें मेधांश ने नाबाद 44 रनों की पारी खेली। वहीं अविराट ने 40 रन बनाकर उनका साथ दिया। ग्रीन की ओर से कप्तान प्रिंस, अमन व कृष्णा ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए ग्रीन टीम के कप्तान प्रिंस यादव ने नाबाद 85 रनों की पारी की बदलौत अपनी टीम को खिताबी जीत दिलाई। उन्होंने मैदान के चारों ओर दर्शनीय स्ट्रोक लगाए। ग्रीन की ओर से कृष्णा ने 11 और वेदांत 10 ने भी रनों का योगदान दिया और अपनी टीम को 4 विकेट से जीत दिलाई। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने खिलाड़ियों को विजेता ट्रॉफी प्रदान कर उनका हौसला अफजाई करते हुए कहा कि 8 साल से लेकर 12 साल के बच्चों को मैदान पर क्रिकेट खेलते देखकर उन्हें अपना बचपन याद आ गया। इससे पहले डीसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय राठी, उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, महामंत्री पीके मिश्रा, खेल सचिव नवीन सिन्हा, ओम मिश्रा शंकर, संजय श्रीवास्तव आदि ने विधायक का स्वागत किया। मैच के दौरान अमित मिश्रा, राकेश अस्थाना, निम्मी अरोड़ा, राजीव, शाकिर हुसैन, विकास अवस्थी, विकास सिंह सहित खिलाड़ियों के परिजन मौजूद रहे।

### अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर, हुई कार्रवाई



अवैध कब्जे को ध्वस्त करती जेसीबी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** अवैध कब्जे के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सोमवार को बुलडोजर कार्रवाई की। पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा के नेतृत्व में सदर तहसील क्षेत्र में वर्षों से पालिका की जमीन पर कब्जा जमाए लोगों के निर्माण हटवाए गए। पालिका की टीम पुलिस बल और लेखपाल दल के साथ चिन्हित स्थलों पर पहुंची और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। लेखपाल अवनीश तिवारी ने अतिक्रमण की पहचान करवाई, जिनमें सार्वजनिक स्थल, नालियां, सड़कें और पार्क शामिल थे। नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि कई बार नोटिस देने के बावजूद कब्जाधारी हटने को तैयार नहीं थे, जिसके बाद मजबूरी में बुलडोजर कार्रवाई करनी पड़ी। पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने कहा कि नगर की सुंदरता और आम जनता की सुविधाओं के लिए अतिक्रमण हटाना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सिर्फ एक दिन की कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह अभियान चरणबद्ध तरीके से शहर के अन्य हिस्सों में भी चलाया जाएगा। उन्होंने अपील की कि वे स्वयं कब्जा हटा लें अन्यथा प्रशासन की कार्रवाई से उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर मौजूद रहे। कुछ दुकानदारों ने विरोध भी जताया, लेकिन पुलिस की सतर्कता से किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई।

## एक नजर

### किशोरी को अगवा करने के दो दोषियों को मिली 3-3 साल की सजा

**उन्नाव :** ननिहाल में रह कर पढ़ाई कर रही किशोरी को झांसा देकर अगवा करने के दोषी दो युवकों को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए उन्हें तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने 19 मार्च-2019 को मोहल्ले के ही दो युवकों रोहित व जयकरन पर अपनी 13 वर्षीय नातिन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नाना के मुताबिक गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र निवासी उसकी बेटी की बेटी उसके पास रहकर पढ़ाई करती थी। घटना वाले दिन सुबह वह पानी बाहर लगे नल से पानी भरने गई थी। तलाश करने पर उसे जानकारी हुई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवकों को पकड़ कर जेल भेज दिया था। एसआई उमेश त्रिपाठी ने जांच कर की 13 अप्रैल-2019 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से केस एडीजे-13 की कोर्ट में विचाराधीन था। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश रवि प्रकाश साहू ने शासकीय अधिवक्ता डॉ. राजीव अवस्थी की दलीलों के आधार पर रोहित व जयकरन को तीन तीन साल की सजा सुनाई।

### किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को मिली तीन साल की सजा

**उन्नाव :** शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेई ने बताया कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ 9 अक्टूबर-2017 को देर रात हुई छेड़छाड़ की रिपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के सेतुवाही गांव निवासी युवक मुकेश पर दर्ज कराई थी। आईओ सुधाकर ने पर्याप्त साक्ष्य जुटाते हुए मुकेश के विरुद्ध 8 नवंबर-2017 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। सोमवार को मुकदमें की अंतिम सुनवाई एडीजे-11 की कोर्ट में पूरी हुई। पक्ष विपक्ष के अधिवक्ताओं की जिरह पूरी होने के बाद न्यायाधीश विवेकानंद विश्वकर्मा ने मुकेश को दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा व 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

### आतिशबाजी की चिंगारी से छप्पर में लगी आग

**परियर, उन्नाव :** सदर तहसील के ग्राम मरौंदा मझवारा में रविवार रात बारात के दौरान हुई आतिशबाजी की चिंगारी से एक घर के बाहर रखे छप्पर में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख बारातियों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना शिवभजन की बेटी की बारात के दौरान हुई, जो बैंडबाजे के साथ निकली थी। जैसे ही बारात टिकुचंद्र उर्फ टीकाराम के घर के पास पहुंची, अचानक आतिशबाजी की चिंगारी उड़कर पास के छप्पर में जा गिरी, जिससे उसमें आग लग गई।

# दो दिन छुट्टी के बाद खुली ओपीडी, मरीजों की लगी लंबी कतारें

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



अस्पताल में ओपीडी के दौरान लगी मरीजों की कतारें। अमृत विचार

**अमृत विचारः** दो दिवसीय अवकाश के बाद सोमवार को जैसे ही जिला अस्पताल की ओपीडी खुली, मरीजों की लंबी कतारें लग गईं। सुबह आठ बजे से ही अस्पताल परिसर में भीड़ उमड़ने लगी। गर्मी और मौसम बदलाव के चलते बुखार, जुखाम, डायरिया, गले, आंख और नाक की समस्याओं से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में पहुंचे।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार सोमवार को ओपीडी में एक हजार से अधिक मरीजों ने पंजीकरण कराया। पंजीकरण काउंटर पर लंबी लाइनें देखी गईं। भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त स्टाफ और सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कौशलेंद्र ने बताया कि इन दिनों वायरल बुखार, पेट दर्द, उल्टी-दस्त, आंखों में जलन, कान बहना, गले की खराश और त्वचा रोगों के मामले तेजी से बढ़े हैं। धूल और गर्मी के चलते डायरिया के केस भी सामने आ रहे हैं। चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष ने कहा कि वायरल संक्रमण तेजी से फैलता है, ऐसे में लोग सावधानी बरतें। उन्होंने सलाह दी कि तेज धूप में निकलने से बचें, हल्का भोजन करें और खुले खाद्य पदार्थों से परहेज करें। भीड़ के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने व्यवस्थाएं संभाली रखीं। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने समय से ड्यूटी जॉइन की। फार्मेसी काउंटरों पर भी भीड़ रही। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों के पीएचसी को भी अलर्ट किया है ताकि जिला अस्पताल पर दबाव कम किया जा सके।

**समस्या**

**चिकित्सकों ने तेज धूप में निकलने से बचने की दी सलाह**

### डॉक्टरों की लेटलतीफी से मरीजों को करना पड़ा इंतजार



डॉक्टरों के न आने पर पीएचसी परिसर में बैठे मरीज। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 8 बजे से ही दर्जनों मरीज ओपीडी सेवा के लिए अस्पताल पहुंच गए थे, लेकिन समय पर डॉक्टर न पहुंचने से उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। अस्पताल की फर्श पर बैठकर मरीज और उनके तीमारदार डॉक्टरों का इंतजार करते रहे, जिससे लोगों में नाराजगी दिखी। अस्पताल में तैनात डॉक्टर राजेश चंद्रा, डॉ. अल्तमश खान और डॉ. रश्मि वर्मा ओपीडी के लिए नियुक्त हैं, लेकिन तीनों डॉक्टर तय समय से करीब दो घंटे देरी से, 10 बजे के बाद पहुंचे। तब तक मरीजों की लंबी कतार लग चुकी थी। कई मरीज, जो दूर-दराज से आए थे, बिना इलाज के ही लौटने की बात करने लगे। मरीजों का कहना था कि पहले भी डॉक्टरों की समय से न आने की शिकायत रही है, लेकिन इस बार इंतजार की सीमा पार हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही सीएमओ डॉ. एच.एन. प्रसाद ने संज्ञान लिया और संबंधित डॉक्टरों से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि डॉक्टरों का जवाब संतोषजनक नहीं रहा तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# युवक की ससुराल में बिगड़ी हालत, मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**पिता ने पत्नी से विवाद के बाद लगाया जहर निगलने का आरोप**

**अमृत विचारः** मुंबई से लौट युवक की ससुराल में हालत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल लाए जहां उसकी मौत हो गई। पिता ने पत्नी से विवाद के बाद जहर निगलने का आरोप लगाया। वहीं ससुरालियों ने इससे इंकार किया है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा है।

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गणेशी खेड़ा गांव निवासी रामसेवक पुत्र तेजा ने पुलिस को सूचना दी उसका बेटा विनय कुमार (25) सोमवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के ही बेहटा भवानी गांव स्थित अपनी ससुराल गया था। जहां उसकी पत्नी सुनैना से कहासुनी हो गई। इसी से आहत होकर उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। ससुरालियों उसे 100 बेड अस्पताल लाए जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेजा। वहां से भी उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इसकी इलाज शुरू होने से पहले मौत हो गई।



विनय की शादी 3 वर्ष पूर्व हुई थी और उसके अभी संतान नहीं थी। वहीं बड़े साले रतन कुमार का कहना था कि विनय अपने गांव से सोमवार सुबह आया था और आते ही उसकी हालत बिगड़ गई थी। उल्टियां होते देख वह लोग उसे अस्पताल ले गए और पिता को भी सूचना दी। विनय मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता था। जहां से वह चार दिन पहले लौटा था। एसओ राजपाल ने बताया कि पिता की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का स्पष्ट होगा। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**युवक ने फंदे से लटककर दी जान, उन्नावः** मारपीट में घायल पत्नी की हालत में सुधार न होने से डरे पति ने फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों ने अभी पुलिस को सूचना नहीं दी है।

बता दे कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के रबड़ी गांव के प्रधान ज्वाला प्रसाद का बेटा वेदप्रकाश (35) गंगाघाट कोतवाली के शुक्लागंज नगर में किराए के मकान में अपनी पत्नी रीना और बेटे के साथ रहता था। दो दिन पूर्व उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई जिसके बाद वेदप्रकाश ने रीना के सिर पर कुकर से वार कर घायल कर दिया था। जिसका कानपुर में इलाज चल रहा है। मामले की जानकारी पर ज्वाला प्रसाद अपने बेटे को गांव बुला लिया। रीना की अस्पताल में देखभाल उसके मायके वाले कर रहे है। दो दिन बाद भी पत्नी को होश न आने के डरे वेदप्रकाश ने सोमवार दोपहर घर में आत्महत्या कर ली। इसका जानकारी मिलने पर रीना के मायके वालों ने उनके पहुंचने पर शव उतारने की बात कही। वहीं कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया की अभी उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं है।

# गंगाघाट पुलिस की लचर कार्यप्रणाली से रोहिंग्या मामले में ठंडी पड़ी कार्रवाई

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**लापरवाही**

**फरार रोहिंग्या पुरुषों का अब तक नहीं मिला सुराग**

**अमृत विचारः** गंगाघाट क्षेत्र में रोहिंग्या घुसपैठ का मामला सामने आने के एक माह बाद भी फरार आरोपियों को पकड़ने में पुलिस विफल रही है। कानपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए एक ई-रिक्शा चालक के रोहिंग्या निकले के बाद जब इस नेटवर्क का खुलासा हुआ, तब जाकर गंगाघाट पुलिस ने हरकत में आकर मनोहर नगर स्थित उसके घर पर दबिश दी थी। यहां से पुलिस ने केवल रोहिंग्या परिवार की महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा, जबकि उसी परिवार के पुरुष सदस्य आज भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

जानकारी के अनुसार, आरोपी परिवार पिछले आठ वर्षों से शुक्लागंज क्षेत्र के मनोहर नगर में निवास कर रहा था और स्थानीय स्तर पर आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि भी बनवा चुके थे। इस घुसपैठ के मामले में गंगाघाट पुलिस ने एक पूर्व पालिका सदस्य को आईडी बनवाने में मदद के आरोप में जेल भेजा था, लेकिन अभी तक अन्य शामिल लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। इस गंभीर मामले में शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें चिन्हित किया जाए और उनके नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। बावजूद इसके, गंगाघाट पुलिस की जांच में अब ठहराव आ गया है। न तो खुफिया विभाग सक्रिय दिख रहा है, न ही पुलिस कोई ठोस कार्रवाई कर रही है। नगर के कई इलाकों में अब भी बाहरी लोग बिना सत्यापन के रह रहे हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गहन जांच नहीं की गई, तो यह मामला भविष्य में बड़े खतरे का कारण बन सकता है।

**समस्या** दिनभर कई बार यातायात बाधित होने से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का करना पड़ा सामना

# आरओबी निर्माण से मरहला चौराहे पर लगने वाले जाम ने बढ़ाई मुसीबत

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)



मरहला चौराहे पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सरैयां क्रॉसिंग पर बन रहे आरओबी के निर्माण कार्य के चलते इन दिनों मरहला चौराहे पर जाम की स्थिति बनी हुई है। सोमवार को दिनभर कई बार यातायात बाधित रहा, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

आरओबी निर्माण के तहत मरहला चौराहे पर पिलर नंबर 25 का कार्य किया जा रहा है, जबकि आजाद मार्ग पर पिलर नंबर 26 और 27 का निर्माण चल रहा है। काम के चलते राज्य सेतु निगम द्वारा आजाद मार्ग और बैराज मार्ग पर डायवर्जन लागू किया गया है, जिससे तमाम वाहन मरहला चौराहे से होकर निकाले जा रहे हैं। चौराहे का मार्ग संकरा होने की वजह से बड़े वाहन मोड़ पर फंस जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। सोमवार को कई बार यातायात ठप हो गया। मौके पर मौजूद मरहला चौकी पुलिस ने मशक्कत कर एक-एक कर वाहनों को बाहर निकाला, तब जाकर आवागमन सुचारु हो सका। दिनभर वाहन रेंगते हुए चलते रहे, जिससे लोगों को काफी दिक्कत हुई।

### फोरलेन के खुले नाले और टूटे पत्थर बन रहे हादसों की वजह



फोरलेन पर इस तरह खुले पड़े हुये नाले।

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर के फोरलेन मार्ग के दोनों ओर स्थित खुले नाले इन दिनों हादसों को दावत दे रहे हैं। मानसून से पहले नगर पालिका ने नालों की सफाई तो कराई, लेकिन इसके बाद जो स्थिति बनी है, वह आमजन और मवेशियों के लिए खतरा बन गई है। नालों की सफाई के दौरान जेसीबी से हटाए गए सीमेंटेड पत्थर कई स्थानों पर टूट गए हैं, जिन्हें ठीक करने की बजाय ऐसे ही छोड़ दिया गया है। टूटे पत्थरों के कारण कई बार लोग फिसलने से बाल-बाल बचे हैं, वहीं कुछ मवेशी गिरकर चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि फोरलेन पर चलना जोखिम भरा हो गया है। बच्चे और बुजुर्ग खासे खतरे में हैं, लेकिन नगर पालिका इस ओर गंभीर नहीं दिख रही। नगर पालिका ने टूटे पत्थरों के स्थान पर रखने के लिए फोरलेन किनारे नए स्लैब तो बनवा लिए हैं, लेकिन उन्हें अभी तक नालों के ऊपर नहीं लगाया गया है। ऐसे में हादसों की आशंका लगातार बनी हुई है। इस संबंध में एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला का कहना है कि जिन स्थानों पर नाले के पत्थर टूटे हैं, वहां शीघ्र ही नए पत्थर लगवाए जाएंगे। इसके लिये पत्थर बनवाये जा रहे हैं।

# युवती की मौत का रहस्य बरकरार

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं, जांच के लिए बिसरा हुआ सुरक्षित, स्लाइड भी बनाई गई

फॉलोअप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचारः** तीन दिन पहले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड के किनारे नहर में मिली युवती की लाश से तो पर्दा उठ गया है, मगर मौत का रहस्य गहरा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। रासायनिक परीक्षण के लिए बिसरा सुरक्षित किया गया है और स्लाइड भी तैयार की गई है, ताकि इस बात का पता चल सके कि कहीं अगवा करने के बाद युवती के साथ कोई अनैतिक कार्य तो नहीं हुआ।

राठ कोतवाली क्षेत्र में तीन दिन पहले यानी 7 जून को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर वीरा गांव के पास नहर में अज्ञात युवती की लाश मिली थी, जिसे शिनाख्त के लिए मर्च्युरी में रखवा दिया गया था। दूसरे दिन 8 जून (रविवार) को युवती की शिनाख्त मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहूनी गांव निवासी मलखान प्रजापति की 22 वर्षीया पुत्री शिवानी प्रजापति के रूप में हुई थी।



शिवानी प्रजापति।

युवती की शिनाख्त हो जाने के बाद रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। सूत्रों के अनुसार पोस्टमार्टम में युवती की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। उसके शरीर में न तो चोट के कोई निशान मिले हैं और न ही गर्दन के पास ऐसे कोई सबूत मिले हैं, जिससे गला दबाकर हत्या किए जाने का अनुमान लगाया जा सके। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए बिसरा सुरक्षित किया है। इसके साथ ही डॉक्टर ने युवती के साथ दुष्कर्म के संदेह को लेकर स्लाइड भी बनाई है।

हालांकि सरीला सीओ राजकुमार पांडेय का कहना है कि अभी उनके पास पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। उनका कहना है कि सभी बिंदुओं पर बारीकी से तहकीकात की जाएगी। पुलिस का सारा ध्यान पहले आरोपियों को गिरफ्तार करना है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही पूरे मामले का रहस्य सुलझ सकेगा।

### कहीं जहर खिलाकर तो नहीं मारा गया?

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ नहीं होने से हर किसी के जहन में अब एक ही सवाल कौंध रहा है कि कहीं शिवानी को जहर खिलाकर तो नहीं मारा गया। डॉक्टर ने भी इसी आशंका के आधार पर बिसरा सुरक्षित किया है। बिसरा की रासायनिक जांच होने और उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के रहस्य से पर्दा उठ सकेगा। बिसरा के रासायनिक परीक्षण में आंतरिक अंगों के नमूनों की जांच होती है, जिसमें जहर से मौत का पता लगाया जा सकता है। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्री में बिसरा नमूने की जांच में 2-3 दिन लग सकते हैं।

### पिता-पुत्र के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

नहर में शिवानी की लाश मिलने के बाद उसके पिता मलखान प्रजापति की तहरीर पर जरिया थाने की पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ हत्या की नामजद एफआईआर दर्ज की है। जिन लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज हुई है, उनमें बिहूनी खुर्द गांव के ही महेश और उसका पुत्र मनोज आरोपी हैं। इन दोनों पर शिवानी को 14 मई को अगवा करने और फिर हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप लगाया गया है। मामले का खुलासा होने के बाद दोनों पिता-पुत्र फरार हैं। प्रभारी निरीक्षक मयंक चंदेल का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### मऊरानीपुर थाने की पुलिस पर उठे सवाल

युवती की शिनाख्त होने के बाद झांसी जिले की मऊरानीपुर थाने की पुलिस पर सवाल उठ रहे हैं। पिता मलखान प्रजापित की मानें तो दबंग बाप-बेटे की धमकी से परेशान होकर उसने बेटी को उसकी ननिहाल मऊरानीपुर भेजा था। 13 मई को आरोपियों ने बेटी का अपहरण किया था। 14 मई को उसने मऊरानीपुर में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अगर मऊरानीपुर पुलिस अपहरण की सूचना पर गंभीरता से कदम उठाती तो शिवानी को जिंदा बरामद किया जा सकता था।

## हत्या में 10 दोषियों को हुई उम्रकैद

**फर्रुखाबाद।** चर्चित पिता पुत्र हत्याकांड के 10 आरोपियों को दोषी करार कर अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

ग्राम सरह में 23 जुलाई 2023 को ब्रजनंदन एवं उनके बेटे चंदन की धारदार हथियारों से हमला करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गांव के प्रधान रामवीर एवं सुखपाल के पुत्रों अरविंद, गोविंद, गोपाल, समर सिंह उर्फ समरे अनिरुद्ध उर्फ बौखा सरविंद एवं महेंद्र सिंह शिवेंद्र सिंह व धीरेंद्र सिंह के विरुद्ध पिता व भाई की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 23 जुलाई को बृजनंदन व उनका बेटा चंदन गांव की दुकान पर बैठे थे उसी समय आरोपी रंगदारी वसूलने के लिए दुकान पर गया था,रंगदारी न दिए जाने पर अभियुक्तों ने गडासा कुल्हाड़ी एवं तलवार से पिता पुत्र को घायल किया और बाद में गोली मार कर उनकी हत्या कर दी थी। विवेचना के बाद मामला कोर्ट में पहुंचा। 10 को आजीवन कारावास के अलावा अदालत ने अनिरुद्ध को 2 साल की सजा सुनाई।

## सार-संक्षेप

### यूपी व बिहार की निकटता से बदल सकती अर्थव्यवस्था

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश और बिहार की निकटता देश की अर्थव्यवस्था को बदल सकती है। हमारी सारी सभ्यता कृषि पर निर्भर करती है। होली हो या दीवाली, त्योहारों की परंपरा के अनुसार हमारे घरों में पकवान भी अलग- अलग बनते हैं। ये बातें सोमवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहीं। वह आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट सभागार में सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कृषि को चमत्कारीय शक्ति का दर्जा देते हुए कहा कि किसान खेतों में एक बीज डालता है तो उससे कई पौधे निकलते हैं। वर्तमान समय में किसानों को वैज्ञानिक तकनीक से जोड़ने व सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने की जरूरत है। हमें किसानों की आय को दोगुणी करने का प्रयास करना होगा। बोले कि बिहार में मक्का, गेहूं और धान के क्षेत्र में दोगुणा उत्पादन हुआ है। हम बिहार को उत्पादक के रूप में ही नहीं निर्यातक के रूप में विकसित करने का कार्य कर रहे हैं। मिट्टी की सेहत में सुधार और जलसंचय को बढ़ावा देने की जरूरत है। हमारी सांस्कृतिक विरासत कृषि पर आधारित है। राजा जनक का उदाहरण देते हुए बताया कि अकाल में उन्होंने स्वयं खेत जोता था। बिहार में सीमांत किसानों की अधिक संख्या के बावजूद कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।

### मौजूदा सरकार की नीतियां जनविरोधी : माता प्रसाद

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर शोहरतगढ़ विधानसभा के मलगहिया और मिश्रौलिया में सोमवार को बैठक हुई। मुख्य अतिथि नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि मौजूदा सरकार की नीतियां जनविरोधी है। गरीबों की इस सरकार में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में संगठित होकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी पड़ेगी। विशिष्ट अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि पीडीए सहित समाज के सभी वर्ग जिनके साथ उत्पीड़न हो रहा है। समाजवादी पार्टी उनके लिए संघर्ष कर न्याय दिलायेगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने पर ही यूपी समृद्ध और खुशहाल बन सकेगा। इस अवसर पर आयोजक मण्डल ने हाल ही में बढ़नी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु विशेष प्रयास के लिए माता प्रसाद पाण्डेय एवं मणेन्द्र मिश्रा मशाल को मल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंट किया।

### चार सगे भाइयों समेत छह को उम्रकैद

**बाराबंकी।** सात साल पूर्व हुई हत्या के प्रकरण में न्यायालय ने चार सगे भाईयों समेत छह को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक को 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। थाना बदोसरांय क्षेत्र में हत्या की घटना के सम्बन्ध में हरिश्चन्द्र व विनोद पुत्र नान्हू, लल्लन उर्फ प्रेमचन्द्र व पप्पू उर्फ दीपचन्द्र पुत्र रामसुमिरन, पिन्टू उर्फ अरूण कुमार पुत्र विनोद व उत्तम उर्फ जयनरायन पुत्र हरिश्चन्द्र निवासीगण खुर्दा थाना रामनगर के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विभिन्न धाराओं के इस प्रकरण में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद न्यायालय जिला सत्र न्यायाधीश डीजे कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को दोषसिद्ध करार दिया और प्रत्येक को आजीवन कारावास व 10 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार 2 मार्च 2018 को थाना बदोसरांय पर वादिनी जयश्री पुत्री स्व0 कुलदीप चौहान ने हरिश्चन्द्र पुत्र नान्हू, विनोद पुत्र नान्हू, लल्लन उर्फ प्रेमचन्द्र पुत्र राम सुमिरन व पप्पू उर्फ दीपचन्द्र पुत्र रामसुमिरन, पिन्टू उर्फ अरूण कुमार पुत्र विनोद, उत्तम उर्फ जयनरायन पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी खुर्दा थाना रामनगर के विरूद्ध स्वयं के पिता की मारपीट कर हत्या करने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना बदोसरांय पर हत्या आदि धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्तगण के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

### रघुभूमि से तपोभूमि की लोक जागरण यात्रा 11 से

**अयोध्या।** अयोध्या लोक दायित्व के तत्वावधान में रघुभूमि से तपोभूमि की यात्रा अयोध्या धाम के लता चौक से बक्सर तक 11 जून पूर्णमासी को प्रारम्भ हो रही है। यात्रा संयोजक पवन कुमार ने बताया कि यह यात्रा माता सरयू के अवतरण दिवस पर श्री अयोध्या धाम से प्रारम्भ होती है। यात्रा का मार्ग वही होता है, जिस मार्ग से प्रभु राम ब्रह्मर्षि विश्वामित्र के साथ यज्ञ की रक्षा करने गए थे। इस यात्रा में समाज के लगभग सभी वर्गों के लोग सम्मिलित होते हैं। यह यात्रा कुल 276 किलोमीटर में 13 स्थलों तक जाएगी।

## युवक की मौत पर पिता ने दर्ज कराई हत्या की रिपोर्ट

**चित्रकूट।** शराब पार्टी के दौरान चली गोली से युवक की मौत मामले में मृतक के पिता ने उसके एक दोस्त के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट लिखाई।

सात जून की रात पारस वर्मा (25) की उस समय गोली लगने से मौत हो गई थी, जब वह अपने दोस्तों के साथ खेत में पार्टी कर रहा था। मृतक के पिता ने मैकू निषाद उर्फ मैकू दादा के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उसने बताया है कि उसके बेटे पारस उर्फ प्रवीण कुमार को इसने लाठी से मारा था, जिससे उसका दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया था। सात जून की रात पारस बनकट हाउस के पास अपने दोस्तों के साथ बैठा था कि मैकू वहां आ गया। आरोप है कि मैकू ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए तमंचे उसके पुत्र को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## खेत में सिंचाई करने गए किसान को बाघ ने बनाया निवाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जंगल से सटे इलाके के गांव मेवातपुर में तड़के हुई घटना
- डीएम, एसडीएम व सीओ पहुंचे शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचारः** गन्ने की सिंचाई करने गए किसान पर बाघ ने हमला कर मार डाला। किसान का अधखाया शव सुबह तड़के खेत में पड़ा मिला।

घटना पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज के वनकटी जंगल से सटे इलाके में हुई। गांव मेवातपुर उर्फ शेरगंज निवासी मुकेश कुमार (35) पुत्र मंगली प्रसाद रविवार देर शाम बड़े भाई योगेश के साथ गन्ने की सिंचाई करने गए थे। खेत में पानी छोड़ने के बाद दोनों भाई वापस लौट आए थे। मृतक के बड़े भाई के मुताबिक सोमवार सुबह तड़के मुकेश खेत देखने गया हुआ था। इस बीच जंगल से निकले बाघ ने मुकेश पर हमला कर मार डाला। काफी देर तक जब मुकेश



मुकेश कुमार।

घर नहीं लौटे तो परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की।

कुछ देर बाद ही मुकेश का अधखाया शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। शव को देखते ही कोहराम मच गया।

घटना को लेकर ग्रामीण भी आक्रोशित हो उठे। सूचना मिलने के बाद न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। घटनास्थल के आसपास बाघ की मौजूदगी को देखते हुए निगरानी के लिए टीम लगाई गई है। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि जंगल से सटे इलाके में घटना हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम व क्षेत्रीय वनाधिकारी के नेतृत्व में टीम मौके पर लगी हुई है।

## दुल्हन के साथ लौट रही युवती की हादसे में मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- 15 दिन पहले ही हुई थी सगाई दुल्हन और सहेली घायल

**अमृत विचार।** ब्यूटी पार्लर से मेकअप कराकर कार से गांव लौट रही दुल्हन की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार से पलटने से उसमें सवार एक युवती की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। घालयों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कस्बे के सिकंदरपुरा की मनीषा पाल (22) की बुआ की ननद रामदेवी की रविवार को शादी थी। मनीषा पाल ब्यूटी पार्लर में दुल्हन रामदेवी का मेकअप कराकर कार से कोतवाली क्षेत्र के बदनपुरा गांव लौट रही थी। रात में रामदेवी की शादी होनी थी। राठ-चरखारी रोड पर गौहानी गांव के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार से पलटने से उसमें सवार मनीषा पाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार पर सवार दुल्हन रामदेवी और गुंदेला गांव की रहने वाली रिश्तेदार मोहिनी पाल को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टप्पेबाजी कर नकदी व जेवरात चोरी करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एसओजी, सर्विलांस व थाना गुरसहायगंज पुलिस ने थाना गुरसहायगंज व थाना तिर्वा क्षेत्र में हुई दो टप्पेबाजी, चोरी की घटनाओं के मामले से संबंधित 03 महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी किए गए जेवरात व एक कार मिली है।

पुलिस ने टप्पेवाजी व चोरी करने वाली 03 महिला आरोपियों मीना पत्नी करन सिंह, मुस्कान पुत्री करन सिंह निवासीगण बनपोई थाना मोहमदाबाद जनपद फर्रुखाबाद, खुशबू पत्नी जितेन्द्र निवासी ग्राम मीरावली थाना छायसा जनपद बल्लभगढ़ को थाना गुरसहायगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डुडवा बुजुर्ग अन्डरपास से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी किये गये माल व घटना में प्रयुक्त कार को बरामद किया गया। इन्होंने 21 अप्रैल को पीडिता अखिलेश कुमारी पुत्री सत्य प्रकाश पत्नी अभिषेक सिंह निवासी ग्राम गपचरियापुर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज से नकदी व जेवरात चोरी किये थे।



महिला टप्पेबाजों के साथ घटना का खुलासा करते एसपी। अमृत विचार

इसी तरह 25 मई को पीडिता विनीता यादव पत्नी शिवदीप सिंह निवासी ग्राम नगला दलजीत सिंह थाना मोहम्मदाबाद जनपद फर्रूखाबाद से गुरसहायगंज तिराहा से टेम्पो में बैठकर थैले से जेवरात व नकदी पार की थी। पुलिस की पूछताछ में पकड़ी गई महिलाओं ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर गांधी चौराहा थाना तिर्वा व गुरसहायगंज रामगंज तिराहा से टेंम्पो में बैठी महिला को बातों में उलझा कर उनके बैग से आभूषण व रुपये चोरी कर लेती।

## बारातियों पर हमला कर जेवर लूटे

**फर्रुखाबाद।** बारात में शामिल एक ईको गाड़ी ने ग्राम मौधा की एक सफेद बोलेरो को ओवरटेक किया, जिससे नाराज बलेरो सवारों ने अपने गांव मौधा में मंदिर के पास रास्ता रोककर ईको गाड़ी को घेर लिया। इसके बाद 5-6 अज्ञात हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। महिलाओं से उनके जेवर छीन लिए।

पीड़ित आकाश जोशी पुत्र कुंदन जोशी निवासी थाना औछा, जनपद मैनपुरी ने कोतवाली मोहम्मदाबाद में तहरीर दी है कि जब वह अपने भतीजे की बारात में ईको गाड़ी से ग्राम झसी जा रहे थे, तभी यह घटना हुई। हमलावरों ने गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और बाल पकड़कर बाहर खींचकर जमकर मारपीट की। पीड़ित की जेब से तीन हजार रुपये नकद, एक सोने की चेन और ड्राइविंग लाइसेंस लूट लिया गया। इतना ही नहीं गाड़ी में बैठी महिलाओं से अभद्रता की।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हथेई विकास खण्ड पतारा जनपद कानपुर नगर**

पंत्राक: मेमो निविदा/मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त दिनांक 09-06-2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हथेई विकासखण्ड पतारा में केन्द्र वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग / मनरेगा / स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 2025-26 में ग्राम पंचायत हथेई द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित किये जाने हेतु आइटम रेट/ सम्राागी आपूर्ति पर मुहरबन्द निविदा दिनांक 10.06.2025 से प्रातः 11 बजे से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं 18.06.2025 को सांय 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित समिति के द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को धरोहर रााशि के रूप राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ.डी.आर. / जो कि ग्राम पंचायत सचिव हथेई कानपुर नगर के पक्ष में बन्धक हो जमा करनी होगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ 100/- रू के नान जूडिशियल स्टैम्प व 1/- रू का रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | नग/ संख्या | अनुमानित लागत | कार्य का अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पी0एम0 सूर्यघर योजना का कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 2 | विघासागर संखवार के घर से गंगाप्रसाद सचान के घर तक नाली व इंटरलाकिग 7 निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 3 | सुधीर सचान के घर से नरेश सचान के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत के प्रा0 वि0/ उ0प्र0वि0 में कायाकल्प कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 5 | मिलन केन्द्र की बाउडीवाल निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 6 | सन्तराम मास्टर से तालाब तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 7 | सचिव आवास की बाउडीवाल निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 8 | द्विजेन्द्र अवस्थी के घर से शैलेन्द्र पाल तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 9 | नातेदार के घर से लक्ष्मी यादव के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 10 | गेन्दालाल के घर पुतिया तक इंटरलाकिग निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 11 | महेन्द्र के घर से दीपू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 12 | मुकेंश के घर से जगदीश के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 13 | आशू सविता के घर से रामबाबू सविता के घर तक इंटरलाकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 14 | सुभाष अवस्थी के घर से छुटकाव शुक्ला के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 15 | गोविन्द्र द्विवेदी के घर से शिव सागर के घर तक इंटरलाकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 16 | शैलन्द्र पाल के घर से राजेश सेंगर के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 17 | बलबीर के घर से ब्रजकिशोर के घर तक इंटरलाकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 18 | आंगनवाडी मरम्मत कार्य महमदपुर में। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 19 | मम्हमदपुर मे प्रा0 वि0 में शौचालय निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 20 | सर्वेश के घर से मंगल पाल के घर तक इंटरलाकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 21 | पप्पू तिवारी के घर से राम प्रसाद के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 22 | दिनेश के घर से पतरावल के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 23 | आम की बगिया से भारत सिंह के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 24 | कल्लू के घर से गंगाराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 25 | आंगनवाडी निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 26 | पंचायत भवन का सुन्दरीकरण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 27 | राम विष्णु अवस्थी के घर से गुलाब सिंह के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 28 | शिवकरन सिंह के घर से सूरज सिह के घर तक इंटरलॉकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 29 | कछवाहिनपुर पुलिया से तोमर के घर तक मिट्टी पुराई व इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 30 | रविन्द्र सिंह की पुलिया से गगांप्रसाद मिश्रा तक नाली व इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 31 | संतोष तिवारी के घर से विजेन्द्र अवस्थी के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 32 | विनोद पाल के घर से गोले पाल तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 33 | वीरू पंडित के घर से छुन्नी तिवारी के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 34 | प्रा0 वि0 हथेई से सीताराम संखवार के घर तक इंटरलांकिग व नाली निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 35 | छिद्दू के घर से तालाब तक मिट्टी पुराई व इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 36 | छोटे मिस्त्री के घर से बम्बी तक नाली निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 37 | शमसूदीन के घर से दिवान के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 38 | प्रताप यादव से अतर सिंह के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 39 | रामबाबू सचान की बम्बी से अभिमन्यू यादव के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 40 | जगत की दुकान से बलबीर के घर तक इंटरलाकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 41 | कल्लू के घर से गंगाप्रसाद के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 42 | सुधीर के घर से गोविन्द के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 43 | रमेश तिवारी के घर से धमेन्द्र पाण्डेय के घर तक नाली मरम्मत व इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |

नियम व शर्ते (1) उक्त कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। (2.) निविदा कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है। (3.) निविदा दाताओं की जीएसटी / पैन / फर्म का रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर देना होगा। (4.) निविदा की स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार गठित समिति का होगा। (5.) सामग्री घट बढ़ सकती है। प्राक्कलन के अनुसार व भुगतान वास्तविक एमबी के अनुसार होगा। (6.) आइटम रेट प्राक्कलन कि दशा में 2 प्रतिशत धरोहर एफडीआर/बैकडाफट् / चेक के रूप में ग्राम पंचायत के पास बन्धक होगी। व निविदा स्वीकृत के पश्चात सिक्योरिटी धनराशि 10 प्रतिशत भी ग्राम पंचायत के पास बंधक होगी। (7.) प्रत्येक कार्य के लिये अलग से आवेदन करना होगा। (8.) यदि किसी कारणवश निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हथेई
कानपुर नगर

ग्राम विकास अधिकारी
(सचिव) ग्राम पंचायत हथेई
कानपुर नगर

सम्मेलन

मणिराम दास छावनी के आयोजित संत सम्मेलन में जताई गई चिंता

## सिर्फ व्यापार का केंद्र बनकर न रह जाए अयोध्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 87वें जन्मोत्सव पर मणिराम दास छावनी के श्रीराम कथा मंडपम में विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस दौरान यह चिंता जताई गई कि कहीं यह नगरी सिर्फ व्यापार का केंद्र न बनकर रह जाए। संत समिति के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्रानंद सरस्वती ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज जानकारी में है कि अयोध्या के 25 किलोमीटर के क्षेत्र में कोई जमीन खाली नहीं है। दुनिया का कोई ऐसा उद्योगपति नहीं है जो यहां आना नहीं चाहता, लेकिन संतों से यह निवेदन है कि अयोध्या धर्म नगरी ही बनी रहे सिर्फ व्यापार का केंद्र न बन कर रह जाए। यह चिंता यहां के साधु संतों को करनी होगी। श्री राम जन्मभूमि का आंदोलन कोई सामान्य आंदोलन नहीं था, हजारों वर्ष से दबाए गए समाज और तोड़े गए हजारों हजार मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की दिशा में बढ़ा हुआ यह पहला कदम था। कहा कि जो लोग राम मंदिर के निर्माण पर कह रहे थे कि इससे क्या किसी को रोटी मिलेगी। संतों के मंच से हमने कहा है कि काश तुमने पाकिस्तान में मंदिर नहीं तोड़ी होती तो जैसा भंडारा मणिराम दास छावनी में बिना जाति धर्म पूछे कराया जाता है, इस तरह पाकिस्तान के कराची के संकट मोचन मंदिर में भी हम सभी को बैठक खिला रहे होते और लोगों को 800 रुपये किलो आटा के लिए नहीं रोना पड़ता। वहीं राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि महंत नृत्यगोपाल दास का विराट व्यक्तित्व प्रेरक है।




महंत नृत्य गोपाल दास का अभिवादन करते साधु संत।

**मक्का-मदीना से भी अधिक भीड़ अयोध्या में हो रही: वेदांती।** पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती ने कहा कि 87वें जन्मोत्सव मनाने के लिए एकजुट हुए हैं। वहीं कहा कि पहले भीड़ सबसे ज्यादा मक्का और मदीना में होती थी, लेकिन अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद विश्व में सबसे ज्यादा भीड़ दर्शन करने के लिए अयोध्या में हुई।

# सरकार को 8,076.84 करोड़ का दिया लाभांश

## एसबीआई के चेयरमैन ने वित्त मंत्री को सौंपा चेक

नई दिल्ली, एजेंसी



देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक दिया।

इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और वित्त सचिव अजय सेठ भी थे। वित्त मंत्री के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, निर्मला सीतारमण को भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8076.84 करोड़ रुपये का लाभांश चेक मिला। एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15.90 रुपये प्रति शेयर का लाभांश घोषित किया था। बैंक ने पिछले साल सरकार को 6,959.29 करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। एसबीआई ने 2024-25 के दौरान 70,901 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया, जबकि इससे पिछले साल यह आंकड़ा 61,077 करोड़ रुपये था।

## सीतारमण ने एसपीएमसीआईएल को जल्द नवरत्न का दर्जा मिलने की जताई उम्मीद

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को भारतीय प्रतिभूति मुद्रण एवं मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि यह जल्द ही नवरत्न कंपनी बन जाएगी। एसपीएमसीआईएल इस समय वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है और इसे भारत सरकार की अनुसूची 'ए' के तहत मिनीरत्न श्रेणी-1 कंपनी का दर्जा मिला हुआ है। सरकार कुछ पूर्व-निर्धारित मानदंडों के आधार पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) को महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न का दर्जा देती है। इसमें लाभ का पिछला रिकॉर्ड और कुल संपत्ति जैसे वित्तीय मानक शामिल हैं। वित्त मंत्री ने एसपीएमसीआईएल के कॉरपोरेट कार्यालय का उद्घाटन करते हुए उसके प्रदर्शन की सराहना की। सार्वजनिक उपक्रम मुद्रा नोटों की छपाई, प्रचलन के लिए सिक्कों की ढलाई और स्मारक सिक्के की ढलाई का काम करता है। इस अवसर पर सीतारमण ने उम्मीद जताई कि एसपीएमसीआईएल अपने वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर नवरत्न का दर्जा भी हासिल करेगी। सीतारमण ने कहा कि 2015 में अपनी पूंजी पुनर्गठन के बाद कंपनी ने 2016-17 तक ब्याज सहित अपना पूरा ऋण चुका दिया और मजबूत प्रतिफल देना जारी रखा। वित्त वर्ष 2023-24 में इसने 364 करोड़ रुपये का लाभांश दिया, जबकि पिछले साल इसने 534 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश दिया था। वित्त मंत्री ने कहा कि निगम ने सीमा शुल्क विभाग द्वारा जब्त किए गए सोने से लगभग 3 .4 टन परिष्कृत सोना भारतीय रिजर्व बैंक को दिया।

# चीन का अमेरिका को निर्यात 35% घटा, अर्थव्यवस्था पर बढ़ा दबाव

बीजिंग, एजेंसी

चीन का अमेरिका को निर्यात मई माह में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत घटा है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है, क्योंकि अमेरिका से व्यापार वार्ता का नया दौर सोमवार को लंदन में शुरू होने वाला है।

पिछले महीने चीन के कुल निर्यात में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो उम्मीद से कम है। अप्रैल में सालाना आधार पर चीन का निर्यात 8.1 प्रतिशत बढ़ा था। मई में चीन का आयात 3.4 प्रतिशत घट गया। इससे चीन का व्यापार अधिशेष 103.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। चीन ने मई में



- सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों से मिली जानकारी, उम्मीद से कम हुई निर्यात वृद्धि

अमेरिका को 28.8 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 44 अरब अमेरिकी डॉलर था। सीमा शुल्क विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका से इसका आयात घटकर 10.8 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। इसके बावजूद दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोपीय संघ को निर्यात मजबूत रहा, और इसमें सालाना आधार पर क्रमशः 14.8 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। थाइलैंड, वियतनाम और इंडोनेशिया को निर्यात में तेजी से वृद्धि हुई। जर्मनी को निर्यात 12 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया।

आईएनजी इकनॉमिक्स की लिन सॉन्ग ने एक टिप्पणी में कहा, अन्य अर्थव्यवस्थाओं को निर्यात में तेजी ने व्यापार युद्ध के बावजूद चीन के निर्यात को अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ने में मदद की है। कई कंपनियों ने ऊंचे शुल्क से बचने के लिए साल की शुरुआत में ऑर्डर दिए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुल्क में भारी बढ़ोतरी को टालने के लिए चीन के साथ एक समझौता किया है।

# बैंक शेयरों में बढ़त से सेंसेक्स 256 अंक मजबूत, निफ्टी 100 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 256 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती के बाद निवेशकों की धारणा में सुधार से बाजार बढ़त में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 256.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,445.21 अंक पर बंद हुआ। मुख्य रूप से बैंक



- स्थानीय शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी

शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबार के दौरान एक समय यह 480.01 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 100.15 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,103.20 अंक पर बंद हुआ। चार दिन की तेजी से निफ्टी 560 अंक यानी 2.27 प्रतिशत लाभ में रहा जबकि सेंसेक्स 1,707 अंक मजबूत हुआ है। अमेरिका और चीन के बीच एक और दौर की व्यापार वार्ता को लेकर भी बाजार में धारणा सकारात्मक रही। विश्लेषकों ने कहा कि पिछले सप्ताह आरबीआई के नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया है। इससे अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांकों में तेजी आई है। ऊर्जा, आईटी और वित्तीय क्षेत्र प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक ने मानक सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वित्तीय शेयरों में तेजी जारी रही। इसका कारण आरबीआई की नीतिगत दर और सीआरआर में कटौती है।

## चार यूरोपीय देशों के समूह से व्यापार समझौता सितंबर तक

**बर्न।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच एफटीए इस साल सितंबर से लागू होने की संभावना है। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



इसके तहत भारत को इस समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मिली है जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे एवं पॉलिश किए गए हीरे जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति होगी। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लिश्टेंसटाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से ईएफटीए के साथ व्यापार समझौते पर कहा, यह सितंबर तक लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते को सभी चार देशों की संसदों से मंजूरी मिल गई है। हालांकि स्विट्जरलैंड में इस पर 10 जुलाई तक आपत्ति की जा सकती है।

# सुपर बिल्ट अप व कार्पेट एरिया में बढ़ा फासला

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख शहरों की आवासीय परियोजनाओं में साझा सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर बिल्डरों ने औसत लोडिंग को 40 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है जिससे पिछले कुछ वर्षों में फ्लैट के भीतर इस्तेमाल लायक जगह काफी कम हो गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। किसी आवासीय परियोजना में साझा सुविधाओं के लिए इस्तेमाल हुई जमीन को भी जोड़कर फ्लैट की बिक्री की जाती है।

इस संपूर्ण क्षेत्रफल को सुपर बिल्टअप एरिया कहा जाता है जबकि फ्लैट के भीतर की जगह कार्पेट एरिया कही जाती है। इन दोनों के बीच के अंतर पर लोडिंग अनुपात कहा जाता है। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक के मुताबिक, वर्ष 2019 में औसत लोडिंग अनुपात 31 प्रतिशत था लेकिन जनवरी-मार्च 2025 की



- आवासीय परियोजनाओं में साझा सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर बिल्डरों ने औसत लोडिंग को 40%तक पहुंचाया

तिमाही में यह बढ़कर 40 प्रतिशत पर पहुंच गया। फ्लैट मालिकों को अब रहने लायक कम जगह मिल रही है और वे साझा सुविधाओं के नाम पर अधिक पैसे चुका रहे हैं। ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक व प्रमुख प्रशांत ठाकुर ने कहा, हालांकि नियामक रेरा के तहत अब डेवलपरों के लिए घर खरीदने वालों को दिए जाने वाले कुल कार्पेट एरिया का उल्लेख करना जरूरी है लेकिन कानून में परियोजनाओं के लोडिंग फैक्टर को सीमित नहीं किया गया है।

## लंदन टेक वीक में 350 से अधिक भारतीय कंपनियां शामिल

**लंदन।** सोमवार को शुरू हुए लंदन टेक वीक में 350 से अधिक भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियां शामिल हुईं, जो इस आयोजन में देश का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल है। इन कंपनियों में द ब्लैक बॉक्स, डिजी ऑस्मोसिस, बहवान साइबरटेक, आर्य डॉट एआई, एमफैसिस, हेलिओस बैटरीज, फाइंड, हाइपररेडी, मनीहॉप और सियाम कंप्यूटिंग शामिल हैं। लंदन के मेयर कार्यालय ने भारतीय भागीदारी में वृद्धि को भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हाल ही में हस्ताक्षर किए जाने के बाद दोनों देशों के तकनीकी परिवेश के बीच मजबूती का उदाहरण बताया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने लंदन टेक वीक में 'एक्सट्रैक्ट' को पेश करने की घोषणा की थी।



# मशाल जुलूस निकाल सरकारी इमारत फूंकी

## मणिपुर में प्रदर्शनकारियों का विरोध प्रदर्शन जारी, सुरक्षाबलों से हुई झड़प, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे

मणिपुर, एजेंसी

मणिपुर में मेइती संगठन के एक नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात को प्रदर्शनकारियों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए मशाल जुलूस निकाले, एक सरकारी इमारत में आग लगा दी और सुरक्षा बलों से उनकी झड़प हुई।

एक अधिकारी ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के क्वाकेइथेल और सिंगजमै क्षेत्र में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़पें हुईं, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और रबर की गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि इंफाल पूर्व जिले के याइरीपोक तुलिहाल स्थित उप-विभागीय कलेक्टर (एसडीसी) कार्यालय में आग लगा दी गई, जिससे इमारत को आंशिक नुकसान पहुंचा और आधिकारिक दस्तावेज जल गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आगजनी करने वालों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में कोई और अप्रिय घटना ना हो, इसके लिए इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों की आवाजाही को रोकने के लिए इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई और कोइरेंगी क्षेत्रों में सड़कों पर मिट्टी के ढेर लगा दिए। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई, याइरीपोक और खुरई में सड़कों के बीच टायर जलाए और सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई जिसके बाद उन्हें तितर-बितर



प्रदर्शनकारियों के उपद्रव के बाद इंफाल में तैनात किया गया सुरक्षाबल।

करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। सोमवार सुबह इंफाल के कई इलाकों में सड़कों पर जले हुए टायर और धुआं उठता देखा गया। स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। प्रदर्शनकारी कई सड़कों को बांस की बल्लियों से बंद कर रहे हैं।

हालांकि, सुरक्षा बलों ने कई अवरोधों को, विशेष रूप से इंफाल हवाई अड्डे की ओर जाने वाली तिद्दिम रोड पर लगे अवरोधकों को हटा दिया है। महिला समूहों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया और खुरई में मशाल जुलूस निकालकर राज्य में सरकार के तत्काल गठन की मांग की। मणिपुर में अभी राष्ट्रपति शासन लागू है। मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल के नेता कानन सिंह और चार अन्य की गिरफ्तारी को लेकर शनिवार से मणिपुर में प्रदर्शन जारी है।

### पूर्व हेड कांस्टेबल कानन को मार्च में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था : पुलिस

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने कहा कि सीबीआई द्वारा एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया अशेम कानन सिंह राज्य पुलिस में हेड कांस्टेबल था और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के कारण उसे मार्च में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। सीबीआई ने मणिपुर में 2023 में हुई हिंसा से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए रविवार को मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल (एटी) के सदस्य कानन सिंह को गिरफ्तार किया है। अशेम कानन सिंह (46) को सीबीआई ने इंफाल में गिरफ्तार किया।

# पिछले 11 साल देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक तानेबाने पर हुआ हमला : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पिछले 11 साल में देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि सरकार ने इन 11 सालों में संविधान के हर पन्ने पर सिर्फ तानाशाही की स्याही पोती है। उन्होंने कहा, भाजपा-आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर किया है व उनकी स्वायत्तता पर हमला किया है।

कहा कि चाहे जनमत के खिलाफ जाकर पिछले दरवाजे से सरकारें गिराना हो या जबरन एक दलीय



तानाशाही लागू करना हो, इस दौरान राज्यों के अधिकारों की अनदेखी की गई है और संघीय ढांचा कमजोर हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लगातार घृणा, धमकी व भय का माहौल फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है। उन्हें आरक्षण और समान अधिकारों से वंचित करने

- कहा-सरकार ने संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही पोती

की साजिश जारी है। मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा भाजपा की प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा सबूत है।

कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि भाजपा-आरएसएस ने देश की जीडीपी वृद्धि दर को 5-6 प्रतिशत पर बनाए रखने की आदत बना ली है, जो संप्रग के दौरान औसतन 8 प्रतिशत होती थी। उन्होंने कहा, सालाना 2 करोड़ नौकरियों के वादे को पूरा करने के बजाय युवाओं से करोड़ों नौकरियां छीन ली गईं। मुद्रास्फीति के कारण सार्वजनिक बचत 50 वर्षों में सबसे कम हो गई है और आर्थिक असमानता 100 वर्षों में सबसे अधिक हो गई है।

### सबसे बड़ा जहाज




दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज एमएससी इरिना को केरल के तिरुवनंतपुरम में विझिनजाम इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) पर पहुंचने पर पानी की बौछारों से सलामी दी गई।

## एक नजर

### पटना में महिला और उसकी पुत्री की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के आलमगंज इलाके में सोमवार को अज्ञात हमलावरों द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी में एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की सेवानिवृत्त नर्स महालक्ष्मी और उनकी बेटी संथाली के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि महिला के पति धनंजय भी गोलीबारी में घायल हुए हैं और उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### असम से 330 अवैध प्रवासियों को वापस भेजा गया

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने या रहने वाले बंगलादेशी नागरिकों पर कड़ा रुख दोहराते हुए कहा है कि लगभग 330 अवैध प्रवासियों को वापस भेजा गया है और उनमें से कोई भी वापस नहीं आया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, उनके लिए वापस लौटना संभव नहीं है और हम इसके लिए दृढ़ हैं और उनकी वापसी में तेज़ी लायी जाएगी।

## व्यवसायी से रिश्वत लेने के आरोप में आईएएस अधिकारी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सतर्कता अधिकारियों ने 2021 बैच के आईएएस अधिकारी धर्मगढ़ के उप-कलेक्टर धीमान चकमा को एक स्थानीय व्यवसायी से कथित तौर पर दस लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आईएएस अधिकारी को रविवार को 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। यह राशि कुल 20 लाख रुपये की रिश्वत मांग की एक किस्त थी। चकमा ने व्यवसायी को धमकी दी थी कि अगर उसे रिश्वत नहीं मिली तो वह उसके व्यवसाय के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

## जासूसी मामला: पंजाब के यूट्यूबर जसबीर को न्यायिक हिरासत में भेजा

**चंडीगढ़।** मोहाली की एक अदालत ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद सिंह को अदालत में पेश किया गया था।

चार जून को गिरफ्तारी के बाद उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया था जिसे बाद में दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। सिंह के वकील मोहित धूपर ने कहा कि उसे 23 जून को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। रूपनगर जिले के महलान गांव का रहने वाला जसबीर सिंह उर्फ जान महल (41) एक यूट्यूब चैनल जान महल वीडियो चलाता था जिसके 11 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं। वह यात्रा और खाना पकाने के वीडियो ब्लॉग पोस्ट करता था। सिंह पर पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजी गयी हरियाणा की इंफ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा के साथ निकट संपर्क में होने का आरोप है।

# बेंगलुरु भगदड़ पर आरसीबी अधिकारी ने कोर्ट में दावा किया, मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई गिरफ्तारी

- हाईकोर्ट ने आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल को नहीं दी अंतरिम राहत, आज फिर होगी सुनवाई

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को अंतरिम राहत नहीं दी तथा मामले की सुनवाई मंगलवार के लिए स्थगित कर दी। सोसले को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ के सिलसिले में 6 जून को गिरफ्तार किया गया था।

हाईकोर्ट ने पुलिस को आरसीबी और इवेंट पार्टनर डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के खिलाफ 12 जून तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया और मामले की अगली सुनवाई उसी दिन तय कर दी। अपनी याचिका में सोसले ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया था। आरसीबी और डीएनए ने चार जून को आरसीबी के आईपीएल जीतने के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के संबंध में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### अनावश्यक गिरफ्तारियों के खिलाफ सरकार को चेतावनी

न्यायाधीश ने राज्य सरकार को अनावश्यक गिरफ्तारियों के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा, यह भद्र लोगों में आम समझ है - जब तक हम मामले को अपने हाथ में नहीं ले लेते, तब तक कुछ भी मत कीजिए। सोमवार को सोसले के वकील ने अदालत के समक्ष दलील दी कि केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारियों ने आरसीबी अधिकारी को इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया था। आरसीबी के अधिकारी को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह दुबई जा रहे थे।

## निर्वाचन आयोग हरियाणा-महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ा डेटा कब तक सौंपेगा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा और महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़े डेटा साझा करने संबंधी निर्वाचन आयोग के कथित फैसले की सोमवार को सराहना करते हुए इसे पहला अच्छा कदम करार दिया। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि वह उस तारीख का ऐलान करे, जब डिजिटल और 'मशीन द्वारा पठनीय' प्रारूप में डेटा सौंपा जाएगा।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया की एक खबर का 'स्क्रीनशॉट' साझा किया, जिसमें दावा किया गया है कि निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2009 से 2024 तक हरियाणा और महाराष्ट्र के लिए मतदाता सूची का डेटा साझा करने का रास्ता साफ कर दिया है। इसमें कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने इससे पहले इस साल की शुरुआत में दिल्ली उच्च न्यायालय को इस संबंध में आश्वासन दिया था।

# क्रिश्चियन मिशेल की सुरक्षा रिपोर्ट लापता अदालत ने कहा- गंभीर चिंता का विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

- तिहाड़ जेल प्रशासन को रिपोर्ट पेश करने का आदेश, मिशेल ने जान से मारने की साजिश का आरोप लगाया

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कहा कि जेल में बंद अगस्ता वेस्टलैंड मामले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की सुरक्षा पहलू से जुड़ी जांच फाइल का गायब होना गंभीर चिंता का विषय है। अदालत ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को फाइल ढूंढने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश संजय जिंदल ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को 7 जुलाई तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया, क्योंकि उन्हें बताया गया कि अदालत द्वारा मांगी गई मूल रिपोर्ट काफी प्रयासों के बावजूद भी नहीं मिल सकी है।

अदालत ने कहा, अभियुक्तों द्वारा उठाए गए मुद्दों की गंभीरता और जेम्स की शिकायत पर हाल की सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड पर आए तथ्यों को देखते हुए, यह गंभीर चिंता का विषय है कि जांच की केस फाइल, जिसके आधार पर 29 अगस्त, 2019 की रिपोर्ट दी गई थी, का पता नहीं चल पा रहा है। न्यायाधीश ने कहा, तिहाड़ जेल के महानिदेशक (कारागार) को उपरोक्त जांच फाइल का पता लगाने और उसे पेश करने के लिए कहा जाए और यदि केस फाइल का अब भी पता नहीं लगता है, तो अगली सुनवाई की तारीख पर जांच फाइल के पता न चलने के तथ्यों और परिस्थितियों के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अदालत ने स्पष्ट किया कि जेम्स की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएंगे।



शुभमन गिल। (फाइल फोटो)

# भारत को इंग्लैंड में हालात के अनुकूल ढलना होगा

## पूर्व क्रिकेटरों ने टेस्ट सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के लिए दी सलाह, रोहित व विराट के संन्यास के बाद शुभमन पर बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व क्रिकेटरों ने सोमवार को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड में कामयाबी के लिए हालात के अनुकूल ढलने की सलाह दी। वहीं माइकल वॉन का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए 'कुछ खास' की शुरुआत हो सकती है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस दौरे के लिए नहीं चुने गए हैं।

चेतेश्वर पुजारा ने कहा भारत को इंग्लैंड के हालात के अनुरूप तुरंत ढलना होगा। इंग्लैंड के हालात और टीम संयोजन को समझने के कारण मैं कह सकता हूं कि अनुशासन, संयम और एक दूसरे का सहयोग अहम होगा। उन्होंने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोर्ट्स से कहा हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा और चुनौती का सम्मान करना होगा। मुझे यकीन है कि हर खिलाड़ी के विकास और सफलता के लिये यह बड़ा मौका होगा। पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा इंग्लैंड दौरा हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन मजेदार भी रहता है। हालात के अनुकूल ढलना अहम होगा और मुझे यकीन है कि खिलाड़ी ऐसा कर सकेंगे। गेंदबाजी में हमारे पास अनुभव और स्थिरता है। पूर्व हरफनमौला



चेतेश्वर पुजारा।



इरफान पठान।

इरफान पठान ने कहा भारत की नयी टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है लेकिन एक हरफनमौला होने के नाते मैं कह सकता हूं कि हालात के अनुरूप ढलना अहम होगा। गिल की कप्तानी, पंत की ऊर्जा और भारत के युवा खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने कहा कि 25 वर्ष के गिल को टेस्ट कप्तान बनाना साहसिक फैसला है और यह निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा शुभमन गिल भारतीय टेस्ट क्रिकेट का नया चेहरा है। इंग्लैंड श्रृंखला के लिये उसे कप्तान बनाने का फैसला साहसिक है। उसे बहुत कुछ साबित करना होगा लेकिन उसने दिखा दिया है कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है। ऋषभ पंत उपकप्तान है और यह टीम खुद को साबित करने के लिये बेताब है। इंग्लैंड का दौरा भारत की अगली पीढ़ी के लिए किसी खास का आगाज हो सकता है।

### ऑफ साइड के बाहर की गेंद पर जूझने के कारण कोहली ने संन्यास लिया : पनेसर

**नई दिल्ली :** पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर बार-बार जूझने की समस्या का संभवत: समाधान नहीं मिलने के कारण विराट कोहली ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट खेलने वाले और 2012 में भारत में अपनी टीम को टेस्ट सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले पनेसर का मानना है कि कोहली को इंग्लैंड के अपने पिछले दौरों की तुलना में ऑफ स्टंप के आसपास घूमती गेंदों से निपटना अधिक कठिन लगता। कोहली ने 2014 के खराब दौरे के बाद 2018 में इंग्लैंड में शानदार वापसी की। वर्ष 2014 में जेम्स एंडरसन ने इस दिग्गज बल्लेबाज को काफी परेशान किया। बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर पनेसर ने पीटीआई से कहा कोहली के साथ जो हुआ है वह यह है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद, पांचवें स्टंप की लाइन, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया में तेज उछाल वाली पिचों पर वह संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने शायद सोचा होगा कि इंग्लैंड में गेंद और ज्यादा स्विंग करेगी, उन्होंने शायद ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर समस्या का समाधान नहीं निकाला। शायद यही एक कारण रहा होगा कि उन्होंने संन्यास लेने और अपनी सारी ऊर्जा आरसीबी और भारत के लिए एकदिवसीय क्रिकेट में लगाने के बारे में सोचा। कोहली के पास 2018 में वापसी करने के लिए जवाब थे पर अपने करियर के इस पड़ाव पर ऐसा करना बहुत कठिन होगा।

### कोटियान और काम्बोज के अर्धशतक, मुकाबला रहा ड्रा

**नार्थम्पटन :** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल काम्बोज (नाबाद 51/ दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया दूसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे दिन सोमवार को ड्रा रहा। कोटियान और काम्बोज की जोड़ी ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों की खूब परीक्षा ली और की आठवें विकेट के लिए 149 रनों की अविजित साझेदारी कर इंडिया ए के लिए 92 ओवर में सात विकेट पर 417 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड लायंस को जीत के लिए 439 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड लायंस की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक 26 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। टॉम होंज (सात), एमिलियो गे (पांच) और जार्डन क्रॉक्स (शून्य) पर आउट हुये। इंग्लैंड के 11 ओवर में तीन विकेट पर 32 रन बनाये जाने के बाद मैच को ड्रा घोषित कर दिया गया। अंशुल काम्बोज ने दो विकेट लिये और तुषार देशपांडे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए ने कल के चार विकेट पर 163 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। इंडिया ए का पांचवां विकेट ध्रुव जुरेल (28) के रूप में गिरा। इसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी (42), शार्दुल ठाकुर (34) रन बनाकर आउट हुए।

## खेल डायरी

### मुझे कप्तानी पसंद है, इससे जिम्मेदारी आती है : अय्यर

**मुंबई :** कोलकाता नाइट राइडर्स को पिछले साल आईपीएल खिताब दिलाने के बाद इस साल पंजाब किंग्स को फाइनल में ले जाने वाले भारत के स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर ने कहा कि उन्हें कप्तानी पसंद है क्योंकि इससे वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। अय्यर ने पंजाब किंग्स को आईपीएल फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हुए 604 रन बनाये, लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके। अय्यर ने सोबो मुंबई फाल्कंस को टी20 मुंबई लीग सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद कहा कप्तानी से काफी परिपक्वता और जिम्मेदारी आती है। आपसे हमेशा अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है और आप टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहते हैं। किसी भी तरह की विषम परिस्थिति या प्रतिकूलता में टीम कप्तान के ही पास आती है।



### मैच में अश्विन के अशिष्ट व्यवहार ने ध्यान खींचा

**कोयंबटूर :** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में डिंडीगुल ड्रैगन्स और आईड्रीम तिरुप्पुर तमिलियंस के बीच मैच के दौरान विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैदान पर अचानक गुस्से में आ गए। ड्रैगन्स की अगुआई कर रहे अश्विन पारी की शुरुआत करने आए और पांचवें ओवर में अश्विन स्पिनर आर साई किशोर की गेंद पर पगबाधा आउट करार दिए गए। अश्विन ने पांचवें ओवर में पैडल स्वीप खेलने की कोशिश की पर गेंद उनके पैड पर लगी। अंपायर वेंकटेशन कृतिका ने गेंदबाज की अपील पर अपनी उंगली उठाई क्योंकि अश्विन तेजी से एक लेने के लिए दौड़ रहे थे। रीप्ले से यह स्पष्ट था कि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी। अश्विन डीआरएस नहीं ले सके क्योंकि उन्होंने और जोड़ीदार शिवम सिंह डीआरए ले चुके थे।

### पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो :** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा, "यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं जिसके लिए हम प्रयासरत रहे हैं। यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है। पैराग्वे, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जो चौथे स्थान पर मौजूद ब्राजील से दो अंक आगे है।

### दिल्ली ओपन में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली :** शीर्ष वरीयता प्राप्त एस एल नारायणन की अगुवाई में भारत के ग्रैंड मास्टर नॉर्म प्राप्त खिलाड़ियों का दिल्ली अंतरराष्ट्रीय जीएम ओपन शतरंज में सोमवार को चौथे दौर में शानदार प्रदर्शन जारी रहा। नारायणन ने वियतनाम के ग्रैंड मास्टर गुयेन डुक होआ को हराया, जबकि दिप्तायन घोष और दो अन्य घरेलू ग्रैंड मास्टर ने भी शानदार जीत दर्ज कर तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिनेश शर्मा और अंतरराष्ट्रीय मास्टर हर्ष सुरेश ने भी अपने अपने मुकाबले में जीत के साथ दबदबा कायम किया है। ग्रैंड मास्टर आदित्य एस सामंत ने भी लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा है। दिल्ली जीएम ओपन एशिया के सबसे बड़े क्लासिकल प्रारूप के ओपन शतरंज टूर्नामेंट के रूप में वैश्विक ध्यान आकर्षित कर रहा है। इस टूर्नामेंट में 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है।

# यानिक सिनर शीर्ष पर बरकरार

- डब्ल्यूटीए रैंकिंग में बोइसों ने 296 स्थान की लंबी छलांग लगाई

**पेरिस, एजेंसी**

फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करने वाली लोइस बोइसों सोमवार को जारी नवीनतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 296 अंक की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

फ्रांस की बोइसों फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले 361वें स्थान पर थीं, लेकिन पिछले हफ्ते इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में जगह बनाने की बदौलत लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में बोइसों को हराया और फिर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता।



यानिक सिनर। ● एजेंसी

डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। एरिना सबालेंका शीर्ष पर बरकरार हैं। गॉफ और उनकी साथी अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सबालेंका को रोलां गैरो पर फाइनल में गॉफ के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। वाइल्ड कार्ड धारक बोइसों ने तीसरी वरीय पेगुला को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी और फिर छठे नंबर की खिलाड़ी मीरा आंद्रीवा को हराया।

रोलां गैरो पर सबसे लंबे फाइनल में शीर्ष वरीय यानिक सिनर को हराकर अपने खिताब की रक्षा करने वाले कार्लोस अल्कारेज पुरुष एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। इटली के सिनर फाइनल में हार के बावजूद शीर्ष पर हैं। सिनर ने अल्कारेज पर 2030 अंक की बढ़त बना रखी है। एलेक्जेंडर ज्वेरेव तीसरे स्थान पर हैं। जैक ड्रैपर चौथे जबकि नोवाक जोकोविच पांचवें पायदान पर हैं।

# धोनी आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल

- आईसीसी हॉल ऑफ फेम 2025 में सात क्रिकेटरों को शामिल करेगी, जिसमें पांच पुरुष और दो महिला खिलाड़ी होंगे

**लंदन, एजेंसी**

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी मैथ्यू हेडन और दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज हाशिम अमला के साथ वर्ष 2025 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। आईसीसी अपने हॉल ऑफ फेम 2025 में सात क्रिकेटरों को शामिल करेगी जिसमें पांच पुरुष और दो महिला खिलाड़ी हैं।

आईसीसी ने बयान में कहा दबाव में अपने शांत स्वभाव और बेजोड़ रणनीतिक कौशल के लिए मशहूर, साथ ही छोटे प्रारूपों में एक अग्रणी खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी की खेल के सबसे महान फिनिशर, नेतृत्वकर्ता और विकेटकीपर के रूप में



महेंद्र सिंह धोनी। ● एजेंसी

विरासत को आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल करके सम्मानित किया गया है। बयान के अनुसार भारत के लिए 17,266 अंतरराष्ट्रीय रन, 829 शिकार और विभिन्न प्रारूपों में 538 मैच के साथ धोनी के आंकड़े ना केवल उत्कृष्टता बल्कि असाधारण स्थिरता, फिटनेस और लंबे करियर को दर्शाते हैं।

भारत को 2007 में टी20 विश्व कप, 2011 में एकदिवसीय विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले धोनी ने आईसीसी द्वारा साझा किए गए बयान में कहा आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होना सम्मान की बात है जो दुनिया भर के विभिन्न पीढ़ियों के क्रिकेटरों के योगदान को मान्यता देता है। उन्होंने कहा, ऐसे सर्वकालिक महान खिलाड़ियों के साथ आपका नाम याद किया जाना एक अद्भुत एहसास है। यह कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।

# अनुभवी इलावेनिल से पदक की उम्मीद

**म्यूनिख, एजेंसी**

दो बार की पदक विजेता इलावेनिल वालारिवन से मंगलवार को यहां आईएसएसएफ (अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) के साल के तीसरे विश्व कप के पहले दिन पदक की सबसे ज्यादा उम्मीदें होगी। क्योंकि उनके अलावा देश के तीन निशानेबाज महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में पहली बार इस आयोजन में भाग लेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल मंगलवार को होंगे। इसके अलावा 10 स्पर्धाओं में से चार के लिए एलिमिनेशन और क्वालीफिकेशन शुरू होंगे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस टूर्नामेंट के लिए निशानेबाजों की 22 सदस्यीय दल भेजी है। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के अलावा किरण अंकुश जाधव दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेंगी। भारत पहले दिन दो पदक स्पर्धाओं में विश्व कप में पदार्पण करने वाले तीन खिलाड़ियों को

**आईएसएसएफ विश्व कप**



इलावेनिल वालारिवन। ● एजेंसी

मैदान में उतार रहा है। इसमें राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू महिला स्पर्धा में तथा आदित्य मालरा और निशांत रावत पुरुष स्पर्धा में इस स्तर पर पहली बार किस्मत आजमायेंगे।

भारत की दूसरी एयर राइफल निशानेबाज आर्या बोरसे भी सीनियर स्तर पर अपने शुरुआती साल में है। वह हालांकि शानदार फॉर्म में है। उसने ब्यूनस आयर्स और लीमा में वर्ष के पहले दो विश्व कप चरणों में क्रमशः एक व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई तथा दो मिश्रित टीम रजत पदक जीते। इससे दो बार की ओलंपियन और दो बार की व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता इलावेनिल और एशियाई चैंपियनशिप विजेता और चार बार के विश्व कप पदक विजेता वरुण तोमर को दोनों स्पर्धाओं में सीनियर की जिम्मेदारी संभालनी होगी। भारतीय राइफल कोच दीपाली देशपांडे ने सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा म्यूनिख निशानेबाजी परिसर से हमारे निशानेबाज अच्छी तरह परिचित है। ये सभी यूरोपीय सर्किट पर विभिन्न आयोजनों के लिए कई बार यहां आ चूके है। वे अभ्यास में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, देखते हैं मुकाबले में क्या होता है। भारत ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अमेरिका में हुए विश्व कप के पहले दो चरणों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय निशानेबाज विश्व कप के साल के शुरुआती दो चरण की सफलताओं को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

राष्ट्रीय पिस्टल कोच समरेश जंग ने कहा हमारे निशानेबाज लय में हैं। सभी फिट है इसलिए हम अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त है। प्रतियोगिता के शुरुआती दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की थ्री पी टीम भी चुनौती देती दिखेगी। मनु भाकर, ईशा सिंह और सिमरनप्रीत कौर की तिकड़ी एक बार फिर अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने की कोशिश करेगी।

### भारतीय हॉकी टीम को नीदरलैंड से 3-2 से मिली हार

**एम्सटेलवीन :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के दूसरे मैच में सोमवार को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा।

एम्सटेलवीन के वागेनर स्टेडियम में आज खेले गए रोमांचक मुकाबले का पहला क्वार्टर गोलरहित रहा और दूसरे क्वार्टर में दोनों ही टीमों ने 1-1 गोल किया। तीसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने एक गोलकर स्कोर 2-0 से कर दिया। चौथा क्वार्टर निर्णायक रहा। भारत के लिए अभिषेक (20वें मिनट में) और जुगराज सिंह (54वें मिनट में) ने गोल किए। नीदरलैंड के लिए थिज डैम वैन (24वें मिनट), होडेमेकर्स टीजेप (33वें मिनट में) और जानसेन जिप (57वें मिनट में) ने गोल किए। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब अपने अगले मैच बुधवार को अर्जेंटीना से भिड़ेगी।

# कोलकाता व दिल्ली के टेस्ट मैचों में बदलाव

- विंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने हैं मुकाबले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुताबिक कोलकाता के ईडन गार्डन्स और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के आगामी घरेलू सत्र के दौरान क्रमशः वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने आवंटित टेस्ट मैचों की अदला-बदली करेंगे। दिल्ली को पहले 14 से 18 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट की मेजबानी करनी थी, लेकिन अब वह 10 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

बीसीसीआई की ओर से स्थल परिवर्तन का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन समझा जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर के मध्य में वायु प्रदूषण के स्तर के खतरनाक होने के कारण यह फैसला लिया गया है। कुछ साल पहले भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दौरान खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस मैच के दौरान श्रीलंकाई क्षेत्ररक्षकों ने मास्क पहने हुए थे और कुछ को कथित तौर पर सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

समझा जाता है कि बीसीसीआई की क्रिकेट संचालन टीम ने पिछले कुछ वर्षों के एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) डेटा को एकत्रित किया और निर्णय लिया कि स्थल परिवर्तन एक व्यवहार्य विकल्प है। भारत का घरेलू सत्र वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों से शुरू होगा। इसकी शुरुआत दो अक्टूबर को अहमदाबाद में होगी।

# पुर्तगाल ने जीता यूईएफए नेशंस लीग का खिताब

- शूटआउट में स्पेन को हराकर दूसरी बार हासिल की ट्रॉफी

**म्यूनिख, एजेंसी**

पुर्तगाल ने स्पेन को शूटआउट में हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ वह दो बार यह कारनामा करने वाली पहली टीम बन गई है। म्यूनिख फुटबॉल एरिना में रविवार रात खेले गए फाइनल में दोनों टीमों के बीच अतिरिक्त समय के बाद मुकाबला 2-2 से बराबरी रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने स्पेन पर 5-3 से जीत दर्ज कर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया।

40 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और नेशंस लीग फाइनल में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। स्पेन के लिए पहले हाफ में मार्टिन जुबिमेंडी ने 21वें मिनट में गोलकर अपनी टीम बढ़त दिलाई। इसके पांच मिनट बाद पुर्तगाल के नूनो मेंडेस अपने पहले अंतरराष्ट्रीय गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मिकेल ओयार्जाबल ने पेड्री के पास को गोल में बदलकर स्पेन को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में रोनाल्डो मैच के 61वें मिनट मे गोलकर पुर्तगाल को 2-2 बराबरी पर ला दिया। यह रोनाल्डो का 938वां गोल था। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पायी। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद हुये शूटआउट में पुर्तगाल ने पांच और स्पेन ने तीन गोल किये। पेनल्टी शूटआउट में गोंसालो रामोस ने पुर्तगाल की ओर से पहला, विटिना ने दूसरा गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस ने तीसरा गोल किया। चौथा गोल नूनो मेंडेस के हिस्से में आया। पुर्तगाल की ओर से रूबेन नेवेस ने पांचवां गोलकर अपनी टीम को 5-3 से जीत दिला दी। स्पेन के लिए मेरिनो, एलेक्स बेना और इस्को ने गोल किए।




जर्मनी के म्यूनिख में पुर्तगाल की टीम ट्राफी के साथ जश्न मनाती हुई। ● एजेंसी



क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

### एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग से चुनौती

**कोवलून (हांगकांग) :** टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम एएफसी एशियाई कप फुटबॉल 2027 के तीसरे दौर के क्वालीफायर मैच में मंगलवार को हांगकांग से खेलेगी तो यह चुनौती भी उसके लिए आसान नहीं होगी।

स्थानीय मीडिया रपटों के अनुसार मैच के 50 हजार टिकट बिक चुके हैं जो हांगकांग फुटबॉल में एक नया रिकॉर्ड है। मनोलो मार्केज की टीम का सामना ऐसी हांगकांग टीम से है जिसके मैनेजर एशले वेस्टवुड हैं और जो भारतीय फुटबॉल के बारे में काफी कुछ जानते हैं। वह 2013 से 2016 तक बेंगलुरू एफसी के कोच रहे जिसके बाद एटीके और राउंडग्लास पंजाब एफसी के भी कोच रहे। विश्व रैंकिंग में 127वें स्थान पर काबिज भारत ने मार्च में बांग्लादेश से ड्रॉ खेला था।

गर्मी से राहत



दिल्ली के कई इलाके भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, इसके बावजूद सोमवार को चाणक्यपुरी के संजय कैंप में पानी का टैंकर पहुंचा तो गर्मी से परेशान बच्चे पीने के पानी का संकट भूलकर पानी से खेलने में मशगूल हो गए। एजेंसी

## कोई नहीं जानता...

# देश में गर्मी से कितनी मौतें..!

पिछले साल मई की तपती दोपहर में दिल्ली के गाजीपुर इलाके में एक कूड़ा बीनने वाला व्यक्ति गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर पड़ा। पेशे से सफाई कर्मचारी मजीदा बेगम ने उसे इस हालत में देखा और बताया कि परिवार उसे अस्पताल ले गया। लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। उनके पास इस बात का कोई सबूत नहीं था कि वह गर्मी के कारण मरा है, इसलिए उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला। उसकी मौत को कभी आधिकारिक तौर पर गर्मी से मौत के रूप में नहीं गिना गया। यह भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण मरने वाले अनगिनत लोगों में से एक मामला है, जो कभी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किए गए और न ही उन्हें कभी मुआवजा दिया गया।

### गर्मी से मौतों की निगरानी के तीन माध्यम

वर्तमान में तीन अलग-अलग आंकड़ों में लू और गर्मी से मौत के मामलों की निगरानी की जाती है। सबसे अधिक स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) और गृह मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े उद्धृत किए जाते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) भी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में लू या गर्म हवाओं के कारण होने वाली मौत के आंकड़े रखता है, जो मुख्य रूप से मीडिया में आई खबरों से प्राप्त आंकड़े होते हैं।

### कोई भी निगरानी सटीक नहीं

ये तीनों स्रोत व्यापक रूप से मौतों की अलग संख्याएं बताते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय से आरटीआई के जरिए प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के तहत 2015 से 2022 के बीच गर्मी से संबंधित मौत के 3,812 मामले दर्ज किए गए। एनसीआरबी के मुताबिक इसी अवधि में ये आंकड़ा 8,171 मौतों का है। इसी अवधि में आईएमडी की वार्षिक रिपोर्ट में लू से मौत के 3,436 मामले दर्ज हैं।

### राज्य नहीं देते आंकड़े

कई राज्यों ने अपने आंकड़े केंद्र के साथ साझा नहीं करते। इन राज्यों में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु शामिल हैं। इससे लू और गर्मी से होने वाली मौतों का सही आंकड़ा प्राप्त नहीं होता।



### अलग-अलग एजेंसियों के अलग-अलग आंकड़े

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक एनसीआरबी के आंकड़े काफी हद तक सार्वजनिक स्थानों, घरों और अन्य जगहों पर मृत पाए गए लावारिस लोगों की संख्या दर्शाते हैं। एनसीआरबी के अनुसार 2022 में लू/गर्मी से 730 लोगों की मौत हुई, 2021 में 374 और 2020 में 530 लोगों की मौत हुई। इसके विपरीत, एनसीडीसी के आंकड़ों के अनुसार 2022 में गर्मी से संबंधित मौत की संख्या केवल 33 है, 2021 में गर्मी से किसी की मौत नहीं हुई और 2020 में गर्मी के कारण चार लोगों की मौत हुई।

### रिपोर्टिंग के लिए पर्याप्त तंत्र नहीं

दिल्ली में केंद्र सरकार संचालित एक अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर के मुताबिक अधिकतर अस्पतालों में कर्मचारियों की कमी से उचित डाटा संग्रह और रिपोर्टिंग में बाधा आती है। मई में इंडिया हीट समिट 2025 में स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहकार सौम्या स्वामीनाथन ने भी देश की मृत्यु-रिपोर्टिंग प्रणालियों की कमियों को उजागर किया था।

## एक नजर

### सऊदी अरब ने भारतीयों पर नहीं लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब द्वारा भारतीय यात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। सूत्रों ने आज यहां कहा कि सऊदी अरब की यात्रा करने वाले भारतीयों पर किसी भी प्रतिबंध के बारे में रिपोर्ट गलत है। सऊदी सरकार ने इस मामले में कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। सूत्रों ने बताया कि हर साल हज के दौरान भीड़भाड़ से बचने के लिए अल्पकालिक वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाता हैं, जो हज के समापन के साथ समाप्त होता है। इस साल भी वही किया गया है।

### सिंगापुर: चोरी करते पकड़ी गईं दो भारतीय महिलाएं

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर अलग-अलग दुकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में दो भारतीय महिलाओं को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। 'स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार ने पुलिस के बयान का हवाला देते हुए बताया कि 29 और 30 साल की उम्र की इन महिलाओं ने दो जून को चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों महिलाओं को देश छोड़ने से पहले हिरासत में लिया गया।

### बम की धमकी, गल्फ एयर का विमान कुवैत में उतरा

**कुवैत सिटी।** कुवैत में गल्फ एयर के एक विमान को उडान भरने के कुछ समय बाद बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर लिया गया। विमान से सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। कुवैत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बयान में कहा कि उड़ान जीएफ213 के आगमन पर पूरी सुरक्षा जांच की गई और डीजीसीए और आंतरिक मंत्रालय के समन्वय में आपातकालीन प्रक्रियाएं सक्रिय की गईं। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### दिल्ली: से 66 अवैध बांग्लादेशी पकड़े गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने वजीरपुर और नयी सब्जी मंडी इलाकों में 66 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिनमें 20 पुरुष, 16 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल हैं। हिरासत में लिए गए ये लोग 11 परिवारों से हैं और राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे थे। एक गुप्त सूचना मिलने के बाद छह जून को अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार, ये विदेशी नागरिक हाल ही में हरियाणा के नूंह (पूर्व में मेवात) से यहां आए थे, जहां वे ईंट भट्ठों में काम करते थे।

# लॉस एंजिलिस: सैनिकों की तैनाती से भड़के प्रदर्शनकारी, वाहन फूंके

## हजारों प्रदर्शनकारियों ने हाईवे जाम किया, अफसरों ने दागे आंसू गैस के गोले

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

- आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ तीन दिन से प्रदर्शन जारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर लॉस एंजिलिस में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की असाधारण तैनाती को लेकर रविवार को तनाव और बढ़ गया, जहां हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए, उन्होंने एक प्रमुख राजमार्ग पर जाम लगा दिया और स्वचालित गाड़ियों में आगजनी की। स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाईं।

इस दौरान पुलिसकर्मियों को घोड़ों पर सवार होकर सड़कों पर गश्त करते देखा गया और शील्ड पहने कुछ पुलिसकर्मी संघीय केंद्रों की सुरक्षा के लिए तैनात सैन्य जवानों के पीछे खड़े देखे गए। सैन्य जवानों को उस हिरासत केंद्र की सुरक्षा में भी तैनात किया गया है जहां हाल के दिनों में कुछ अप्रवासियों को ले जाया गया था। पुलिस ने प्रदर्शन को गैरकानूनी सभा घोषित किया और शाम होते-होते कई प्रदर्शनकारी लौटने लगे लेकिन मौके पर डटे प्रदर्शनकारियों ने पास के एक पार्क से कुर्सियां लाकर एक अस्थायी अवरोधक बना दिया तथा दूसरी तरफ खड़े पुलिसकर्मियों पर वस्तुएं फेंकना शुरू कर दिया।

कुछ प्रदर्शनकारियों ने राजमार्ग 101 अवरुद्ध कर पुलिस पर पथराव किया और उनकी तरफ पटाखे फेंके, जिसके बाद खुद को बचाने के लिए पुलिसकर्मियों को एक पुल के नीचे छिपना पड़ा। आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ पिछले तीन दिन से प्रदर्शन किया जा रहा है। सेना के 300 जवानों की तैनाती के बाद स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है। नेशनल गार्ड के जवान सुबह से ही लॉस एंजिलिस में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर के बाहर बंदूकें लिए और शील्ड पहने खड़े हैं। प्रदर्शनकारियों ने सैन्य जवानों के खिलाफ 'शर्म करो' और 'वापस जाओ' के नारे लगाए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने सैन्य जवानों के करीब पहुंचने की कोशिश की लेकिन वर्दीधारी अधिकारियों ने उन्हें को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।



प्रदर्शनकारियों ने नेशनल गार्ड की तैनाती के विरोध में कई वाहनों में आग लगा दी।

### आव्रजन पर बढ़ते तनाव के बीच नए यात्रा प्रतिबंध लागू

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 12 अफ्रीकी और पश्चिम एशियाई देशों के नागरिकों के अमेरिका यात्रा करने पर लगाए गए नए प्रतिबंध सोमवार से प्रभावी हो गए। यह प्रतिबंध राष्ट्रपति के आव्रजन प्रवर्तन अभियान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच लगाया गया है। ट्रंप ने बीते बुधवार को इस नई घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। यह प्रतिबंध अफगानिस्तान, म्यांमा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन के नागरिकों पर लागू होते हैं। इसके अलावा बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला के उन नागरिकों पर भी सख्त शर्तें लागू की जाएंगी जो अमेरिका के बाहर हैं और जिनके पास वैध वीजा नहीं है।

कुछ ही मिनट बाद लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए भीड़ नियंत्रण हथियारों का इस्तेमाल किया। इसके बाद प्रदर्शकारियों ने राजमार्ग 101 पर यातायात जाम कर दिया, लेकिन बाद में 'कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल' के अधिकारियों ने उन्हें सड़क से हटा दिया, लेकिन दक्षिण की ओर जाने वाली लेन पर यातायात बंद है। पास में, कम से कम चार स्वचालित कारों में आग लगा दी गई, इलेक्ट्रिक वाहनों के जलने के साथ विस्फोट की आवाज भी सुनाई दी।

## जम्मू-कश्मीर में सैनिक ने खुद को गोली मारी, मौत

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग इलाके में एक शिविर में एक सैनिक ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला जिले के गुलमर्ग स्थित 9वीं राज राइफल कैंप के लांस नायक बनवार लाल सरन ने रविवार रात अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि राजस्थान के रहने वाले जवान की मौके पर ही मौत हो गई। शव को चिकित्सकीय और कानूनी औपचारिकताओं के लिए तंगमर्ग उप जिला अस्पताल ले जाया गया।

## समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ अमेरिकी विमान

**सैन डिएगो।** सैन डिएगो के निकट सागर तट से आठ किलोमीटर दूर समुद्र में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हादसे के वक्त विमान में छह लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर प्वाइंट लोमा के निकट मलबे का एक क्षेत्र पाया गया, जहां हादसाग्रस्त विमान की तलाश शुरू की गई।

# शिक्षा मद के 2291 करोड़ रोकने के मामले में तत्काल सुनवाई से सुप्रीम इन्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- तमिलनाडु सरकार का अनुरोध शीर्ष कोर्ट ने ठुकराया

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर समग्र शिक्षा योजना (एसएसएस) की 2291.30 करोड़ रुपए की धनराशि रोकने का आरोप लगाते हुए उसका भुगतान करने का निर्देश देने की तमिलनाडु सरकार की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने मामले का विशेष उल्लेख करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन की तत्काल सुनवाई की दलीलें सुनने के बाद कहा, इसमें कोई जल्दबाजी नहीं है, इसे आंशिक कार्य दिवसों (ग्रीष्मकालीन अवकाश) के बाद इस पर सुनवाई की जा सकती है। तमिलनाडु सरकार ने लाखों बच्चों की पढ़ाई के नुकसान का हवाला देते हुए याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था।

अपनी याचिका में उसने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और पीएम श्री के कार्यान्वयन न करने के कारण के केंद्र सरकार एसएसएस के तहत तमिलनाडु को मिलने वाली धनराशि रोक रही है। राज्य की द्रमुक सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर अपनी मूल याचिका में उसने केंद्र सरकार को 2,291.30 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की, जिसमें एक मई, 2025 से लेकर डिक्री की प्राप्ति तक 2,151.59 करोड़ रुपये की मूल राशि पर छह फीसदी प्रति वर्ष ब्याज शामिल है।

### ठग लाइफ: कर्नाटक थिएटर एसोसिएशन से कहा- हाईकोर्ट जाएं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के सिनेमाघरों में कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की स्क्रीनिंग के लिए सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर भी तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कर्नाटक के थिएटर एसोसिएशन से कहा कि वे इसके बजाय कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख करें। याचिकाकर्ता के वकील ने सिनेमाघरों में आग लगाने की धमकियों का जिक्र किया। मगर न्यायमूर्ति मिश्रा ने तत्काल सुनवाई से इन्कार करते हुए कहा, अग्निशामक यंत्र लगाएं।

# रूस ने यूक्रेन पर बमबारी के लिए एक रात में 479 ड्रोन से किया बड़ा हमला

**कीव, एजेंसी**

यूक्रेनी वायु सेना ने सोमवार को कहा कि रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया जिसके तहत बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। वायु सेना के अनुसार, ड्रोन के अलावा यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न प्रकार की 20 मिसाइलें दागी गईं।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि हमले के दौरान मुख्य रूप से यूक्रेन के मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। वायु सेना के एक बयान में कहा गया है कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने 277 ड्रोन और 19 मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। बयान में दावा किया गया कि केवल 10 ड्रोन या मिसाइल ही अपने लक्ष्य तक पहुंच सके। लेकिन इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।

रूस के हवाई हमले आमतौर पर देर शाम को शुरू होते हैं और सुबह खत्म होते हैं, क्योंकि अंधेरे में ड्रोन को पहचानना मुश्किल होता है। रूस ने तीन साल से ज्यादा समय से जारी युद्ध के दौरान लगातार यूक्रेन के नागरिक इलाकों में शाहिद ड्रोन से हमला किया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इन हमलों में 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं। रूस का कहना है कि वह सिर्फ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाता है।

### अमेरिका के दिए 26 अब्राम टैंकों को रूस ने किया नष्ट

**मास्को।** रूसी सशस्त्र बलों ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दिए गये 31 अब्राम टैंकों में से अबतक 26 को नष्ट कर दिया है। यह जानकारी स्पूतनिक ने सोमवार को दी। जनवरी 2023 में, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को 31 एम1 अब्राम टैंक देने की घोषणा की थी। स्पूतनिक की गणना के अनुसार, रूसी सेना ने फरवरी 2024 से अब तक 26 टैंकों को नष्ट कर दिया है। इस तरह के पहले टैंक को 26 फरवरी, 2024 को अवदेयेवका दिशा में त्सेंट्र समूह की सेनाओं ने नष्ट कर दिया था। अब्राम्स अमेरिका का मुख्य युद्धक टैंक है। एम1 जनरल अब्राम्स का लगातार उत्पादन 1980 में शुरू हुआ था। इस टैंक का नाम जनरल क्रेयटन अब्राम्स के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एक टैंक बटालियन की कमान संभाली थी।

## एक्सिओम-4 मिशन 11 जून तक स्थगित

**नई दिल्ली।** इसरो ने सोमवार शाम को बताया कि मौसम की स्थिति के कारण भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन को 11 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

आईएसएस की यात्रा के लिए कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन-9 रॉकेट को मंगलवार शाम को अमेरिका में फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरनी थी। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा, मौसम की स्थिति के कारण, भारतीय गगनयात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजने के लिए एक्सिओम-4 मिशन का प्रक्षेपण 10 जून 2025 के बजाय 11 जून 2025 के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# केरल तट के पास जहाज में आग लगी

- चालक दल के 22 में 18 सदस्यों ने जहाज छोड़ा

**कोच्चि, एजेंसी**

सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज एमवी वान हाई 503 पर सोमवार सुबह केरल तट के पास आग लगने की सूचना मिलने के बाद चालक दल के सदस्यों को उससे निकाला जा रहा है। एक रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि जहाज एमवी वान हाई 503 पर सवार चालक दल के 22 सदस्यों में से 18 ने जहाज छोड़ दिया है, भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने उनका बचाव अभियान शुरू किया है।

जनसंपर्क अधिकारी ने कहा, जहाज में अभी आग लगी हुई है और वह बिना नियंत्रण के गतिमान है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारतीय तटरक्षक जहाज सचेत, अर्नवेश, समुद्र प्रहरी, अभिनव, राजदूत और सी-144 बचाव अभियान में शामिल हैं। अधिकारियों ने पहले कहा था कि जहाज एमवी वान हाई 503 पर विस्फोट की सूचना मिली है, लेकिन बाद में स्पष्ट किया कि उस पर आग लगी है।



सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज में आग लगने के बाद उठता काला धुआं।

### बचाव के लिए भेजा गया आईएनएस सूरत

पीआरओ ने बताया, नौ जून को सुबह लगभग 10:30 बजे, एमओसी (कोच्चि) को एमओसी (मुंबई) से जहाज के निचले डेक पर आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद भारतीय नौसेना ने तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए आईएनएस सूरत को उस जगह रवाना किया, जो कोच्चि में लंगर डालेगा। पीआरओ ने कहा कि नौसेना की पश्चिमी कमान ने पूर्वाह्न 11 बजे पोत को घटना वाली जगह की ओर रवाना किया।

# इजराइली सेना ने गाजा में मानवीय सहायता ले जा रहे जहाज को रोका

**यरुशलम, एजेंसी**

- ग्रेटा धनबर्ग समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

इजराइल की सेना ने सोमवार की सुबह गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए जा रहे एक जहाज को रोक दिया और उसमें सवार सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने और इजराइली नाकाबंदी तथा युद्ध में उसके आचरण का विरोध करने और फलस्तीनियों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए ये यात्रा शुरू की थी। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' ने आरोप लगाया कि सामाजिक कार्यकर्ताओं का इजराइली सेना ने अपहरण कर लिया है और उसने उनके पहले से रिकॉर्ड किए गए संदेश जारी किए।

संगठन ने कहा, जहाज पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया। जहाज के निहत्थे असैन्य चालक दल के सदस्यों का अपहरण कर लिया गया और इस पर मौजूद जीवन रक्षक राहत सामग्री जैसे कि शिशु फॉर्मूला, भोजन और चिकित्सा आपूर्ति को जब्त कर लिया गया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने यात्रा को एक 'जनसंपर्क का हथकंडा' बताया और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सेलिब्रिटी लोगों का 'सेल्फी जहाज' सुरक्षित रूप से इजराइल के तट पर पहुंच रहा है।

### इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्लाह सदस्य की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में चेहाबियह-कफ़र दोनिन सड़क पर रविवार को एक मोटरसाइकिल को निशाना बनाकर किए गए इज़रायली हवाई हमले में एक हिज़बुल्लाह सदस्य की मौत हो गई और तीन लेबनानी नागरिक घायल हो गए। एक लेबनानी सुरक्षा सूत्र ने पुष्टि की कि पीड़ित की पहचान चेहाबियह शहर के हिज़बुल्लाह सदस्य अली शफ़ीक क़ान्सो के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि हवाई हमले के समय तीन नागरिक वहाँ से गुज़र रहे थे। लेबनान के नागरिक सुरक्षा के एक सूत्र ने बताया कि बचाव दल ने पीड़ित के शव और तीन घायल व्यक्तियों को दक्षिणी शहर टायर के एक अस्पताल में पहुंचाया है।

## आतंकी तहव्वुर राणा को मिली फोन पर परिजनों से बातचीत की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जेल में बंद मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को अपने परिवार के सदस्यों से फोन पर बात करने की सोमवार को अनुमति दे दी। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी।

न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी। अदालत ने सोमवार से 10 दिन के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी देने को कहा है। राणा को नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं, न्यायाधीश ने इस पर जेल अधिकारियों को अपना रुख स्पष्ट करने के लिए एक रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश दिया।

सर्वेक्षण — हिमाचल की राजधानी में गंभीर गुर्दा रोग (सीकेडी) के मामले करीब 40 प्रतिशत तक पहुंचे


# शिमला में गुर्दा रोगियों की संख्या चिंताजनक स्तर पर

**शिमला, एजेंसी**

भारत में विशेष तौर पर हिमाचल प्रदेश में 'गंभीर गुर्दा रोग' (सीकेडी) के बढ़ते मामले गहरी चिंता का कारण बन रहे हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अनुसंधान विभाग के प्रोफेसर डॉ. आरएस रांटा की देखरेख में मेडिकल छात्रों की ओर से हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार इस रोग के सबसे ज्यादा मामले शिमला जिले में सामने आए हैं। यहां इस रोग के सबसे अधिक 39.9 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए हैं।

वर्ष 2014 से 2023 के बीच इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) शिमला में इलाज कराने वाले 2,609 रोगियों के आंकड़ों पर आधारित यह अध्ययन आईजीएमसी के छात्रों ने नेफ्रोलॉजी विभाग के सहयोग से किया गया है। आईजीएमसी में नेफ्रोलॉजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. कामाक्षी ने बताया कि सीकेडी मुख्य रूप से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, रक्त में यूरिया के स्तर में वृद्धि और मूत्र में प्रोटीन रिसाव के कारण होता है। शिमला के अलावा सीकेडी के मामले मंडी (14.5 प्रतिशत), सोलन (10 प्रतिशत), और कुल्लू (8.6 प्रतिशत) में भी सामने आए हैं।

लाहौल-स्पीति में इस रोग का अभी ज्यादा प्रकोप नहीं फैला है। यहां इसका सबसे कम प्रतिशत दर्ज किया गया। एकत्रित आंकड़ों ने क्षेत्र में लिंग असमानता को भी उजागर किया, जिसमें 60.2 प्रतिशत रोगी पुरुष और 39.8 प्रतिशत महिलाएं थीं। इस रोग का प्रकोप 57 वर्ष से अधिक आयु के रोगियों में ज्यादा पाया गया और इनका प्रतिशत 68 प्रतिशत से अधिक रहा। चौंकाने वाली बात यह है कि 17 प्रतिशत रोगियों का इलाज उनके गुर्दे के काम करना बंद करने के अंतिम चरण में किया गया।



- मंडी, सोलन और कुल्लू जिलों में भी गुर्दा रोगियों की भारी तादाद

### डॉक्टरों की चेतावनी, सीकेडी का ये विकराल रूप

डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अनियमित जीवन शैली, इलाज में देरी और जागरूकता की कमी के कारण सीकेडी विकराल रूप में सामने आ रही है। डॉ. कामाक्षी ने बीमारी के प्रभाव को कम करने के लिए प्रारंभिक जांच, बेहतर आहार संबंधी आदतों और समय पर इलाज के महत्व पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने सीकेडी के मामलों में लगातार वृद्धि के कारण स्वास्थ्य विभाग से इसके रोकथाम के उपायों पर ध्यान देने और इस बाबत जागरूकता अभियान शुरू करने का आग्रह किया है। ये अभियान विशेष तौर पर उन जिलों में ज्यादा जोर-शोर से चलाने का अनुरोध किया गया है, जहां इसके ज्यादातर मामले सामने आए हैं।